जबलपुर
शनिवार, 30 दिसंबर 2023
- पौष मास कृष्ण पक्ष-4
- वर्ष : 18, अंक : 238
- पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 27
न्यून. 10

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



श्री रामलला की मूर्ति चयन को लेकर हुई वोटिंग

# तीन मूर्तिकारों में से एक का नाम पर्ची पर लिखकर दिया...योगीराज की प्रतिमा हो सकती है 'फाइनल'

## कर्नाटक के मैसूर के प्रसिद्ध शिल्पकार अरुण योगीराज द्वारा निर्मित श्री रामलला की मूर्ति पर सबकी नजर

## 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा होगी

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के लिए मूर्तियों के चयन को लेकर शुक्रवार को बैठक हुई। इस बैठक में ट्रस्ट के सभी सदस्य शामिल रहे और सबने अपने मत पर्ची पर लिखकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय को सौंप दिया। सूत्रों के अनुसार कर्नाटक के मैसूर के प्रसिद्ध शिल्पकार अरुण योगीराज द्वारा निर्मित रामलला की मूर्ति पर मुहर लग सकती है। गौर हो कि राम मंदिर में श्रीरामलला की अचल मूर्ति लगनी है। इसके लिए तीन मूर्तियों का निर्माण कराया गया है। इनमें से एक मूर्ति को गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा। इसके लिए शुक्रवार को बैठक हुई। गोविंद देवगिरी, कोषाध्यक्ष श्रीरामजन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट ने बताया कि सभी ने अपने-अपने मत पर्ची पर लिखकर दे दिए हैं।



### आज पीएम मोदी अयोध्या के नए एयरपोर्ट का करेंगे लोकार्पण

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अयोध्या को हजारों करोड़ की सौगात देंगे। इस दौरान वह यहां बने एयरपोर्ट का भी लोकार्पण करेंगे। नए एयरपोर्ट की शानदार तस्वीरें सामने आई हैं। यहां आते ही पूरी अयोध्या का लुक मिलता है। अयोध्या के नए एयरपोर्ट की तस्वीरें सामने आई हैं।*

पीएम मोदी भी कर चुके हैं तारीफ

### सुभाष चंद्र बोस की तीस फीट ऊंची प्रतिमा बनाई थी

*अरुण योगीराज ने सुभाष चंद्र बोस की 30 फीट ऊंची प्रतिमा बनाई थी। जिसे इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति स्थल के पीछे भव्य छतरी के नीचे पीएम मोदी ने स्थापित किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने जब सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित की थी उस दौरान मूर्तिकार अरुण योगीराज की भी तारीफ की थी। इतना ही नहीं अरुण योगीराज प्रधानमंत्री मोदी से भी मिल चुके हैं। इसके अलावा अरुण योगीराज ने केदारनाथ में आदि शंकराचार्य की 12 फीट ऊंची प्रतिमा बनाई थी जिसके बाद अरुण योगीराज चर्चा में आए।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### नीतीश बने जेडीयू अध्यक्ष ललन सिंह का इस्तीफा



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक बार फिर जेडीयू अध्यक्ष बन गए हैं। कई दिनों से चल रही अटकलें सच साबित हुईं। दिल्ली में जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में ललन सिंह ने पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफे की घोषणा करते हुए नीतीश से पार्टी की बागडोर संभालने का आग्रह किया। जिसे नीतीश कुमार ने आग्रह को स्वीकार कर लिया।

### 2 एडीजी, 13 आईजी और 14 डीआईजी का प्रमोशन



**भोपाल।** राज्य सरकार ने आईपीएस अफसरों के प्रमोशन का आदेश जारी कर दिया है। आईजी से एडीजी के पद पर 2 अफसरों को प्रमोट किया गया है। वहीं 13 डीआईजी अफसरों को आईजी बनाया गया है। इसके अलावा 14 एसपी स्तर के अफसरों को डीआईजी के पद पर प्रमोशन दिया गया है।

### पीसीसीएफ पाटिल बने वन महकमे के वन बल प्रमुख



**भोपाल।** मध्यप्रदेश वन महकमे के नए मुखिया पीसीसीएफ (वन बल प्रमुख) अभय कुमार पाटिल होंगे। पाटिल भारतीय वन सेवा के 1986 बैच के अफसर हैं। अभी वे मप्र राज्य वन विकास निगम में एमडी के पद पर पदस्थ है। उनकी पदस्थापना एक जनवरी से प्रभावी होगी। वन बल प्रमुख के पद पर असीम श्रीवास्तव पदस्थ हैं। वे 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

*गुना बस हादसा : मृतकों की पहचान के लिए शवों में से फीवर बोन (कूल्हे के नीचे वाली हड्डी) और सॉफ्ट टिश्यू के सैंपल लिए*

# शवों के सैंपल लिए... दो दिन में आएगी इनकी डीएनए रिपोर्ट

आरोपी बस संचालक फरार, धरपकड़ के लिए टीमों की दबिश



*उन 13 परिवारों के आंसू फिलहाल नहीं रुक रहे हैं जिनके अपनों का कोई अता-पता नहीं है। इन अपनों के शवों के उनको अवशेष भी मिल पाएंगे या नहीं? यह भी उनको नहीं पता। एक छोटी सी यात्रा इन अपनों की अंतिम यात्रा बन गई।*

आनंद सिंह लोढ़ा ▶▶ गुना

बस हादसे में जिंदा जले 13 लोगों की पहचान डीएनए रिपोर्ट से की जाएगी। इसके लिए उनके सैंपल लिए गए। इन 13 लोगों के परिवारों के भी दो-दो लोगों के सैंपल लिए गए हैं।

सैंपल कलेक्ट करने के बाद जांच के लिए ग्वालियर लैब भिजवा दिए हैं और दो दिन में रिपोर्ट आने की उम्मीद है। आरोपी बस ऑपरेटर भानु सिकरवार की धरपकड़ के लिए पुलिस की टीम दबिश दे रही है, लेकिन वह फरार हो गया है। उधर, ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग ने गुना में सिकरवार ट्रेवल्स की 6 बसों को जब्त किया है। इन बसों के पास न तो परमिट मिले और न ही बीमा।

सिकरवार ट्रेवल्स की 6 बसों को किया जब्त,उनका न परमिट था न ही बीमा

गुना में ऐसे रसूखदारों की कई बसें, अब सभी पर कसा जा रहा है शिकंजा



हड्डी से पता चलेगा, मृतक कौन?

पुलिस ने डीएनए की जांच करने फीवर बोन का सैंपल लिया है। यह वह हड्डी है, जो आसानी से जलती नहीं है और उसमें से डीएनए का आसानी से पता लगाया जा सकता है। किसी शव की पहचान में कोई दिक्कत न हो, इसलिए लापता व्यक्तियों के परिवारों से दो-दो लोगों के ब्लड सैंपल लिए हैं। इन सैंपलों की जांच ग्वालियर में होगी और दो दिन में रिपोर्ट आ सकती है।

### जब्त बसों के कोई कागजात नहीं मिले

उधर, परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस ने सिकरवार ट्रेवल्स की 5 बसों को जब्त किया है। मनोज वर्मा, डीएसपी ट्रैफिक ने बताया कि इसी के साथ इसी ट्रेवल्स की एक वीडियो कोच बस भी जब्त की गई है।

### टीम ने रात एक बजे तक सैंपल लिए

पुलिस ने मृतकों की पहचान के लिए शवों में से फीवर बोन (कूल्हे के नीचे वाली हड्डी) और सॉफ्ट टिश्यू के सैंपल लिए हैं। इसी के साथ 13 परिवारों में से दो दो लोगों के सैंपल भरे, जिन मृतकों के माता-पिता जीवित हैं, उनके सैंपल लिए हैं। किसी के माता-पिता नहीं हैं, तो उनके बच्चों और बच्चों के अभाव में उनके परिजनों (केवल ब्लड रिलेशन) वालों के सैंपल प्राप्त किए। टीम ने रात 1 बजे तक सैंपल लेने की कार्यवाही की है। दरअसल, जली अवस्था में जो शव रखे हैं, वे अधिकांश आरोन के हैं, जिन लोगों की पहचान नहीं हो पा रही है, वे चिंचित हैं और अपनों को लापता पाकर आंसू बहाने बेबस हैं। श्वेता गुप्ता, सीएसपी ने बताया कि आरोपी बस ऑपरेटर को गिरफ्तार करने के लिए टीम रवाना हो चुकी है, लेकिन पकड़ा नहीं जा सका है। बस और डंपर चालक को भी आरोपी बनाया है। उनकी पहचान नहीं हो सकी है।

### *बॉडी के टिश्यू से होगी मृत व्यक्ति की पहचान, रिपोर्ट में लग सकता है समय*

**फॉरेंसिक एक्सपर्ट बोले ...**




**भोपाल।** फोरेंसिक एक्सपर्ट का कहना है कि डीएनए इंसानी शरीर की एक बहुत ही जटिल संरचना होती है। क्राइम सीन पर क्रिमिनल की पहचान के लिए भी डीएनए टेस्ट की ही मदद ली जाती है। बॉडी के टिश्यू के हिस्से को जांच के लिए भेजा जाता है। राजीव गांधी की हत्या के बाद डीएनए टेस्ट कर पहचाना गया था। डीएनए की जांच करने के लिए सैंपल के तौर पर इंसान का खून, लार, थूक, नाखून, बाल, दांत, हड्डियां, यूरिन और वीर्य का इस्तेमाल किया जाता है। किसी भी इंसान का डीएनए सैंपल उसके दस्ताने, कपड़े, यंत्र, हथियार, टूल्स, मास्क, टोपी, सेक्सुअल असॉल्ट एविडेंस किट, अंडरगारमेंट्स, बिस्तर, गंदे कपड़ों, कटे हुए नाखून, कप, बॉटल, सिगरेट के बड्स, टूथपिक, टूथब्रश, चेहरा पोंछ कर फेंके गए रुमाल या नैपकिन, कंघी, कंडोम, चश्मा, लिफाफे आदि से लिया जा सकता है।

बड़े विभागों को लेकर नेतृत्व से राय- मशविरा किया

# सीएम के दिल्ली से लौटते ही मंत्रियों के विभागों का बंटवारा



अमित शाह से मुलाकात, नड्डा से भी मिलेंगे सीएम

वरिष्ठ-नए मंत्रियों के बीच संतुलन की कोशिश

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्य मंत्रिमंडल सदस्यों का विभागों को लेकर इंतजार कभी भी खत्म हो सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार से दिल्ली में हैं।

वहां से लौटने के बाद वे कभी भी विभागों का बंटवारा कर सकते हैं। दिल्ली में उनकी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात हो चुकी है। विभाग बंटवारे की सूची लगभग फाइनल है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलकर वे इसे कभी भी जारी कर सकते हैं। डॉ. यादव ने केंद्रीय नेतृत्व के साथ बड़े विभागों को लेकर राय-मशविरा किया।

### बड़े-छोटे विभागों को लेकर बनाया जाएगा संतुलन

मंत्रिमंडल में शामिल वरिष्ठ सदस्यों कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, राकेश सिंह, उदय प्रताप सिंह और संपतिया उइके के कारण विभाग वितरण में समस्या आ रही थी। केंद्रीय नेतृत्व चाहता है कि बड़े विभाग सिर्फ वरिष्ठों को नहीं, नए मंत्रियों को भी मिलें। इसलिए, बंटवारे में संतुलन बनाने की कोशिश की जा रही है। इसके तहत कुछ बड़े विभाग वरिष्ठों और कुछ नए मंत्रियों को दिए जा सकते हैं। इसी तरह कुछ कमजोर विभाग सीनियर और कुछ नए मंत्रियों को दिए जा सकते हैं।

### इन पूर्व मंत्रियों को भी अच्छे विभागों की उम्मीद

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सरकार में मंत्री रहे 6 सदस्यों को भी अच्छे विभाग मिलने की उम्मीद है । ये हैं विजय शाह, विश्वास सारंग, गोविंद सिंह राजपूत, तुलसीराम सिलावट, प्रद्युम्न सिंह तोमर और इंदर सिंह परमार। पूर्व सरकार में इन सभी के पास अच्छे और बड़े विभाग रहे हैं।

रैप सॉन्ग में महादेव के नाम पर विवाद

## पुजारियों ने कहा- राइटर और सिंगर माफी मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन



रैपर पैंथर और रागा के सॉन्ग 'गलत करम करे...' पर श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी और पुजारी महासंघ ने आपत्ति जताई है। 3 मिनट के इस गाने में आपत्तिजनक शब्दों के साथ गालियां हैं। इसके बीच महादेव का नाम भी लिया गया है। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने गाने में से महादेव का नाम तुरंत हटाने को कहा है। गाने पर बैन लगाने की मांग की है।

कोहरा इतना कि कोई दृश्यता नहीं

## खजुराहो में सबसे सर्द दिन शहडोल में सबसे सर्द रात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



शनिवार से राजधानी सहित प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाएंगे। रविवार को बारिश का अनुमान है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से शुक्रवार को बादलों का असर बढ़ने के साथ सर्द हवाओं से पूर्वी मप्र के सभी जिलों तथा पश्चिमी मप्र के कुछ हिस्सों में दिन के तापमान में तेजी से गिरावट रही। सतना, दमोह, टीकमगढ़ में अधिकतम पारा 4 से 6 डिग्री तक गिरकर औसतन 25 डिग्री तक रहा।

जोबट से किया गया था रेस्क्यू

## अलीराजपुर से लाए गए नर तेंदुआ शावक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल में उपचार के लिए अलीराजपुर से लाए गए एक नर तेंदुआ शावक की मौत हो गई। तेंदूए को सामान्य वनमंडल अलीराजपुर के जोबट परिक्षेत्र के ग्राम छोटा उण्डवा से रेस्क्यू कर अलीराजपुर डिपो परिसर में रखा गया था। शावक की अत्यंत कमजोर स्थिति को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर शावक को 23 अगस्त को वन विहार में उपचार के लिए लाया गया था।

## चार साल के बेटे ने दी मुखाग्नि, लोगों की आंखों में आंसू, गुमसुम देखता रहा मासूम

7 साल की बेटी बोली मैं भी बड़ी होकर सेना में शामिल होऊंगी

लेह में आतंकी मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुए थे और 26 दिसंबर को हुए शहीद



### सागर के शहीद बेटे को अंतिम विदाई

**सागर।** देश की रक्षा करने में अपने प्राणों की आहुति देने वाले राजेश यादव का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। राजेश के 4 साल के बेटे ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। यह दृश्य देखकर लोगों की आंखों में आंसू आ गए। वहीं, अंतिम संस्कार करने से पहले उन्हें सेना के जवानों ने बंदूकों से फायर कर शहीद को आखिरी सलामी दी गई।

*गांव भैंसोदा में गुरुकुल कॉलेज के पास हुआ भीषण हादसा*

## बस और एंबुलेंस में भिड़ंत, 108 के चालक व स्वास्थ्यकर्मी की मौत

बस सवार आधा दर्जन यात्रियों को भी चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव भैंसोदा में गुरुवार शाम गुरुकुल कॉलेज के पास बस और एंबुलेंस में भिड़ंत हो गई।

घटना के समय बस और एंबुलेंस दोनों ही रफ्तार में थी और एंबुलेंस में सवार ड्राइवर और स्वास्थ्यकर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिए है। हादसे में बस सवार आधा दर्जन यात्रियों को भी चोट आई है। इनमें एक महिला की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें भोपाल लाया गया है। पुलिस के अनुसार बैरसिया से भोपाल की तरफ आ रही सदगुरु ट्रेवल्स की बस और भोपाल से बैरसिया की तरफ जा रही 108 एंबुलेंस गुरुकुल कॉलेज के सामने मुख्य सड़क पर आमने सामने से भिड़ गई। हादसे के समय एंबुलेंस इवेंट पर जा रही थी और उसकी रफ्तार काफी तेज थी। इस हादसे में एंबुलेंस के चालक कमलेश (35) और स्वास्थ्यकर्मी नेतराम (30) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बस में बैठी आधा दर्जन सवारियां घायल हुई हैं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने प्राइवेट वाहनों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया पहुंचाया था।



मोदी सरकार ने भारतीय नौसेना में किया बड़ा बदलाव

अभी तक भारतीय नौसेना के अधिकारी अंग्रेजों के समय से चले आ रहे गुलामी के प्रतीकों को पहन रहे थे

# अब 'बदले' गए कंधों पर लगने वाले पटके शिवाजी महाराज की जल सेना से हैं प्रेरित

इस साल नौसेना दिवस पर पीएम मोदी ने एडमिरल के कंधों पर नए डिजाइन के एपोलेट्स की घोषणा की थी। इसके बाद 29 दिसंबर को नौसेना ने इन नए पटकों की झलक दिखाई है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बड़ी खबर

मोदी सरकार ने भारतीय नौसेना के स्वरुप में बड़ा बदलाव किया है। नौसेना के ध्वज के बाद अब अधिकारियों के कंधों पर लगने वाले पटकों के स्वरुप में बदलाव किया गया है। अभी तक भारतीय नौसेना के अधिकारी अंग्रेजों के समय से चले आ रहे गुलामी के प्रतीकों को पहन रहे थे।

### नए पटकों में क्या है?

**छत्रपति शिवाजी महाराज की नौसेना के निशान और उनकी मुद्रा से प्रेरित**



इसमें मुख्य रूप से पांच निशान। पहला गोल्डन नेवी बटन, दूसरा अशोक मुद्रा के साथ औक्टागन, तीसरा तलवार, चौथा टेलिस्कोप और पांचवां अधिकारियों की रैंक के हिसाब से जल सितारे लगे हुए हैं। इसमें रियर एडमिरल के पटके में दो सितारे होंगे लेकिन पटके की आउटलाइन काले रंग की होगी।

### नए पटकों के निशान क्या बताते हैं?

- ▶▶ *गोल्डन नेवी बटन : यह गुलामी की मानसिकता से बाहर निकलने की इच्छाशक्ति को दर्शाता है।*
- ▶▶ *औक्टागन : यह आठों दिशाओं को दिखाता है, ताकि चारो तरफ लंबे समय तक सतर्कता से नजर रखी जा सके।*
- ▶▶ *तलवार : शक्ति, राष्ट्रीय ताकत और युद्ध को लड़ने की क्षमता को दिखाता है। इसके साथ ही हर चुनौती का सामना कर उसे हराने की क्षमता को दर्शाता है।*
- ▶▶ *टेलिस्कोप : यह भारतीय जल सेना की दूरदृष्टि को दर्शाता है। यह लंबे समय तक हर मौसम में दुनिया में हो रहे बदलावों पर नजर रखने की क्षमता को दिखाता है।*

## गुजरात में 12वें दिव्य कला मेले का आयोजन

# देशभर के दिव्यांग उद्यमियों को बढ़ावा देने दिव्य कला मेला शुरू

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

दिव्यांग व्यक्तियों के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए दिव्य कला मेले का 12वां संस्करण शुक्रवार से गुजरात के सूरत में शुरू होने जा रहा है।

इसे सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश भर के दिव्यांग उद्यमियों और कारीगरों के उत्पादों और शिल्प कौशल को एक उचित मंच प्रदान करना है।

**खास बातें**

- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत किया जा रहा कार्यक्रम
- 10-दिवसीय कार्यक्रम में 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लोग आएंगे

### 100 दिव्यांग कारीगर और उद्यमी शामिल होंगे



29 दिसंबर से 7 जनवरी तक चलने वाले 10-दिवसीय कार्यक्रम में करीब 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 100 दिव्यांग कारीगर और उद्यमी शामिल होंगे। जिसमें होम डेकोर, कपड़े, स्टेशनरी, पर्यावरण,अनुकूल उत्पाद, पैकेज्ड फूड,ऑर्गेनिक उत्पाद,खिलौने,उपहार और आभूषण और क्लच बैग जैसे व्यक्तिगत सहायक उपकरणों सहित विविध उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा।

### पिछले साल की गई थी शुरुआत

2022 में शुरू हुआ कार्यक्रम का यह 12वां संस्करण है, जिसके पिछले संस्करण दिल्ली,मुंबई, भोपाल, गुवाहाटी, इंदौर, जयपुर, वाराणसी, सिकंदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और पटना जैसे प्रमुख शहरों में आयोजित किए गए थे। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 2023-2024 के दौरान देश भर के विभिन्न शहरों में 'दिव्य कला मेला' आयोजित करने की योजना बनाई है। मेलों का ब्रांडिंग, उत्पाद विकास और दिव्यांगजनों के उत्पादों को बाजार लाभ प्रदान करने में अहम योगदान है। इससे दिव्यांगों के कौशल को जनता तक पहुंचाना आसान हो जाता है।

### सांस्कृतिक गतिविधियां भी संचालित होंगी

इसमें न केवल उत्पादों का प्रदर्शन होगा,बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें दिव्यांग कलाकारों और जाने-माने कलाकार लोगों का मनोरंजन करेंगे। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होकर रात 9:00 बजे तक चलेगा,कार्यक्रम में विविध प्रकार के क्षेत्रीय व्यंजनों का स्वाद लेने का भी मौका मिलेगा। इस कार्यक्रम के उद्घाटन में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार के साथ-साथ कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहेंगे। 12वां दिव्य कला मेला-2023 दिव्यांग उद्यमियों की भावना, रचनात्मकता को उजागर करने वाला कार्यक्रम है।

**वोकल फॉर पर लोकल**

दिव्य कला मेला दिव्यांगजनों की शिल्प उत्पादों के क्रय-विक्रय और प्रदर्शन के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है,जो उन्हें आर्थिक सशक्तिकरण के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। जम्मू-कश्मीर, उत्तर पूर्वी राज्यों सहित देश के विभिन्न हिस्सों से जीवंत उत्पादों को एक साथ लाकर, यह आयोजन 'स्थानीय उत्पादों के लिए मुखर' पहल को बढ़ावा देता है।

## खबर संक्षेप

### राज्यसभा में आप के नेता नहीं बन पाएंगे चड्ढा




**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आप को झटका दिया है। उन्होंने आप संयोजक और सीएम अरविंद केजरीवाल के उस अनुरोध को मानने से इनकार कर दिया है जिसमें राघव चड्ढा को राज्यसभा में आप को नेता नियुक्त करने का अनुरोध किया था। चड्ढा को सदन का नेता नियुक्त करने एक पत्र भेजा गया था।

### 24 घंटे में कोरोना के 797 नए मामले मिले




**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मामलो में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 797 नए मामले सामने हैं। मरीजों की संख्या 4,091 दर्ज की गई है। इस साल 19 मई के बाद यह पहला मामला है जब एक दिन में कोरोना वायरस के सबसे अधिक मामले सामने आए हैं। मरीजों की बढ़ती हुई संख्या ने चिंता बढ़ा दी है।

### बम की अफवाह से मंगलुरू एपी पर हड़कंप



**मंगलुरु।** यहां के अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा पर एक हॉक्स ईमेल ने एयरपोर्ट पर बम होने की अफवाह ने हड़कंप मचा दिया। एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात प्रशासनिक अधिकारियों को भेजे एक ईमेल में दावा किया गया था कि एयरपोर्ट पर बम है जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने सघन तलाशी ली। 'फनिंग' नाम के एक व्यक्ति ने कई हवाई अड्डों पर इस तरह के कई ई-मेल भेजे थे।

### अनाकापल्ले में चार सदस्यों ने की आत्महत्या



**विशाखापत्तनम।** विशाखापत्तनम के अनाकापल्ले में एक ही परिवार के चार लोगों ने आत्महत्या कर ली। एक व्यक्ति अस्पताल में जीवन और मौत से जूझ रहा है। यह घटना उपनगरीय विशाखापत्तनम के अनाकापल्ले जिले में हुई। मृतकों की पहचान शिव रामकृष्ण, पत्नी माधवी और दो बेटियों के रूप में हुई है। तीसरी बेटी जिंदा है।

## असम सरकार और केंद्र के बीच उग्रवाद के खात्मे के लिए अहम कदम

# 40 साल बाद उल्फा ने डाले हथियार शाह की मौजूदगी में शांति समझौता लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह के मौजूदगी में यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असोम (उल्फा), असम सरकार और केंद्र के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। गृह मंत्री ने उल्फा के प्रतिनिधियों को इसका श्रेय देते हुए कहा कि उनके प्रयास की वजह से ही यह हो पाया है। उन्होंने कहा कि इस समझौते की सभी बातें समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएंगी। 12 साल से केंद्र सरकार अरबिंदा राजखोवा के नेतृत्व वाले गुट के साथ बातचीत कर रही थी।

उल्फा का एक गुट अब भी इस शांति समझौते का हिस्सा नहीं है। इसके हेड परेश बरुआ हैं। उल्फा के इस धड़े के 20 नेता बीते एक सप्ताह से दिल्ली में ही थे। उल्फा का एक गुट अनूप चेतिया गुट का है। यही समझौते में शामिल हुआ है। यह भारत सरकार की बड़ी सफलता है और उग्रवाद को खत्म करने की ओर बड़ा कदम है। 2011 के बाद से ही इस संगठन ने हथियार नहीं उठाए हैं। यह शांति समझौता इस प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। गृह मंत्री शाह ,असम के सीएम हेमंत विस्व सरमा, गृह सचिव अजय भल्ला असम के डीजीपी जीपी सिंह सहित उल्फा ग्रुप के सदस्य मौजूद रहे। पूर्वोत्तर में सशस्त्र उग्रवादी संगठनों से इस साल भारत सरकार का यह चौथा बड़ा समझौता है।

शाह ने कहा कि समझौते के सभी बिंदु समयबद्ध पूरे होंगे। 12 साल से केंद्र सरकार अरबिंदा राजखोवा के नेतृत्व वाले गुट के साथ बातचीत कर रही थी।

### गृहमंत्री ने उल्फा के प्रतिनिधियों को दिया इसका श्रेय

सभी बातें समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएंगी

सीएम सरमा,गृह सचिव भल्ला भी रहे मौजूद



**असम के लोगों की सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखा**

जानकारों के मुताबिक इस समझौते में कहा गया है कि असम के लोगों की सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखा जाएगा। इसके अलावा असम के लोगों के लिए रोजगार उपलब्ध करवाए जाएंगे। उल्फा में शामिल रहे लोगों को भी रोजगार दिए जाएंगे। सशस्त्र आंदोलन छोड़ने वाले उल्फा के सदस्यों को मुख्य धारा में लाने के लिए सरकार सहयोग करेगी।

**शाह ने कहा**

### असम के भविष्य के लिए यह ऐतिहासिक उज्ज्वल और खुशी का दिन

इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह मेरे लिए खुशी की बात है कि आज का दिन असम के भविष्य के लिए एक उज्ज्वल दिन है। लंबे समय तक, असम और पूर्वोत्तर को हिंसा का सामना करना पड़ा और 2014 में पीएम मोदी के पीएम बनने के बाद, दिल्ली और पूर्वोत्तर के बीच अंतर को कम करने के प्रयास किए गए। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में 9 शांति और सीमा संबंधित समझौते अलग-अलग राज्यों के पूरे नॉर्थ-ईस्ट में हुए हैं। इसके कारण नॉर्थ-ईस्ट के एक बड़े हिस्से में शांति की स्थापना हुई है।

**सरमा ने ऐतिहासिक बताया**

### पीएम मोदी और शाह का आभार, उग्रवाद समाप्त

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि आज असम के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में असम की शांति प्रक्रिया निरंतर जारी है। तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और तीन समझौतों के साथ असम में आदिवासी उग्रवाद समाप्त हो गया है।

### समझौते के प्रमुख बिंदु

- असम के लोगों की सांस्कृतिक विरासत बरकरार रहेगी
- असम के लोगों के लिए और भी बेहतर रोजगार के साधन राज्य में मौजूद रहेंगे
- इनके काडरों को रोजगार के पर्याप्त अवसर सरकार मुहैया करवाएगी
- उल्फा के सदस्यों को जिन्होंने सशस्त्र आंदोलन का रास्ता छोड़ दिया है उन्हें मुख्य धारा में लाने का भारत सरकार हर संभव प्रयास करेगी

### 1979 में बना था उल्फा

उल्फा असम में एक्टिव एक उग्रवादी संगठन है। परेश बरुआ ने साथी अरबिंद राजखोवा और अनूप चेतिया के साथ मिलकर 7 अप्रैल 1979 को इसका गठन किया था। इसका उद्देश्य असम को स्वायत्त और संप्रभु राज्य बनाना था। इस संगठन ने हथियार उठा लिए। 1990 में केंद्र की सरकार ने इसपर प्रतिबंध लगा दिया था। 1991 में इस संगठन के करीब 9 हजार लोगों ने सरेंडर कर दिया था। 2008 में राजखोवा को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। जब राजखोवा शांति समझौते की ओर बढ़े तो इस संगठन के दो धड़े हो गए।

## मंत्री डॉ. मांडविया ने एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं का किया उद्घाटन और रखी आधारशिला

# केंद्र और राज्य सरकारों के प्रयास अहम, चिकित्सा सेवाएं होंगी 'दृढ़'



◆ *केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने आंध्र प्रदेश में 7 एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं का उद्घाटन किया...*

एजेंसी ▶▶ विजयवाड़ा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के विभिन्न जिलों में सात एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं का उद्घाटन किया।

उन्होंने विजयवाड़ा में दो क्रिटिकल केयर ब्लॉक और एक बॉयोसेफ्टी लेवल-3 (बीएसएल-3) प्रयोगशाला की आधारशिला भी रखी, जिसका उद्देश्य राज्य में स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देना है।मांडविया ने अधिकारियों और मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, बीएसएल प्रयोगशाला, सात एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाएं और दो महत्वपूर्ण देखभाल ब्लॉक एक बार चालू होने के बाद आंध्र प्रदेश के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देना हमारा लक्ष्य

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार देश में स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे को उन्नत और विस्तारित करके स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपना रही है, जिसमें अधिक मेडिकल और नर्सिंग कॉलेजों का निर्माण भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अब 23 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) हैं जबकि एमबीबीएस और नर्सिंग सीटें दोगुनी हो गई हैं। मांडविया ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के सामूहिक प्रयास देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए अहम हैं।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा**

### हेल्थ कैंपों से अब तक 2 करोड़ लोग लाभान्वित

विकसित भारत संकल्प यात्रा ( अब तक 1 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों में पहुंच चुकी है और इनमें भाग लेने वालों की कुल संख्या 2 करोड़ से अधिक है। इस यात्रा के तहत सिकल सेल रोग के लिए 8.5 लाख से अधिक लोगों की जांच की गई और 27,630 से अधिक लोगों को उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में भेजा गया।अब तक 1,08,500 ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों में संचयी पैदल यात्रियों की संख्या 2,10,24,874 तक पहुंच गई है।

## भजनलाल सरकार का मंत्रिमंडल का विस्तार आज



**नई दिल्ली।** राजस्थान में मंत्रिमंडल के विस्तार का इंतजार अब खत्म होने वाला है। शनिवार को राजभवन में दोपहर 3:30 बजे कई विधायक मंत्री पद की शपथ लेंगे।

इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अलावा डिप्टी सीएम दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा शपथ ले चुके हैं। राजस्थान में कुल 33 मंत्री बनाए जा सकते हैं। मंत्रियों के नाम की लिस्ट गृहमंत्री अमित शाह के पास है। सीएम भजनलाल शर्मा अमित शाह से मुलाकात कर मंत्रियों के नाम पर चर्चा करेंगे। सीएम भजनलाल शाह से चर्चा कर नाम फाइनल करेंगे। इसके बाद विधायकों के पास फोन जाने शुरू हो जाएंगे। माना जा रहा है कि शाह ही मंत्रियों के नाम पर अंतिम मुहर लगाएंगे।

## आइस-स्केटिंग रिंक



**शिमला।** शिमला के लक्कड़ बाजार में शुक्रवार को एक आइस-स्केटिंग रिंक पर लोग।

# उत्तर भारत में छाएगा कोहरा, बारिश के बाद पड़ेगी और कड़ाके की सर्दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली-एनसीआर सहित पूरे उत्तर भारत में घना कोहरा है। विजिबिल्टी रात में कुछ स्थानों पर जीरो तक हो जाती है।

मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा सहित तमाम उत्तर भारत में कोहरे का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि अगले एक सप्ताह के दौरान हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर में बर्फबारी की संभावना है। 31 से 2 जनवरी तक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते बारिश की संभावना है। कड़ाके की सर्दी पड़ सकती है।

**मौसम विभाग ने दिया पूर्वानुमान**



### पूरे उत्तर भारत में कोहरे से निजात नहीं

उन्होंने कहा कि पूरे नॉर्थ-वेस्ट पंजाब हरियाणा राजस्थान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में घना कोहरा छाया रहेगा। कोहरा बढ़ता है तो तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं होती है। मौसम में बदलाव संभव है।

### कई जगहों पर होगी बर्फबारी

फिलहाल मौसम में बदलाव की ज्यादा संभावना नहीं है, लेकिन जैसे-जैसे जनवरी का फर्स्ट वीक आएगा, ठंड भी बढ़ती चली जाएगी। बर्फबारी का अलर्ट जारी नहीं किया गया है लेकिन जम्मू कश्मीर, हिमाचल उत्तराखंड में इसकी जरूर संभावना है।

## कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया का दावा

# हिंदुत्व, हिंदुत्व है और मैं एक हिंदू हूं, हिंदुत्व और हिंदू दोनों अलग हैं

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने दावा किया कि हिंदुत्व विचारधारा और हिंदू आस्था के बीच अंतर होता है। बेंगलुरु में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा हिंदू और हिंदुत्व दोनों अलग-अलग हैं। इसको लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है।

सीएम ने सॉफ्ट हिंदुत्व का जिक्र करते हुए कहा, यह सॉफ्ट हिंदुत्व और हार्ड हिंदुत्व किया होता? हिंदुत्व, हिंदुत्व है। मैं एक हिंदू हूं। हिंदुत्व अलग है और हिंदू अलग है। उन्होंने कहा कि क्या हम राम की पूजा नहीं करते हैं? क्या भाजपा ही एकमात्र राम की पूजा के मानने वाले हैं? क्या हमने राम मंदिर नहीं बनाए हैं? क्या हम राम भजन नहीं गाते हैं?

### क्या हम हिंदू नहीं हैं?

एक रिपोर्ट के मुताबिक सिद्धारमैया ने कहा कि लोग दिसंबर के आखिरी सप्ताह में भजन गाते हैं। मैं अपने गांव में उस परंपरा में हिस्सा लेता था। यह परंपरा अन्य गांवों में भी प्रचलित है। क्या भाजपा अकेले हैं? क्या हम हिंदू नहीं हैं?

**भाजपा ने किया पलटवार**

### सिद्धारमैया तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे, हिंदुत्व पर स्पष्ट नहीं

सिद्धारमैया के बयान को लेकर भाजपा नेता सीएन अश्वथ नारायण ने तुरंत पलटवार करते हुए कहा कि सिद्धारमैया और कांग्रेस को भारत या हिंदुत्व जैसे मुद्दों को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है। इतना ही नहीं उन्होंने सीएम पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप भी लगाया।

## गठबंधन में तनातनी, ममता और उद्धव का अलग-अलग राग

# सीट शेयरिंग फॉर्मूले पर कांग्रेस अगले हफ्ते करेगी चर्चा

### खरगे ने लोकसभा चुनाव जीतने को पहली प्राथमिकता बताई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस जल्द दूसरे दलों के साथ चर्चा शुरू करेगी। बताया जा रहा है कि जनवरी के पहले हफ्ते में ही कांग्रेस विपक्षी दलों के साथ बैठक करेगी और सीट शेयरिंग फॉर्मूले पर बात करेगी।

लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ बने 28 दलों के गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर अब तक चर्चा नहीं हो पाई है। हालांकि, दिल्ली की बैठक में सीएम द्वय ममता बेनर्जी और अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम विपक्ष के पीएम चेहरे के तौर पर आगे रखा था। खरगे ने कहा था कि गठबंधन की पहली प्राथमिकता लोकसभा चुनाव जीतना है।



### कांग्रेस का उद्धव गुट को जवाब

उद्धव गुट की ओर से किए गए सीटों पर दावे पर कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने तीखा बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि अगर हम 48 में से आपको (यूबीटी शिवसेना) 23 सीटें देंगे तो हम कहां से लड़ेंगे? असली सच्चाई यह है कि पिछले एक साल में, शिवसेना टूट गई और कई प्रमुख नेताओं ने पार्टी छोड़ दी। यही स्थिति एनसीपी की भी है।

**ममता की हुंकार**

### बंगाल में अकेले चुनाव लड़ेगी टीएमसी

ममता बेनर्जी ने साफ कर दिया कि बंगाल में वे किसी के साथ गठबंधन नहीं करेंगी। गठबंधन भाजपा के खिलाफ पूरे देश में लड़ेगा, लेकिन बंगाल में वह अकेली लड़ेंगी। वे न तो कांग्रेस और न ही वाम दलों के साथ गठबंधन करेंगी। ममता ने बंगाल में वाम दलों और कांग्रेस पर भाजपा के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि भाजपा विपक्षी दलों के नेताओं पर 'चोर' का ठप्पा लगा रही है।

**उद्धव गुट में भी खींचतान**

### 23 सीटों पर अड़ी उद्धव की शिवसेना

लोकसभा की सीटों के बंटवारे पर विपक्षी गठबंधन के दलों के बीच खींचतान शुरू हो चुकी है। उद्धव की शिवसेना महाराष्ट्र की 23 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने पर अड़ी है। संजय राउत ने कहा है कि शिवसेना मतलब महाराष्ट्र की सबसे बड़ी पार्टी। उन्होंने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं से हमारी बातचीत चल रही है। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से बात हो रही है।

पाक सेना का शारदा पीठ पर कब्जा

# 'शारदा बचाओ समिति' ने पीएम मोदी से लगाई मदद की गुहार

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

पाकिस्तानी सेना के पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में शारदा मंदिर परिसर पर कब्जा किए जाने के मामले को लेकर 'शारदा बचाओ समिति' ने रोष जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मदद की गुहार लगाई। एसएससी के संस्थापक रविंदर पंडिता ने आरोप लगाया कि पाकिस्तानी सेना ने शारदा मंदिर परिसर पर कब्जा किया था और समिति के पक्ष में कोर्ट के आदेश के बावजूद वहां पर कॉफी होम बनाया है। पंडिता ने शुक्रवार को पाकिस्तान सेना के अधिक्रमण को हटाने के लिए भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मदद की गुहार लगाई, ताकि मंदिर के जीर्णोद्धार का मार्ग प्रशस्त किया जा सके।




## सुप्रीम कोर्ट ने समिति के पक्ष में सुनाया फैसला

*एसएससी के संस्थापक रविंदर पंडिता ने आरोप लगाया कि पाक सेना ने शारदा मंदिर परिसर पर कब्जा किया था और समिति के पक्ष में कोर्ट के आदेश के बावजूद वहां पर 'कॉफी होम' बनाया है। उन्होंने कहा कि शारदा बचाओ समिति ने पीएम नरेंद्र मोदी से पाक सेना द्वारा हाल ही में शारदा पीठ परिसर में बनाए गए कॉफी होम को हटाने और कब्जा करने का मुद्दा उठाने का अनुरोध किया। यह तीन जनवरी, 2023 को पीओके के सुप्रीम कोर्ट को ऐतिहासिक आदेश के बावजूद है।*

### यूनेस्को हेरिटेज साइट घोषित करे

रविंदर पंडिता ने शारदा पीठ को यूनेस्को हेरिटेज साइट घोषित करने की मांग की। उन्होंने तीर्थयात्रियों और सैलानियों को टीटवाल में नवनिर्मित शारदा मंदिर और एक सिख गुरुद्वारे के बारे में पूरी जानकारी और कहा यात्रा गाइड की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से एक वेबसाइट शुरू की गई है। 1947 में जिस स्थान पर शारदा मंदिर और गुरुद्वारा था उसी स्थान पर दोबारा से दोनों धार्मिक ढांचे बनाए गए हैं।

## एलओसी तक करेंगे मार्च

पंडिता ने कहा कि अगर पाकिस्तान के अधिकारियों और उनकी सेना ने कॉफी होम को नहीं हटाया तो हम नियंत्रण रेखा (एलओसी) तक मार्च करने और उसे पार करने का आह्वान करेंगे। साथ ही उन्होंने सभी शारदा समर्थकों को इस मार्च के लिए तैयार रहने की हिदायत दी।

### 18 महाशक्ति पीठों में से एक

*शारदा पीठ, 18 महाशक्ति पीठों में से एक है। कहा जाता है कि इस मंदिर को 2400 साल पहले मगध सम्राट अशोक ने 237 ईसा पूर्व में बनवाया था। यह मंदिर विद्या की देवी सरस्वती को समर्पित है। एक समय यह हिंदुओं और बौद्ध धर्म के लोगों के लिए शिक्षा का बड़ा केंद्र था।*

### मंदिर खोलने की मांग

पंडिता ने कहा कि पीओके में रह रहे नागरिकों ने भी इस मुद्दे और बाउंड्री वॉल को हुए नुकसान के बारे में एसएससी के साथ मिलकर अपनी आवाज बुलंद की। रविंदर पंडिता ने मांग की कि श्रद्धालुओं के तीर्थयात्रा पर जाने के लिए शारदा पीठ को फिर से खोला जाए।

### पाक को बलूच प्रदर्शनकारियों का अल्टीमेटम

*इस्लामाबाद। पाकिस्तान में बलूच प्रदर्शनकारियों ने लोगों को जबरन गायब करने और गैर-न्यायिक हत्याओं को रोकने की मांग करते हुए सरकार को सात दिन का अल्टीमेटम जारी किया। बलूच यकजेहती कमेटी ने हिरासत में लिए गए सभी प्रदर्शनकारियों की तत्काल रिहाई और उनके खिलाफ आरोपों को रद्द करने का भी आह्वान किया।*




## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस साल मंदिर का वर्चुअल उद्घाटन किया था

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 22 मार्च 2023 को शारदा देवी मंदिर का वर्चुअल उद्घाटन किया था। उन्होंने कहा था कि अनुच्छेद 370 निरस्त होने के बाद इस केंद्र शासित प्रदेश में पुरानी परंपराओं, संस्कृति और 'गंगा जमुनी तहजीब' की वापसी हो रही है। उन्होंने कहा कि शारदा पीठ भारत की सांस्कृतिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक विरासत का ऐतिहासिक केंद्र रहा है। मोदी सरकार करतारपुर कॉरीडोर की तरह शारदा पीठ को भी श्रद्धालुओं के लिए खोलने की दिशा में आगे बढ़ेगी।



### सरकार का दुश्मनों की तरह व्यवहार

*आंदोलनकारी महरंग बलूच ने गुरुवार को कहा कि सरकार प्रदर्शनकारियों के साथ दुश्मनों की तरह व्यवहार कर रही है। महरंग ने संयुक्त राष्ट्र की भागीदारी का प्रस्ताव देते हुए बलूचिस्तान में मानवाधिकारों के उल्लंघन की विस्तृत जांच का आह्वान किया।*

## खबर संक्षेप


### पुतिन के एक और करीबी नेता की मौत

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के एक और करीबी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। 46 साल के सांसद व्लादिमिर इगोरोव का शव गुरुवार दोपहर टोबोलस्क शहर में उनके घर के नीचे मिला। रिपोर्ट के मुताबिक इगोरोव खिड़की से नीचे गिर गए थे। इगोरोव को कुछ वक्त पहले करप्शन के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। बाद में वो बेकसूर साबित हुए। सितंबर 2022 से अब तक पुतिन के 7 करीबी नेताओं की संदिग्ध हालात में मौत हो चुकी है। इनमें से 4 लोगों की मौत घर की छत या खिड़की से गिरकर हुई।



### ट्रंप को चुनाव के लिए अयोग्य ठहराया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदों को फिर बड़ा झटका लगा है। दोबारा राष्ट्रपति बनने का सपना देख रहे ट्रम्प को लेकर अमेरिकी राज्य मेन की शीर्ष चुनाव अधिकारी ने फैसला सुनाया है कि वे 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में शामिल नहीं हो सकते। मेन राज्य की सेक्रेटरी ऑफ स्टेट शेना ली बेलोज ने 2021 के कैपिटल हिल दंगे में ट्रंप की भूमिका को लेकर यह फैसला सुनाया है। बेलोज ने 34 पन्नों के फैसले में लिखा है कि अमेरिकी संविधान हमारी सरकार की नींव पर हमले को बर्दाश्त नहीं करता।



केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा 2030 तक देश में होंगे 200 हवाई अड्डे

# दुनिया का सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बनने की ओर अग्रसर भारत

*केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने है कि साल 2030 तक देश में हवाई अड्डों की कुल संख्या 200 तक पहुंच जाएगी। इसके साथ ही भारत दुनिया का सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बनने की ओर अग्रसर है।*



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत दुनिया का सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बनने की ओर अग्रसर है। साल 2030 तक देश में हवाई अड्डों की कुल संख्या 200 तक पहुंच जाएगी। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मीडिया से बातचीत के दौरान यह बात कही।

### खास बातें

- 9 वर्षों में देश में हवाई अड्डों की कुल संख्या 149 हुई
- यूपी में होंगे 19 हवाई अड्डे
- हेलीकॉप्टर, वाटर एयरोड्रम का कामकाज शुरू



### 2014 तक देश में थे 74 हवाई अड्डे

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने बताया कि वर्ष 2014 तक, देश में केवल 74 हवाई अड्डों में कामकाज हो रहा था। मार्च 2023 तक, सरकार ने 75 अन्य हवाईअड्डों/ हेलीकॉप्टरों/ वाटर एयरोड्रोमों में कामकाज शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार का लक्ष्य साल 2030 तक इस संख्या को आगे बढ़ाकर 200 तक ले जाना है।

### देश में 75 नए हवाई अड्डे बनाए

*नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि हमने देश में 75 नए हवाई अड्डे बनाए हैं। पिछले 9 वर्षों में देश में हवाई अड्डों की कुल संख्या 149 हो गई है और 2030 तक देश में हवाई अड्डों की कुल संख्या 200 तक पहुंच जाएगी।*

### अयोध्या एयरपोर्ट का उद्घाटन ऐतिहासिक क्षण

*सिंधिया ने कहा कि यूपी राज्य में केवल 6 हवाई अड्डे थे और अब 9 हैं। 10वें हवाई अड्डे का उद्घाटन शनिवार को होगा। दरअसल शनिवार के दिन अयोध्या हवाई अड्डे का उद्घाटन होगा जो भारत के लिए ऐतिहासिक दिन बनेगा। उन्होंने कहा कि कल न केवल नागरिक उड्डयन के लिए, न केवल अयोध्या शहर के लिए, न केवल उत्तर प्रदेश के लिए, न केवल भारत के लिए बल्कि उन सभी के लिए एक ऐतिहासिक दिन होने जा रहा है जो हिंदू धर्म के प्रति हमारी आत्मा की जीवंतता और प्रतिबद्धता में विश्वास करते हैं। उन्होंने बताया कि अयोध्या एयरपोर्ट का नाम बदलकर अब महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट अयोध्या धाम कर दिया गया है। पहले इस एयरपोर्ट को मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट कहा जाता था। इस एयरपोर्ट से 6 जनवरी को पहली फ्लाइट सुबह 11.55 बजे दिल्ली से उड़ान भरेगी और दोपहर 1.15 बजे अयोध्या पहुंचेगी। यह फ्लाइट दोपहर 1.45 बजे अयोध्या से रवाना होगी और 3 बजे दिल्ली पहुंचेगी। 11 जनवरी 2024 से अहमदाबाद और अयोध्या के बीच हफ्ते में तीन दिन उड़ानें संचालित होंगी। पहले चरण में अयोध्या से दिल्ली और अहमदाबाद के लिए उड़ानें शुरू होने जा रही हैं।*

### भारत तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार

*केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारत तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार है। यहां घरेलू यात्रियों की कुल संख्या 2014 में 60 मिलियन थी जो कोविड-19 से पहले 2020 में दोगुनी से अधिक बढ़कर 143 मिलियन हो गई थी। अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या 43 मिलियन से बढ़कर 64 मिलियन (लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि) हो गई है। विमान के संदर्भ में, कोविड-19 के प्रभाव के बावजूद विमानों की संख्या 2014 में लगभग 400 से बढ़कर 2023 में 723 के करीब हो गई है।*

### अगले साल तक यूपी में हो जाएंगे 9 और हवाई अड्डे

*नागरिक उड्डयन मंत्री ने यह भी कहा कि अगले साल तक उत्तर प्रदेश में 9 और हवाई अड्डे हो जाएंगे। इसके साथ ही यह संख्या 19 हो जाएगी। उन्होंने कहा कि दो महीने बाद पांच हवाई अड्डों, आजमगढ़, अलीगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती और चित्रकूट में एक-एक का एक साथ उद्घाटन किया जाएगा।*

फिलिस्तीनी शरणार्थियों की मदद के लिए

# भारत ने बढ़ाया हाथ, यूएन की संस्था को दिए 25 लाख डॉलर

भारत ने 50 लाख डॉलर की अपनी वार्षिक प्रतिबद्धता को पूरा किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

गाजा में जारी संघर्ष के बीच भारत ने बृस्पतिवार को 'फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की राहत और कार्य एजेंसी' (यूएनआरडब्ल्यूए) को 25 लाख डॉलर की दूसरी किस्त जारी कर दी है। भारत ने इस तरह 2023-24 के लिए 50 लाख डॉलर की अपनी वार्षिक प्रतिबद्धता को पूरा कर लिया है।




ज्ञात हो कि संयुक्त राष्ट्र के आह्वान पर फिलिस्तीनी शरणार्थियों के कल्याण व सुरक्षा के लिए धन व मदद पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

यह योगदान चार्जी डी'एफ़ेयर एलिजाबेथ रोड्रिग्ज द्वारा सौंपा गया था। इसका उद्देश्य फिलिस्तीनी शरणार्थियों को प्रदान की जाने वाली शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, राहत और सामाजिक सेवाओं सहित एजेंसी के मुख्य कार्यक्रमों और सेवाओं का समर्थन करना है।

### शिक्षा और राहत के लिए की सहायता

भारत ने 28 दिसंबर को 'फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की राहत और कार्य एजेंसी' (यूएनआरडब्ल्यूए) को 25 लाख डॉलर की दूसरी किस्त जारी की। भारतीय दूतावास के बयान में कहा गया है। एजेंसी के मुख्य कार्यक्रम और सेवाओं के तहत शिक्षा, राहत और सामाजिक सेवाएँ फ़िलिस्तीनी शरणार्थियों को प्रदान की जाती हैं। इस तरह भारत ने 2023-24 के लिए 50 लाख डॉलर की अपनी वार्षिक प्रतिबद्धता को पूरा कर लिया है।

### सदस्य देश करते हैं स्वैच्छिक योगदान

बात दें कि वर्ष 1950 से काम कर रही यूएनआरडब्ल्यूए रजिस्टर्ड फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए सीधे तौर पर राहत कार्य करता है। इसका वित्तपोषण लगभग पूरी तरह संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों द्वारा स्वैच्छिक योगदान से किया जाता हैं। भारत सरकार ने विगत नवंबर महीने में अपनी वार्षिक प्रतिबद्धता के तहत पहली किस्त जारी की थी। संयुक्त राष्ट्र की यह एजेंसी गाजा में इजराइल-हमास के युद्ध के बीच कामकाज कर पाने में संघर्ष कर रही है।

2022 के बाद यूक्रेन पर रूस का सबसे बड़ा हमला

# 100 से ज्यादा मिसाइलें दागीं, 12 की मौत, दर्जनों लोग हुए घायल



एजेंसी ⏭ कीव

रूस और यूक्रेन के बीच बीते डेढ़ साल से ज्यादा समय से भीषण युद्ध जारी है। यूक्रेनी अधिकारियों ने जानकारी दी है कि रूसी सेना ने कीव में आवासीय इमारतों को मिसाइलों से निशाना बनाया है।

इसमें 12 नागरिकों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। शहर के सैन्य प्रशासन ने बताया कि राजधानी में 10 लोग मलबे के नीचे दब गए।

### पश्चिम से मदद की अनिश्चितता के बीच हमला

विदेश मंत्री दिमित्री कुलेबा ने कीव के सहयोगियों से समर्थन बढ़ाने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा, 'लाखों यूक्रेनी लोग आज विस्फोट के धमाकों से जाग उठे हैं। मैं चाहता हूं कि यूक्रेन में विस्फोटों की ये आवाजें पूरी दुनिया में सुनी जाएं।' यह हमला ऐसे समय में हुआ है, जब रूस के साथ युद्ध में करीब दो साल बाद भविष्य में पश्चिम की ओर से सेना और वित्तीय मदद को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

### कविता पढ़ने पर सुनाई सात साल की सजा

एक रूसी अदालत ने युद्ध के खिलाफ कविता पढ़ने के लिए एक कवि को सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई। मॉस्को की ट्वेस्कोई जिला अदालत ने कवि अर्तयोम करमदीन को राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाली अपील करने और नफरत फैलाने के आरोपों के तहत दोषी करार दिया।

### बड़ा आक्रमण: यूक्रेनी वायुसेना कमांडर

वायुसेना कमांडर माइकोल ओलेशचुक ने टेलीग्राम मैसेंजर पर इसे 2022 में रूस के आक्रमण के बाद से अब तक का सबसे बड़ा हवाई आक्रमण करार दिया।

कुवैत का विदेशी कामगारों के लिए बड़ा फैसला

# प्रवासी मजदूरों के लिए पार्ट टाइम जॉब की दी अनुमति

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय कामगारों और पेशेवरों के लिए एक अहम देश कुवैत ने विदेशी कामगारों के लिए एक बड़ा बदलाव किया है।कुवैत के प्रथम उप प्रधानमंत्री और आंतरिक मामलों के मंत्री शेख तलाल अल-खालिद अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने प्राइवेट क्षेत्र में प्रवासी मजदूरों के लिए पार्ट-टाइम जॉब की अनुमति दे दी है। यह निर्देश दिए हैं कि कंपनियां अपने कुछ कर्मचारियों को रिमोट वर्क यानी घर से काम करने की भी अनुमति दें।

### प्रतिदिन अधिकतम चार घंटे काम कर सकेंगे

कुवैत ने निजी क्षेत्र के प्रवासी कर्मचारियों को इस शर्त पर पार्ट टाइम जॉब करने की अनुमति दी है कि उन्हें पहले जिस कंपनी में काम कर रहे हैं, उससे पार्ट टाइम जॉब करने की अनुमति लेनी होगी। निजी क्षेत्र के कर्मचारी अब प्रति दिन अधिकतम चार घंटे के लिए किसी अन्य कंपनी के साथ भी पार्ट टाइम जॉब कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें पब्लिक ऑथेरिटी फॉर मैनपावर (पीएएम) से परमिट की जरूरत होगी।



# अगले 5 साल में 50 सैटेलाइट भेजेंगे

## इसरो चीफ एस सोमनाथ का दावा

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि भारत ने खुफिया जानकारी इकट्ठे करने के लिए अगले 5 सालों में 50 सैटेलाइट को लॉन्च करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि इनमें सैनिकों की आवाजाही पर नजर रखने और हजारों किलोमीटर क्षेत्र की तस्वीरें लेने की क्षमता के साथ विभिन्न कक्षाओं में उपग्रहों की एक परत का निर्माण शामिल होगा। आईआईटी, मुंबई के वार्षिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी समारोह 'टेकफेस्ट' को संबोधित करते हुए सोमनाथ ने कहा कि बदलावों का पता लगाने, आंकड़ों के विश्लेषण के लिए एआई से संबंधित डेटा का उपयोग करेंगे।

### पड़ोसियों पर रखेंगे नजर

*सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्षयान देश की सीमाओं और पड़ोसी क्षेत्रों पर नजर रखने में सक्षम हैं। यह सब सैटेलाइट से देखा जा सकता है। हम इसे संभालने के लिए सैटेलाइट लॉन्च कर रहे हैं, लेकिन अब सोचने का एक अलग तरीका है। हमें इसे और अधिक महत्वपूर्ण तरीके से देखने की जरूरत है क्योंकि किसी भी राष्ट्र की शक्ति उसकी यह समझने की क्षमता है कि उसके आसपास क्या हो रहा है।' इसरो प्रमुख ने कहा, 'हमने अगले पांच वर्षों में 50 उपग्रहों को अंतिम रूप देने के लिए उनका संयोजन कर लिया है और इसे अगले पांच वर्षों से अधिक समय में इस विशेष भू-खुफिया जानकारी संग्रह में सहायता के लिहाज से भारत के लिए भेजा जा रहा है।' सोमनाथ ने कहा कि अगर भारत इस स्तर पर उपग्रहों का प्रक्षेपण कर सकता है तो देश के सामने आने वाले खतरों को बेहतर तरीके से कम किया जा सकता है।*






फिलीपींस के हवाई अभ्यास पर चीन ने उठाए सवाल

# साउथ चाइना सी में इंडियन नेवी के शिप उतारने पर भड़की चीनी सेना

एजेंसी ⏭ बीजिंग

विवादित दक्षिण चीन सागर में भारत और फिलीपींस के नौसैनिक अभ्यास से चीन भड़का हुआ है। इसे लेकर चीन ने गुरुवार को बकायदा बयान जारी करते हुए कहा कि विभिन्न देशों के बीच रक्षा सहयोग से तीसरे देशों के हितों और क्षेत्रीय शांति को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। भारतीय नौसैनिक जहाज और फिलीपींस के नौसैनिक पोत के बीच नौसैनिक अभ्यास और फ्रांसिसी नौसेना के साथ प्रस्तावित फिलीपींस के हवाई अभ्यास पर चीन ने सवाल उठाए हैं। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल वू कियान ने कहा कि चीन ने इस पर ध्यान दिया है।

उन्होंने कहा कि चीन ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि संबंधित देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग से तीसरे पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए या क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए।



### भारतीय जहाज ने किया अभ्यास

इस महीने की शुरुआत में, आईएनएस कदमत ने फिलीपींस की अपनी यात्रा के दौरान फिलीपींस की नौसेना के एक अपतटीय गश्ती जहाज बीआरपी रेमन अलकराज के साथ दक्षिण चीन सागर में एक समुद्री अभ्यास में भाग लिया था। किसी भी देश का सीधे तौर पर जिक्र किए बिना कर्नल वू कियान ने कहा कि चीन और फिलीपींस के बीच समुद्री विवाद बीजिंग और मनीला के बीच का मुद्दा है।

### फिलीपींस के दावे गलत

वू ने कहा कि चीन उच्च स्तर की सतर्कता बनाए रखेगा और राष्ट्रीय संप्रभुता, सुरक्षा तथा समुद्री अधिकारों और हितों की दृढ़ता से रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। इस आरोप पर कि चीनी तटरक्षक जहाजों ने फिलीपींस के जहाजों के खिलाफ पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया, वू ने कहा कि यह पूरी तरह से गलत प्रचार है। उन्होंने कहा कि चीन की ओर से बार-बार दी गई चेतावनियों की परवाह न करते हुए फिलीपींस ने चीन के दावे वाले क्षेत्रों में घुसपैठ कर रहा है।

### अमेरिका चीन को उकसा रहा

*अमेरिकी आलोचना पर वू ने कहा कि चीन इस तरह की टिप्पणियों को खारिज करता है और इसका कड़ा विरोध भी करता है। उन्होंने दोहराया कि मनीला द्वारा दावा किए गए क्षेत्रों पर चीन की निर्विवाद संप्रभुता है और अमेरिका पर चीन को उकसाने के लिए फिलीपींस का साथ देने का आरोप लगाया।*

### चीन और फिलीपींस करते हैं दावा

दरअसल, चीन फिलीपींस और अन्य देशों के बीच सैन्य सहयोग को लेकर अक्सर बेचैन दिखाई देता रहा है। विवादित दक्षिण चीन सागर के हिस्सों पर फिलीपींस और चीन की नौसेना अपने-अपने दावे करती है और कई बार दोनों नौसेना आमने-सामने आ चुकी है। हाल ही में विवादित दक्षिण चीन सागर के हिस्सों पर बीजिंग के नियंत्रण का दावा करने के बाद फिलीपींस और ड्रैगन के नौसैनिक जहाज भिड़ गए थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी ने किया नमन

# पटवा, कुशाभाऊ ठाकरे को अर्पित की श्रद्धांजलि





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया तथा प्रदेश के विकास में दिए गए उनके योगदान का स्मरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटवा के 74 बंगला स्थित निवास पहुंचकर सुंदरलाल पटवा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती फूलकुंवर पटवा से भेंट की।

कुशाभाऊ ठाकरे एवं पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा की पुण्यतिथि पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, पूर्व मंत्री कमल पटेल, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सनवर पटेल सहित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# कर्मचारियों और पेंशनरों को नए साल में 4 फीसदी डीए की सौगात मिलने के आसार, वित्त विभाग ने सीएम सचिवालय भेजी फाइल

*केंद्र जुलाई 2023 से महंगाई भत्ता 4% से बढ़ाकर 46 प्रतिशत कर चुका है*

*प्रदेश के साढ़े 7 लाख से अधिक नियमित अधिकारियों कर्मचारियों उपहार मिलेगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनरों को नए साल की शुरूआत में खुशखबरी मिल सकती है। उनका महंगाई भत्ता 4 फीसदी बढ़ सकता है। फिलहाल मध्य प्रदेश में कर्मचारियों को 42 फीसदी की दर से महंगाई भत्ता मिल रहा है।

यह 4 प्रतिशत बढ़ने से अब केंद्र सरकार के समान महंगाई भत्ता 46 फीसदी हो जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस संबंध में वित्त विभाग द्वारा प्रस्ताव बनाकर फाइल मुख्यमंत्री को भेजी गई है। केंद्र सरकार जुलाई 2023 से अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ता 4 प्रतिशत बढ़कर 46 प्रतिशत कर चुकी है।

वित्त विभाग ने पहले भी प्रस्ताव तैयार किया था, लेकिन विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण इस पर निर्णय नहीं हो पाया था। राज्य सरकार ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के माध्यम से प्रस्ताव चुनाव आयोग को भेजा था।

### जनवरी में फिर केंद्र सरकार महंगाई भत्ते में वृद्धि कर सकती है

आयोग ने मतदान तक रुकने के निर्देश दिए थे। इसके बाद से मामला अटका हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, वित्त विभाग ने अब प्रस्ताव बनाकर निर्णय के लिए मुख्य मंत्री कार्यालय भेज दिया है। दरअसल जनवरी में फिर केंद्र सरकार महंगाई भत्ते में वृद्धि कर सकती है। प्रतिवर्ष जनवरी और जुलाई में महंगाई भत्ता बढ़ाया जाता है। इसे देखते हुए वित्त विभाग ने मुख्यमंत्री को चार परसेंट महंगाई भत्ता बढ़ाने की फाइल भेज दी है। अब मुख्यमंत्री को इसे स्वीकृत करना है। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री नए साल में इसे स्वीकृत कर प्रदेश के साढ़े 7 लाख से अधिक नियमित अधिकारियों कर्मचारियों और यह उपहार दे सकती है।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली दरबार ने मुख्यमंत्री को अधिकार दिए भी हैं या नहीं

**भोपाल।** मप्र में मंत्रियों को विभाग बंटवारे में हो रही लेटलतीफी पर विपक्ष ने तंज कसा है। कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सोशल मीडिया पर लिखा कि सीएम के चयन का फैसला 10 दिन में, मंत्रिमंडल का फैसला 12 दिन में, अब विभागों के बंटवारे में देरी और खींचतान जारी है। आखिर प्रदेश के मुख्यमंत्री को कोई अधिकार दिया भी गया है कि नहीं, या सारे फरमान दिल्ली दरबार से जारी हो रहे हैं। डबल इंजन की सरकार में दिल्ली का इंजन ही चलता दिखाई दे रहा है। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने ट्वीट किया कि भाजपा की लेटलतीफी से शासन व्यवस्था ठप पड़ी है।



### एसएएस श्रीवास्तव बने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज के निज सहायक

**भोपाल।** राज्य शासन ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी राजेश श्रीवास्तव उप सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की निजी स्थापना में विशेष सहायक के पद पर पदस्थ किया है। इस संबंध में राज्य शासन द्वारा आदेश जारी कर दिए गए हैं। श्रीवास्तव पिछले कई सालों से पूर्व सीएम के साथ जुड़े हुए थे। नीरज वशिष्ठ को मंत्रालय में अटैच किया गया है।

# विधानसभा चुनाव में हारी हुई सीटों पर मंथन, शिकायत करने वालों से लिखित में मांगे भितरघातियों के नाम

*बैठक में सीएम, भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री, प्रदेशाध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री हुए शामिल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली बड़ी जीत के बाद अब भाजपा लोकसभा की तैयारियों में जुट गई है। विधानसभा चुनाव में हारी हुई सीटों पर मंथन जारी है। भाजपा के पराजित विधानसभा प्रत्याशियों की महत्वपूर्ण बैठक गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुई। इस बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने चुनाव हारे उम्मीवारों से चर्चा की।

हार की समीक्षा बैठक में भितरघातियों का मुद्दा भी उठा। बैठक में हारे हुए प्रत्याशियों ने कई नेताओं की शिकायत की। संगठन ने शिकायत करने वाले नेताओं से कहा कि पार्टी को नुकसान पहुंचाने वाले नेताओं की जानकारी लिखित में दें। वहीं बैठक में कुछ नेताओं ने पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले नेताओं को फिर से पार्टी में शामिल नहीं करने की मांग की। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी और मोदी गारंटी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही विकसित भारत यात्रा में युवाओं को एंबेसडर बनाए जाने का बड़ा निर्णय भी लिया गया।

**पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले नेताओं को फिर से पार्टी में शामिल नहीं करने की मांग**

*हारे हुए प्रत्याशियों को सौंपी युवाओं को विकसित भारत यात्रा में एंबेसडर बनाने की जिम्मेदारी*



### हार के कारणों पर हुई प्रत्याशियों से चर्चा

बैठक के बाद मीडिया से चर्चा के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि हमारे ऐसे प्रत्याशी जिन्हे सफलता नहीं मिल सकी, उन सभी प्रत्याशियों के साथ यह बैठक की गई थी। यह सभी भाजपा के कार्यकर्ता है। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने विधानसभा में अपनी समीक्षा के साथ कौन-कौन से कारण है जिससे पीछे रह गए। इन विषयों पर भी चर्चा हुई। हारी हुई विधानसभाओं के उम्मीदवारों को कहा गया है कि संगठन के साथ मिलकर विकसित भारत संकल्प के एंबेसडर बनाने की जिम्मेदारी उनकी है। बैठक में तय किया गया है कि युवाओं को इस यात्रा का एंबेसडर बनाया जाएगा।

## भाजपा का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए समाजों को जोड़ने का कार्य करेंगे भाजपा के सभी मोर्चे

भाजपा प्रदेश कार्यालय में मोर्चों की संयुक्त बैठक



भारतीय जनता पार्टी के सभी मोर्चा पदाधिकारी पार्टी का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए समाज को जोड़ने का कार्य करें। मोर्चा अध्यक्ष और प्रदेश पदाधिकारी इसके लिए आगामी दिनों की पूरी कार्ययोजना बनाकर जिला और मंडल स्तर तक के पदाधिकारी की सहभागिता निर्धारित कर काम में जुट जाएं। सभी मोर्चा विकसित भारत एंबेसडर बनाने के लिए अभियान चलाकर नए लोगों को जोड़ें। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कही। राजधानी स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरूवार को भाजपा के सभी मोर्चों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, भाजपा के सभी सातों मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार की योजनाओं का लाभ आम जन को दिलाने का प्रयास किया जाना चाहिए। सभी मोर्चा नव मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने के लिए अभियान चलाएं और नमो मित्र, नमो वॉरियर्स बनाने के कार्य को प्राथमिकता से करें।

### गरीबों को योजना का लाभ दिलाएं: सीएम

*बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं और पात्रों को इसका लाभ दिलाने का कार्य करें। अभी प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है, उसमें सहभागिता कर योजनाओं के पात्र व्यक्तियों को उनका लाभ दिलाने का कार्य करें। सरकारी आयोजनों में जनता की सहभागिता और बढ़ाएं, ताकि भाजपा सरकार और बेहतर तरीके से जनता की सेवा कर सके।*

### अपने गांव के मंदिर को अयोध्या धाम बनाएं

*प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि पार्टी के सभी मोर्चा नमो एप और नमो वॉरियर्स बनाने का कार्य प्राथमिकता से करें। सभी मोर्चे अपने कार्यक्रम निर्धारित करें, उन्हें समय-सीमा में पूरा करने का लक्ष्य लेकर कार्य करें। हर व्यक्ति 22 जनवरी को अयोध्या नहीं पहुंच सकता, इसलिए अपने गांव के मंदिर को उस दिन अयोध्या धाम की तरह सजाएं और पूजा-पाठ और भंडारे का आयोजन करें।*

### लोकसभा चुनाव में भाजपा के मत प्रतिशत को और बढ़ाना है: विष्णुदत्त

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका विकास, सबका साथ और सबका विश्वास के मंत्र पर आगे कार्य करना है। लोकसभा चुनाव में भाजपा के मत प्रतिशत को और बढ़ाना है, इसके लिए अभियान चलाएं। सभी मोर्चा पदाधिकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हों और सरकार की योजनाओं का जनता को लाभ दिलाएं। मोर्चा पदाधिकारी विकसित भारत एंबेसडर बनाने का अभियान चलाकर नए लोगों को नमो एप से जोड़ें।*

**आईपीएस-आईएएस, आईएफएस के पास 31 जनवरी तक समय**

# 31 दिन के भीतर नहीं दिया संपत्ति का ब्यौरा, फिर प्रमोशन में आएगी दिक्कत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सभी आईपीएस-आईएएस और आईएफएस अफसरों को एक जनवरी से 31 जनवरी के बीच 31 दिन में अपनी अचल सम्पत्ति का ब्यौरा सार्वजनिक करना होगा। जो अफसर निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी सम्पत्ति का ब्यौरा सार्वजनिक नहीं करेंगे, उन्हें आगे मिलने वाले प्रमोशन में रुकावट आ सकती है। सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी आईएएस अफसरों को इस संबंध में निर्देश जारी किए है। सभी आईएएस अफसरों को कहा गया है कि वर्ष 2023 में पूरे एक साल के भीतर उन्होंने क्या नई अचल सम्पत्तियां खरीदी है और उनके पास अब कुल कितनी अचल सम्पत्ति है इसका ब्यौरा एक जनवरी की स्थिति में स्पैरो डॉट ई ऑफिस डॉट गॉव डॉट इन वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड करें। सभी आईएएस अफसरों से कहा गया है कि ऑनलाइन प्रस्तुत किए गए अचल सम्पत्ति विवरण पत्रक की अलग से मैन्युअली कॉपी प्रिंट आउट, हार्ड कापी सामान्य प्रशासन विभाग को भेजने की जरुरत नहीं है।

### उपहार और रिश्तेदारों से मिली सम्पति का करना होगा जिक्र

*भारतीय पुलिस सेवा और भारतीय वन सेवा के सभी अधिकारियों को भी एक जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2023 के बीच उनके द्वारा स्वयं और परिवारजनों के नाम से खरीदी गई अचल सम्पति का ब्यौरा ऑनलाइन सबमिट करना होगा। अफसरों को अचल सम्पति खरीदने के लिए विभाग प्रमुख को दी गई जानकारी और ली गई पूर्व अनुमति, उपहार में परिजनों और रिश्तेदारों से प्राप्त अचल सम्पति और पारिवारिक सम्पति में वसीयत के जरिए मिले सम्पति का ब्यौरा भी देना है जो एक साल के भीतर उन्हें मिला है। तय समयसीमा के भीतर सम्पति का ब्यौरा नहीं देने वाले आईपीएस-आईएएस और आईएफएस अफसरों को नोटिस जारी किए जाएंगे। भविष्य में होंने वाली विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में सम्पति का ब्यौरा नहीं देने वाले अफसरों का जिक्र किया जाएगा और ब्यौरा उपलब्ध नहीं कराए जाने तक उनकी पदोन्नति के फैसले भी रोके जा सकते हैं।*

# पीएम मोदी दर्शन करने जाते हैं राम मंदिर तो कांग्रेसियों के पेट में दर्द होने लगता है: संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह होना है। इसे लेकर छत्तीसगढ़ की राजनीति गरमाई हुई है। सत्तापक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर जमकर आरोप लगा रहे हैं। मामले में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता और सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा में सियासी नफा-नुकसान के लिहाज शामिल होने या न होने को लेकर कांग्रेस की दुविधा को शर्मनाक बताते हुए कहा है कि इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान के बाद कांग्रेस का राजनीतिक चरित्र बेनकाब हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दर्शन करने राम मंदिर जाते हैं तो कांग्रेसियों को पेट में दर्द होने लगता है।



बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री के मंदिर जाने पर ऐतराज जताने वाली कांग्रेस चाहती ही नहीं थी कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बने। अब मंदिर बनकर तैयार हो गया है तो कांग्रेसी इससे दूरी बना रहे हैं। ये वही लोग हैं जो रामसेतु तोड़ने के लिए अदालत में शपथ पत्र देकर भगवान राम को काल्पनिक बताते फिर रहे थे। ऐसे लोग इस देश की जड़ों और संस्कृति व मूल्यों से कटे हुए हैं। अब यह आईने की तरह साफ हो चला है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि देश में सभी नागरिक चाहते हैं कि अयोध्या में वे रामलला का दर्शन करें। देश के विचारधारा के विपरित जाकर कांग्रेस के नेता पित्रोदा और कांग्रेस सांसद शशि थरूर समेत तमाम लोगों ने इस पर प्रश्नचिह्न लगाने की कोशिश की है।

### इंडी अलायंस और उनके सहयोगी कर रहे राम मंदिर का विरोध

श्रीवास्तव ने पूछा कि दरअसल कांग्रेस चाहती क्या है? इस देश की आस्था के साथ खिलवाड़ करने का काम पहले भी कांग्रेस करती रही है। राम मंदिर निर्माण में तमाम प्रकार की जो बाधाएं उत्पन्न की गईं। इंडी अलायंस और इनके सहयोगी दल इस मंदिर का विरोध कर रहे हैं। मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में नहीं जाने की वकालत कर रहे हैं। ऐसे समय में कांग्रेस लाभ और हानि के दृष्टिकोण से जिस तरह की राजनीति कर रही है, वह तुष्टीकरण के पोषण और राजनीतिक पाखंड की परिचायक है। श्रीवास्तव ने कहा कि कुछ विषय ऐसे होते हैं जो राजनीति से ऊपर उठकर होते हैं। उन्होंने कहा भगवान राम इस देश की इस देश के आस्था का विषय हैं। श्रीराम हम सबकी आस्था का केंद्र हैं। बावजूद इसके कांग्रेस नफा-नुकसान की बात कर रही है।

# छत्तीसगढ़: गौशाला के कारीगरों ने गोबर और गोमूत्र से बनाई देश की पहली चटाई

पहले जांच के लिए भेजेंगे दिल्ली, फिर प्रधानमंत्री मोदी को करेंगे भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



आपने प्लास्टिक, कपड़ा के ही चटाई देखे होंगे। लेकिन छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ जिले के गोशाला के कारीगरों ने गोबर और गोमूत्र की चटाई बनाकर सबको चौंका दिया है। गोबर और गोमूत्र से बनी चटाई को देश की पहली चटाई बताई जा रही है। यही नहीं गोबर और गोमूत्र की चटाई को पीएम नरेंद्र मोदी को भेंट की जाएगी। सुरक्षा जांच के लिए जल्द दिल्ली भेजी जाएगी।



खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के धरमपुर रोड स्थित मनोहर गौशाला में सौम्या कामधेनु गाय के 100 किलो गोबर और गौमूत्र से देश की पहली चटाई बनाई है। 14.5 किलो वजनी चटाई को 54 कारीगरों ने मिलकर 11 महीने में तैयार किया है। कारीगरों ने बताया कि गोबर की कालीन, चरक ऋषि की चरक चटाई है। इसका शास्त्रों में भी वर्णन है। हमने उसे ही बनाने की कोशिश की है।

### पांच वर्षों का संघर्ष अब हुआ पूरा

चटाई को बनाने कारीगर बीते पांच साल से मेहनत कर रहे थे। पांच वर्षों का संघर्ष अब पूरा हो गया है। गोशाला संचालक अखिल पदम डाकलिया ने बताया कि यह चटाई पूरी तरह से गोमूत्र और सौम्या कामधेनु गाय के गोबर से बनी है। पांच साल से इसे बनाने की कोशिश कर रहे थे। हमने यह चटाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तैयार की है। इससे पहले हम गौशाला में गोबर के दीए, राखी, ब्रेसलेट और गणपति जी भी बनाते हैं। राज्यपाल अनुसुइया उईके पीएम मोदी को गोबर की राखी बांध चुकी हैं।

# पीसीसी चीफ पटवारी बोले- गुना हादसे के पीछे भ्रष्टाचार

भोपाल। गुना में हुए दर्दनाक बस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। अब इस हादसे को लेकर कांग्रेस ने सरकार को घेरा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने हादसे का कारण भ्रष्टाचार को भी बताया है। उन्होंने हादसे को 13 लोगों की मौत संस्थागत हत्या का मामला बताया है। पटवारी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि गुना में समूची व्यवस्था भ्रष्टाचार की अग्नि में जलकर स्वाह हो गई। पटवारी ने कहा कि बताया गया है कि अपनी चलने की 15 वर्ष की समयावधि समाप्त होने के बाद भी बस भ्रष्टाचार के पहियों पर मौत बनकर बेधड़क दौड़ रही थी। बस का न रजिस्ट्रेशन था न बीमा।



## मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने बिरहोर परिवारों से चर्चा कर जाना उनका हाल

# अधिकारियों से बोले सीएम-रोजगार की व्यवस्था कीजिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सबसे पिछड़ी विशेष जनजातियों के समुचित विकास के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री जनमन योजना की जमीनी हकीकत जानने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शुक्रवार को रायगढ़ जिले के लैलुंगा विकासखंड के ग्राम भुईंयापानी पहुंचे। उन्होंने यहां छत्तीसगढ़ की विशेष पिछड़ी जनजातियों में शामिल बिरहोर परिवारों से रूबरू होकर उन्हें इस योजना से मिल रहे लाभ की जानकारी ली।



मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले बिरहोर परिवारों से अलग-अलग बातचीत कर स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार सहित मूलभूत सुविधाओं के बारे में चर्चा की। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आप सभी के विकास के लिए सबसे ज्यादा ध्यान देते हैं। इसके लिए उन्होंने जो जनजातियां विशेष रूप से पिछड़ी हैं उनके लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना शुरू की है। इसका लाभ आप लोगों तक पहुंच रहा है या नहीं, इसे जानने मैंने आप लोगों के बीच भुईंयापानी आने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की 5 विशेष पिछड़ी जनजातियों में बिरहोर जनजाति भी शामिल है। आज बिरहोरों की संख्या बहुत कम है, रायगढ़ जिले में इनकी जनसंख्या करीब 1100 है। पीएम जनमन योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना सहित शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों को मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम जनमन योजना में आप लोगों के लिए गैस चूल्हा से लेकर मकान तक सारी योजना सरकार के पास हैं, हम इनका लाभ आप सभी को देंगे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर हितग्राहियों को पीएम जनमन योजना के अंतर्गत उज्ज्वला योजना में गैस कनेक्शन, आधार कार्ड, राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, आयुष्मान भारत योजना का कार्ड वितरित किए।

### पीएम ने 5 साल तक निशुल्क चावल देने का निर्णय लिया:साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलने पहुंची उर्मिला से उन्होंने पूछा कि सरकार की किन योजनाओं का लाभ मिला है। उर्मिला ने बताया कि उसका राशन कार्ड अभी बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अगले पांच सालों तक निःशुल्क चावल देने का निर्णय लिया है। उर्मिला से मुख्यमंत्री ने पूछा कि पढ़ाई कहां तक हुई है। उर्मिला ने बताया कि आठवीं तक पढ़ी हूं। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को कहा कि उर्मिला ने विषम परिस्थितियों के बाद भी आठवीं तक की पढ़ाई कर ली है, अब इसके रोजगार की व्यवस्था कीजिए।

धान खरीदी मामला..

# आखिर वही हुआ जिसकी थी आशंका...!

## कलेक्टर ने अपने मातहतों को बचाया अन्य विभाग के अधिकारियों को निपटाया

हरिभूमि, जबलपुर।

जबलपुर में धान खरीदी का मामले में आखिर वही हुआ जिसकी आशंका हरिभूमि ने अपने 26 दिसंबर के अंक में प्रकाशित ख़बर में कर दी थी और कहा था कि पूरा ठीकरा खरीदी से जुड़े विभागीय अधिकारियों पर फोड़ा जायेगा। इस मामले में अब तक फूड कंट्रोलर के साथ 6 अधिकारियों को निलंबित किया जा चुका है। परंतु वह अधिकारी अभी भी बचे हुए हैं जिनके कारण ये पूरा रायता फैला है। इस की सुगबुगाहट भी तेज हो गई है। इसमें सबसे बड़ी जिम्मेदारी जिला उपार्जन समिति के अध्यक्ष कलेक्टर की थी, जिनके रहते 121 की जगह महज 85 खरीदी केन्द्र ही बन पाये व उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कार्य न कराते हुये एसडीएम को कार्यभार सौंपा था।

उल्लेखनीय है कि 1 दिसंबर से 19 जनवरी तक धान की खरीदी होना है। जिले के लगभग 57 हजार किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। अभी तक लगभग 1.50 लाख मीट्रिक टन की खरीदी ही हो पाई है, जबकि अभी भी 4.30 मीट्रिक टन धान की खरीदी होना बाकी है। इससे किसानों में चिंता की लकीरें स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा खरीदी करने के पूर्व ही खरीदी केन्द्र बनाये जाने थे, परंतु जिला उपार्जन समिति के अध्यक्ष की हीलाहवाली के चलते 121 में से 85 खरीदी केन्द्र ही बन पाये जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं किसानों को जहां पर उम्मीद थी कि धान की खरीदी केंद्र बनेंगे वहां पर धान रखते गये। इससे हरिभूमि ने पहले ही प्रशासन को आगाह कर दिया था।




**अवकाश पर चले गये कलेक्टर**

### एसडीएम को दिया गया था प्रभार

बताया जाता है कि जिला उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर ने फूड, वेयर हाउसिंग व विपणन संघ के अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा था कि तुम लोगों से कुछ नहीं हो पायेगा हमारे एसडीएम सब देख लेंगे, और आज नतीजा सामने है, किसान आंदोलन पर उतारू हो गया है। क्योंकि एसडीएम के पास इतने कार्य होते हैं कि वह अपने राजस्व के प्रकरण ही निपटाने में रह जाते हैं, ऐसे में खरीदी केन्द्र नहीं बन पाये।

### ठीकरा फूटा विभागीय अधिकारियों पर

जिला उपार्जन समिति द्वारा खरीदी केन्द्र नहीं बनाये जाने के बाद से ही लगने लगा था कि इस बार कुछ बड़ा होगा। क्योंकि 121 खरीदी केन्द्र की जगह 85 खरीदी केंद्र कैसे सभी किसानों की उत्पादक धान को खरीद पाते। इसका असर ये हुआ कि भोपाल तक शिकायत पहुंची और सरकार ने तत्काल जिनके पास प्रभार था उनके निलंबित करने का आदेश दे दिया। इससे साफ है कि रायता फैलाकर कलेक्टर 23 दिसंबर से ही अवकाश पर निकल गये।

### वेयर हाउस संचालकों सहित किसानों ने किया चक्काजाम

धान खरीदी नहीं होने से आक्रोशित किसानों के साथ वेयर हाउस संचालकों ने भी पाटन बाईपास में चक्का जाम की स्थिति निर्मित कर दी। यही नहीं उन्होंने बाईपास से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च भी निकालने की कोशिश की। हालांकि पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें बीच में ही रोक लिया गया। ये स्थिति तब बनी जब शहर में अवर प्रमुख सचिव विनोद कुमार संभाग भर के सांसद, विधायकों, और जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

### छवि हुई धूमिल

कहा जा रहा है कि धान खरीदी का जो बवाल मचा उससे स्पष्ट है कि यहां पर कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं था। अगर कलेक्टर अपनी जिम्मेदारी निभाते और किसानों के बीच जाते तो संभवतः ये स्थिति निर्मित नहीं होती। परंतु उन्होंने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई और खामियाजा विभाग के अधिकारियों को निलंबित होकर चुकाना पड़ा। बहरहाल अब कहीं जाकर एक बार फिर जिला प्रशासन 20 और खरीदी केन्द्र बनाये हैं। और नोडल अधिकारी तैनात किये है, जबकि ये काम पहले हो जाना था।



## धान खरीदी में किसानों को नुकसान न हो, दोषियों पर कार्यवाही हो : राकेश सिंह

### संभाग स्तरीय विकास कार्यों की समीक्षा संपन्न

**जबलपुर।** केबिनेट मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय विकास कार्यों की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। इस दौरान संभाग के सभी सांसद, विधायक, महापौर के साथ एसीएस विनोद कुमार, अतिरिक्त एडीजी चंचल शेखर, कमिश्नर अभय वर्मा, अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक उमेश जोगा व कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षक व संभाग स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि प्रशासन में कसावट लाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर यह बैठक आयोजित की गई है। जिससे कि जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय हो सके। उन्होनें कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में केन्द्र शासन व राज्य शासन के विभिन्न योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिलना सुनिश्चित हो जाये। उन्होनें विशेष रूप से कहा कि मौजूदा समय में धान खरीदी में किसान परेशान न हो और इसमें गड़बड़ी करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही हो। धान खरीदी में अनियमितायें बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मंत्री श्री सिंह ने कानून और व्यवस्था को लेकर कहा कि धार्मिक स्थल व अन्य स्थानों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के इस्तेमाल पर नियंत्रण, खुले में मांस मछली के विक्रय पर रोक व शहरों में ट्राफिक व्यवस्था सुधार प्राथमिकता से करें तथा शासकीय कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाये। एडीजे श्री शेखर ने कहा कि आदतन अपराधियों के जमानत निरस्त करने के साथ थानों के युक्ति युक्त करण व चिंहित अपराधों में सजायाफ्ता का प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में भी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। साथ ही रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन, शराब के अवैध क्रय-विक्रय तथा अतिक्रमण व माफियाओं के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिये और कहा कि कानून का राज स्थापित हो इस दिशा में कार्यवाही करें।

# 1 करोड की शासकीय भूमि अवैध कब्जाधारी से कराई मुक्त

**जबलपुर।** अनुविभागीय राजस्व अधिकारी आधारताल अनुराग सिंह ने बताया कि चावनपुर निवासी आवेदक संदीप गोटेल पिता पवन के द्वारा मौजा चावनपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 111/1,111/2, 113/2, शासकीय दर्ज भूमि पर अवैध कब्जा एवं निर्माण की शिकायत पर जांच उपरांत कार्यवाही की गई। खसरा नंबर 111 एवं 113 के बटांको मे रकबा 6370 वर्गफुट पर मलबरी हाइट्स स्कूल के संचालक प्रवीण मेमन के द्वारा स्कूल में गार्डन एवं बाउन्ड्रीवाल कब्जा किया जाना पाया गया था। जिस पर न्यायालय तहसीलदार आधारताल द्वारा आदेश दिनांक 24/2/2023 के माध्यम से खसरा नंबर 111 एवं 113 मे अवैध कब्जा चिन्हांकित कर नगर पालिका एवं जबलपुर विकास प्राधिकरण को अग्रिम अधिपत्य सौंपे जाने के आदेश पारित किये गये। उक्त आदेश का पालन अनावेदक प्रवीण मेमन द्वारा नहीं किया जाकर अपील अंतर्गत म.प्र. भू.रा.संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आधारताल के समक्ष प्रस्तुत की गई। अपीलीय प्रकरण में अपीलार्थी प्रवीण मेमन पिता स्व. जे.डल्ब्यू मेमन निवासी मलबरी हाईट्स कछपुरा एम.आर.फोर रोड जबलपुर को सुनवाई का पूर्ण अवसर दिया गया। प्रकरण के साक्ष्यों के परिशीलन उपरांत निष्कर्ष में मौजा चावनपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 111 एवं 113 में मौके पर गार्डन बनाकर एवं बाउण्ड्रीवाल बनाकर अवैध कब्जा किया जाना पाये जाने से 9 अक्टूबर को अवैध कब्जा पृथक किये जाने का आदेश न्यायालय अनुविभागीय राजस्व अधिकारी अधारताल द्वारा पारित किया गया था। जिसका पालन अनावेदक संचालक मलबरी हाईट्स प्रवीण मेमन द्वारा नहीं किये जाने से अनुराग सिंह अनुविभागीय राजस्व अधिकारी आधारताल के द्वारा 29 दिसम्बर को टीम गठित कर अवैध कब्जे को हटाया गया। शासकीय भूमि को राजस्व एवं नगर निगम अतिकमण अमले के सहयोग से मुक्त किया जाकर कब्जा नगर निगम एवं जबलपुर विकास प्राधिकरण को सौंपा गया। लगभग 1 करोड रूपये की शासकीय भूमि अवैध कब्जाधारी से मुक्त कराई गई।



# कब्रस्तानों को बना रहे अवैध पार्किंग का अड्डा

## बढ़ रही असामाजिक तत्वों की चहल कदमी

जबलपुर।

जहां चाहे वहां अपने चार पहिया टिका दो और हफ्तों हफ्तों भूल जाओं। लोग परेशान रहें। वहीं अगर हफ्तों पब्लिक प्लेस में खड़ी कारों पर किसी से मामूली व्रैच भी आ जाए, लड़ने खड़े हो जाओ। शहर अवैध कब्जेधारियों से परेशान है। लोग अस्पतालों और स्कूलों की खाली जगह पर तो मनमानी करते ही थे। अब कब्रस्तान और शमसान जैसी जगहों को भी नहीं बख्शा जा रहा है। मंडी मदार टेकरी कब्रस्तान में अवैध पार्किंग का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। स्थाई तौर पर बना ली गईं, इन अवैध पार्किंगों से आमजन परेशान हैं। पुल के तरफ लगने वाले गेट से अंदर दर्जनों गाड़ियों ने स्थाई रूप से कब्जा जमा लिया है। जर्जर लोडिंग वाहन, आपे से लेकर महंगी कारें तक यहां जमी हैं। कुछ गाड़ियों तो ऐसी हैं जो हफ्तों महीनों से खड़ी हैं। कुछ ऐसी हैं कि गाड़ी मालिक को जब जरूरत होती है, वह ले जाता है और वापस लाकर खड़ा कर देता है। शुरु में सिर्फ 1 दो फोर व्हीलर खड़े होते थे। लेकिन अब एक दर्जन गाड़ियां क्रमवार खड़ी होने लगी हैं। यहां नगर निगम और प्रशासन के हाथ भी बंधे हुये हैं। क्योंकि वह कब्रस्तान के बाहर के अतिक्रमणों पर तो कार्यवाही कर सकता है। लेकिन अंदर स्थानीय जनों और कब्रस्तान के जिम्मेदार के सहयोग और शिकायत के बिना कार्यवाही मुश्किल है। क्षेत्रीय जनों का कहना है कि यदि इस दिशा में ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दिनों में समस्या कई गुना बढ़ जाएगी।



### जिम्मेदारों पर उठ रहे सवाल

यहां सबसे बड़ा सवाल कब्रस्तान का मेनेजमेंट देखने वाले जिम्मेदारों पर उठ रहा हैं, कि वो इस दिशा में प्रयास क्यों नहीं कर रहे हैं। गाड़ी पार्प करने वालों के 24 घंटे आवागमन की आड़ में अब असमाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। जो धड़ल्ले से अपनी बाईकों के साथ देर रात कब्रस्तान पहुंच जाते हैं। वहीं बाहर की दुकानों के ग्राहक भी अब कब्रस्तान की जमीन को पार्किंग स्थल के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं।

### बढ़ रहा असामाजिक तत्वों का जमावड़ा

यहां लम्बे से देर रात असामाजिक तत्वों के जमावड़े की शिकायत की जा रही है। आवारा लड़कों से लेकर जुआड़ियों शराबियों और स्मैक गांजा वालों की जमघट यहां रहती है। जब क्षेत्रीय जन सक्रिय होते हैं, तो कुछ दिन के लिये पुलिस हरकत में आ जाता है। कुछ दिन के लिये असामाजिक तत्वों की चहल कदमी बंद हो जाती है। जिसके बाद फिर वही हाल हो जाता है। अब जब से पुल साईड वाले गेट में अवैध पार्किंग बढ़ी है, तब से देर रात में लड़के सीधे टू व्हीलर लेकर अंदर चले जाते हैं।

# नव वर्ष के आयोजनों की करानी होगी वीडियोग्राफी

## होटल, रिसॉर्ट, क्लब संचालकों को पुलिस ने दी ताकीद

जबलपुर।

नए साल के स्वागत में जहां-जहां कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, खास कर होटलों और रेस्टोरेंट और क्लबों में खास कार्यक्रम आयोजित किए गए। नए साल के जश्न में कानून व्यवस्था न बिगड़े लोग हंसी-खुशी से नए साल का स्वागत करें इसके लिए पुलिस ने खासे इंतेजाम किए हैं। होटल और रिसॉर्ट व क्लब संचालकों की बैठक लेकर पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि रात 12 बजे बार बंद हो जायेंगे और 12.30 बजे तक आयोजक कार्यक्रम को स्वयं समाप्त करायेंगे। 31 दिसंबर की रात होने वालें आयोजनों को लेकर पुलिस ने आयोजकों से रुपरेखा ली। पुलिस ने सभी को ताकीद दी है कि साउंड सिस्टम की आवाज सिर्फ परिसर तक ही सीमित रहे। डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। पार्किंग की व्यवस्था आयोजकों को ही करना होगा और उन्हें यह तय करना होगा कि आम अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश न करे। किसी भी अराजक स्थिति के लिए पुलिस जिम्मेदार नहीं होगी, वहीं तमाम क्लब और होटल 12.30 बजे बंद हो जाएंगे। गत दिवस पुलिस कंट्रोल रूम में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर क्लब एवं होटल मे कार्यक्रम आयोजित करने वाले सभी संचालकें की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि रात्रि 12-30 बजे तक आयोजक स्वयं कार्यक्रम बंद करा देंगें। डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, अतः कार्यक्रम के पूर्व विधिवत अनुमति प्राप्त कर लें। साउंड-बाक्स का साउंड परिसर तक ही सीमित रखा जावेगा। जिन होटल एवं क्लबों में शराब, बीयर पिलाने का लायसेंस नहीं है, वहां शराब का सेवन नहीं कराया जायेगा, साथ ही जिनके पास लायसेंस है, वे निर्धारित समय रात्रि 11-30 बजे बार बंद कर देंगे। आयोजित कार्यक्रम स्थलों पर पार्पिंग की व्यवस्था मैनेजमेंट के द्वारा की जायेगी। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर जगह जगह चैकिंग पांइट लगाये जावेंगे, जिनके द्वारा नशे की हालत मे, तेज रफतार से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालो के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी ताकि कोई अप्रिय घटना घटित न हो। मैनेजमेंन्ट कार्यक्रम की आवश्यकतानुसार वीडियोग्राफी करायेगें। इसके साथ ही आयोजन स्थलों पर प्रवेश, निर्गम मार्ग, मंच को सतत रूप से वॉच किये जाने हेतु सीसी टीवी कैमरे स्थापित किये जाएं, साथ ही वीडियोग्राफी कराई जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर कार्रवाई की जा सके।




### 38वीं इंडियन इंजीनियरिंग कांग्रेस का समापन

**जबलपुर।** इंस्टिट्यूशन आफ इंजीनियर्स इंडिया लोकल सेंटर जबलपुर के तत्वावधान में आयोजित इंडियन इंजीनियरिंग कांग्रेस 2023 का आज समापन हुआ। इस तीन दिवसीय 38वीं इंडियन इंजीनियरिंग कांग्रेस में प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ सुधीर कुमार मिश्रा सहित देश-विदेश के लगभग 500 से अधिक वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों व इंजीनियरों ने हिस्सा लिया। कांग्रेस में जहां विभिन्न तकनीकी सत्रों और ओपन सेशन में इंजीनियरिंग की वर्तमान और भविष्य में आने वाली चुनौतियों से निपटने गहन मंथन हुआ वही आखिरी दिवस विशेषज्ञों ने विकसित भारत की संकल्पना को मूर्त रूप देने के निश्चय के साथ 38वीं इंडियन इंजीनियरिंग कांग्रेस का समापन किया।

### शाला का वार्षिकोत्सव समारोह आज

**जबलपुर।** एम.डी. बंगाली उ.मा., शाला मढ़ाताल, जबलपुर का शाला का वार्षिकोत्सव समारोह एवं सुरूचि मेला-2023 का आयोजन 30 दिसंबर को है जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमति तृप्ति दासगुप्ता (भू.पू. शिक्षिका सेंट जोसेफ कॉन्वेट हा. से. स्कूल एवं अध्यक्ष नारी मंगल समिति, जबलपुर ) होंगी। कार्यक्रम सुब्रत पाल अध्यक्ष, एस. बी.बी.एल. की अध्यक्षता में होगा।



# हितलाभ पाकर हितग्राहियों के खिले चेहरे

## विकसित भारत संकल्प यात्रा

**जबलपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत शहर में आयोजित हो रहे शिविरों में आई.टी.आई. चुंगी नाका और गोकलपुर सामुदायिक भवन में शिविर लगाए गए। यहां पर केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभ दिये गए। हितग्राहियों के लाभ वितरण केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी एवं उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डे ने वितरित किये।

शिविरों में हितग्राहियों के लाभांश वितरण के उपरांत सभी हितग्राहियों के चेहरों पे मुस्कान दिखाई दी। इस अवसर पर विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी एवं डॉ. अभिलाष पाण्डे ने बताया कि केन्द्र एवं राज्य शासन की जितनी भी जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित हैं उन सभी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचे ये हमारी प्राथमिकता है। विधायक द्वय ने कहा कि शिविरों में 10 हजार से अधिक हितग्राही शामिल हुए और सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया।विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी एवं डॉ. अभिलाष पांडे ने आयोजित हितग्राही शिविर में कहा कि हर व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले यही सरकार की मंशा है कोई भी पात्र व्यक्ति को इस तरह की कोई परेशानी ना हो की बात को दृष्टिगत रखते हुए इस तरह की शिविर आयोजित किया जा रहे हैं और हर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हम जनता को तैयार हैं। इस दौरान भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए उपस्थित सभी सम्मानित अतिथियों अधिकारियों कर्मचारियों एवम हितग्राहियों के द्वारा शपथ ग्रहण की गई।विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी एवं उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने सभी हितग्राहियों को धन्यवाद दिया एवं प्रत्येक हितग्राही परिवारों को भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार की प्रत्येक योजनाओं को घर-घर पहुंचाया जायेगा।

# दसमुखी महाकाली मंदिर से निकली अक्षत कलश शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत



जबलपुर। विश्व हिंदू परिषद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की रचना अनुसार श्रीराम तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आए पूजित अक्षत - कलश की शोभायात्रा नर्मदा जिला गोल बाजार क्षेत्र में निकल गई, विश्व हिंदू परिषद के नर्मदा जिला मंत्री राजेश पटेल ने जानकारी में बताया कि पूजित अक्षत कलश शोभायात्रा पूरे जिले के हर प्रखंड-खंड स्तर पर आयोजित की जाना है इसी क्रम में आज कछियाना स्थित दसमुखी श्रीमहाकाली मंदिर कछियाना से पूजित अक्षत कलश शोभायात्रा महंत योगी राजेश महाराज जी के नेतृत्व में अन्य पूज्य संतों के सानिध्य में गढ़ा फाटक गोल बाजार, घमंडी चौक, लार्डगंज होते हुए, मालवीय चौक, होकर गोल बाजार में पुनः श्रीदसमुखी महाकाली मंदिर में पूजित अक्षत कलश शोभायात्रा का अल्प विश्राम दिया गया, शोभायात्रा में महंत योगी राजेश महाराज जी एवं विश्व हिंदू परिषद के सर्वश्री प्रांत के रमेश श्रीवास धर्म यात्रा प्रमुख, संघ डॉक्टर पवन स्थापक, उमेश शुक्ला जिला सत्संग प्रमुख, राजेश रैकवार जिला मंत्री, सहमंत्री उमेश राठौर, अखिलेंद्र सिंह एडवोकेट, रोहित चौकसे, राजेश जैन, प्रवीण पटेल राजेश सोनकर, शैलेंद्र गुप्ता कमलेश शर्मा सहित 100 से अधिक मातृशक्तियां अपने सिर पर पूजित अक्षत कलश रखकर यात्रा में मुख्य रूप से शामिल रही।

## श्री राम रथ यात्रा जबलपुर से बरेला पहुंची



जबलपुर। श्री राम रथ यात्रा दूसरे दिवस आज बरेला तहसील में पहुंचते ही भव्य स्वागत हुआ। सौभाग्य पूज्य जगतगुरु स्वामी राघव देवाचार्य का आशीर्वाद एवं आशीर्वचन बरेला के समस्त क्षेत्रवासियों को प्राप्त विशाल जन समूह के बीच क्षेत्रीय विधायक इंदु तिवारी,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे, संध्या बेला की अमृत वर्षा गुरु जी के मुखबिंद से अद्भुत छटा उक्त अवसर पर विजय पांडे पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता, शनिखिल तिवारी, आदि उपस्थित रहे।



# भक्ति भाव से हुई इंद्रध्वज महामंडल विधान की पूर्णता

### श्री महावीर स्वामी दिगम्बर जैन मंदिर में हुआ आठ दिवसीय अनुष्ठान

जबलपुर। संस्कारधानी के बड़ा फुहारा स्थित श्री महावीर स्वामी दिगंबर जैन मंदिर में श्री वीतराग विज्ञान मंडल एवं जैन युवा फेडरेशन के तत्वावधान में विगत आठ दिनों से चल रहे श्री इंद्रध्वज महामंडल विधान महोत्सव की पूर्णता शनिवार को शांति पाठ के साथ हुई जिसमे बड़ी संख्या में साधर्मियों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर 458 अकृत्रिम जिनालयों में विराजमान सभी जिनबिंबों की भक्ति भाव पूर्वक पूजन कर सभी को प्रथक - प्रथक अर्घ्य समर्पित किये। फेडरेशन के मिडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में साधर्मियों ने आजीवन नियम लेकर संयमित जीवन जीने का संकल्प लिया। सम्पूर्ण अनुष्ठान विधानाचार्य पं. अनिल धवल भोपाल के कुशल मार्गदर्शन में साआनंद सम्पन्न हुआ उन्होंने अपनी ओजस्वी वाणी से निर्विघ्न विधान कराकर जिनशासन की मंगल प्रभावना की।



## अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा का संभागीय सम्मेलन होगा

जबलपुर। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा जबलपुर की आवश्यकता बैठक कंट्रोल रूम कॉफी हाउस में सम्पन्न हुई , सामाजिक संगठन के विस्तार एवं आगामी होने जा रहे, संभागीय सम्मेलन को लेकर उसकी तैयारी के विषय मे बैठक का आयोजित की गई, बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह यादव, शिव यादव, महिला शहर अध्यक्ष श्रीमती तृप्ति यादव, श्रीमती विनीता यादव, हेमलता यादव, श्रीमती गीता यादव आदि बैठक में उपस्थित थे।

# वर्ष 2023 में जनेकृविवि ने रचे अनेक कीर्तिमान

### शिक्षा, अनुसंधान एवं विस्तार सेवायें सहित किसान हित में हुये जमकर काम




जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय ने कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं विस्तार के क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय कार्य किये। इसके अन्तर्गत वर्ष 2023 में अनेकानेक कीर्तिमान स्थापित किये हैं। कृषि शिक्षा के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं के सम्पूर्ण रूप से कार्य कौशल को बढ़ाने के उद्देश्य से अनेकानेक कार्य किये गये हैं। विश्वविद्यालय की एक वर्ष की सबसे बड़ी अद्वितीय उपलब्धियों में नाहेप परियोजना के अंतर्गत कृषि वैज्ञानिकों, कृषि छात्र-छात्राओं के कई दलों को कृषि शिक्षा एवं रिमोट सेंसिंग, सुदूर संवेदन एवं ड्रोन संबंधी राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया, पहली बार ऐसा हुआ कि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की तैयारियां मात्र 10 दिन के अंदर कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में पूर्ण की गई और दीक्षांत समारोह बड़े ही धूमधाम और गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों की मेहनत से विभिन्न फसलों की 13 प्रजातियों को भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित कर अधिसूचना जारी की गई। जनेकृविवि ने कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं कृषि विस्तार के क्षेत्र अनेक कार्य, उपलब्ध एवं कीर्तिमान रचे हैं।

## उच्च पद प्रभार के आदेश नहीं होने से शिक्षकों में भारी आक्रोश

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि प्रदेश में शिक्षा विभाग में उच्च पद प्रभार की प्रक्रिया प्रचलन में है यह प्रक्रिया जून से निरंतर चल रही है प्रदेश के सभी संभागों में प्राथमिक शिक्षक से माध्यमिक शिक्षक एवं सहायक शिक्षक से शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षक से उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद हेतु काउंसलिंग अक्टूबर में हुई थी इसके आदेश कुछ संभागों में आचार संहिता के पहले व कुछ संभागों में आचार संहिता के बाद हो चुके हैं किंतु जबलपुर संभाग में यह आदेश आज दिनांक तक नहीं हुआ है। जिससे उच्च पद प्रभार प्राप्त शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है। संगठन के रॉबर्ट मार्टिन, जियाउरहीम, आसाराम झरिया, दिनेश गौंड, राकेश श्रीवास, सुधीर अवधिया आदि ने संयुक्त संचालक महोदय से मांग की है की उच्च पद प्रभार के आदेश शीघ्र जारी किए जाए।

## कांचघर साईं दरबार में महाआरती आज

जबलपुर। कांचघर साईं दरबार के पुरोहित पं. दयाशंकर दुबे के जन्मदिन पर साईं भक्त मंडली द्वारा सदगुरु साईं महाराज की महाआरती 30 दिसम्बर को शाम 07 बजे कांचघर साईं दरबार संस्था के अध्यक्ष चन्द्रशेखर दवे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित है। उपस्थिति की अपील भक्त मंडली ने सभी साईं भक्तों से की है।

**बाबाताल में भागवत कथा**

# इंद्रदेव का अहंकार तोड़ने भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पूजा प्रारम्भ कराई



सिहोरा। सिहोरा के बाबा ताल स्थित शिव मंदिर में कथावाचक इंद्रमणि त्रिपाठी ने श्री कृष्ण बाललीला प्रवचन देते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा में गोवर्धन पूजा व बाललीला के प्रसंग को श्रोताओं के बीच सुनाते हुए व्यास गद्दी की आसंदी से श्रीमद्भागवत पुराण कथा वाचन करते हुए कहा कि इंद्रदेव का अंहकार तोड़ने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने गोकुलवासियों को इंद्र का पूजन नहीं करने दिया था। जब इंद्रदेव का अंहकार तोड़ने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने गोकुलवासियों को इंद्र का पूजन नहीं करने दिया था। जब इंद्र ने अपना रोद्र रूप दिखाया था तब भगवान श्रीकृष्ण ने सभी गोकुलवासियों को गोवर्धन पर्वत पर लेकर जाकर छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर उनकी रक्षा की थी।जिसमें उन्होंने कहा गोवर्धन पूजा की परंपरा द्वापर युग से चली आ रही है। उससे पूर्व ब्रज में इंद्र की पूजा की जाती थी। मगर जब भगवान कृष्ण ने गोकुलवासियों को तर्क दिया कि इंद्र से हमें कोई लाभ नहीं प्राप्त होता क्योंकि वर्षा कराना तो उनका धर्म है और वह सिर्फ अपना कार्य करते हैं। इसकी जगह गोवर्धन पर्वत की पूजा करनी चाहिए जो हमारे गोधन का संवर्धन एवं संरक्षण करता है जिससे हमारा पर्यावरण भी शुद्ध रहता है। इसलिए इंद्र की नहीं गोवर्धन की पूजा की जानी चाहिए। कथा उपरांत श्रीमद् भागवत पुराण में प्रवचन कर्ता कथावाचक इंद्रमणि त्रिपाठी ने भगवान गिरधर गोपाल की आरती कराई जिसमें भक्तगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## गोरखपुर स्थित कार्यालय में कांग्रेस का 138वां स्थापना दिवस मनाया

जबलपुर। गोरखपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के हर कार्यकर्ता ने बढ़-चढ़कर भाग लिया था फिर भी कांग्रेस की पराजय हुई, जिसका मुख्य कारण सिर्फ ईवीएम हो सकती है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 29 दिसम्बर को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी को एक ज्ञापन भेजकर मांग की है कि समस्त राजनीतिक पार्टियां ईवीएम के खिलाफ जनादेश लाएं और आंदोलन करें। साथ ही सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मतभेद भुलाते हुए आगामी 2024 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को विजयी बनाने की अपील की गई। इस कार्यक्रम में मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कांडा, राजेन्द्र चौधरी, दीपक सिंह राजपूत, रूपलाल यादव, तम्बा स्वामी सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय क्लाइमेट लीडर एक्शन प्लान वर्कशॉप आयोजित



जबलपुर। भारत स्काउट गाइड मध्य प्रदेश एवं राष्ट्रीय मुख्यालय के निर्देशानुसार जिला स्तरीय क्लाइमेट लीडर एक्शन प्लान वर्कशॉप का आयोजन 26 से 30 दिसंबर 2023 तक सेंट ग्रेवियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल जबलपुर में आयोजित की जा रही है। सभी प्रतिभागियों को स्काउटिंग विद्या एवं गतिविधि के माध्यम से ग्रुप में डिवाइड किया गया इस प्रकार 10 ग्रुप तैयार किये गए जिनके नाम जबलपुर में प्रसिद्ध घाट के नाम पर रखे। प्रथम सत्र इंटीग्रेशन सेशन के पश्चात वर्कशॉप के उद्देश्य पर चर्चा की गई दोपहर 3:30 से औपचारिक ओपनिंग सेरिमनी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला मुख्य आयुक्त अजय तिवारी सेंट ग्रेवीयल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य ब्रदर उपस्थिति में आयोजित की गई। वर्कशॉप में कुल 110 प्रतिभागी शामिल हुए जिसमें से स्काउट 64 गाइड 36 प्रशिक्षक 10 शामिल हुए।



## रामरथ यात्रा का आगमन 1 को

सिहोरा। सबके आराध्य प्रभु श्री राम जी की रामरथ यात्रा का आगमन 1 जनवरी को सिहोरा हो रहा है जिसके लिए रेस्ट हाउस में अल्पकालिक समय में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से एडवोकेट विजय पांडे,पूर्व विधायक दिलीप दुबे भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकित तिवारी राजा ठाकुर,ज्योति पटेल, विनय पाल, सोनाली साहू, सोनू मिश्र, पार्षद शारदा बर्मन, ज्योति सुनील चक्रवर्ती, सारिका साहू, दुखिया बाई, रत्नेश दुबे, अभिषेक जैन, आयुष साहू, अखिल गुप्ता, अमित खत्री, अमित नौगरहिया, लालू यादव आदि उपस्थित थे ।

# भाजपा नेता और उनके पुत्र पर रॉड और डंडे से प्राण घातक हमला, मेडिकल में भर्ती

### खितौला थाना के वार्ड नंबर 18 बरा मोहल्ला की घटना, पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ दर्ज किया मामला

सिहोरा। भाजपा नेता और उनके पुत्र पर तीन आरोपियों ने डंडे और रोड से हमला कर दिया। हमले में भाजपा नेता और उनके पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक भाजपा नेता विनोद सेठी और भास्कर सेठी के कर्मचारी खितौला बरा मोहल्ला में आभा डेरी के सामने किराए से रहते हैं। रात में वह आना जाना करते हैं। इसी बात को लेकर मोहल्ले के कुछ लोगों से उनकी कहा सुनी हो गई। कर्मचारियों ने इसकी सूचना भाजपा नेता विनोद सेठी और उनके पुत्र भास्कर सेठी को दी। दोनों के वहां पहुंचने पर दीपक उर्फ दीपू दुबे अनिल पटेल प्रदीप दुबे ने उन्हें गालियां देना शुरू कर दी और एक राय होकर राड और डंडे से हमला कर दिया। हमले में दोनों के सिर पर गंभीर चोटें आई उन्हें तत्काल इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 324, 326, 506 का मामला दर्ज कर लिया है।

## निधन

**श्री घनश्याम दास खत्री-** लक्ष्मी परिसर कटंगा निवासी श्री घनश्याम दास खत्री (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**कु. रूबी कोरी-** खाई मोहल्ला हनुमानताल निवासी श्री द्वारका प्रसाद कोरी की पुत्री कु. रूबी कोरी (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नीरज केवट-** संत नगर पोलीपाथर लाइन पार निवासी श्री मुन्ना लाल केवट के पुत्र श्री नीरज केवट (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भरत लाल विश्वकर्मा-** बिहारी मोहल्ला सिद्धबाबा निवासी श्री हरी लाल विश्वकर्मा के पुत्र श्री भरत लाल विश्वकर्मा (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुभाष चंद्र वर्मा-** बेदीनगर मदनमहल मेडिकल रोड निवासी श्री सुभाष चंद्र वर्मा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लक्ष्मी प्रसाद शास्त्री-** सिंधी कैंप भवानी चौक निवासी श्री लक्ष्मी प्रसाद शास्त्री (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मथुरा वर्मा-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री मूलचंद वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती मथुरा वर्मा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रेम बाई दुबे-** गंगाराम का बाड़ा शीतलामाई निवासी श्री राजकुमार दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेम बाई दुबे (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मुन्नी बाई-** नानक नगर मानेगांव रांझी निवासी श्री ओम प्रकाश की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती भागवती दाहिया-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री बुद्धू लाल दाहिया की धर्मपत्नी श्रीमती भागवती दाहिया (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पप्पू राजपूत-** राजीव नगर कटंगा निवासी श्री पप्पू राजपूत (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश पहलाजानी-** झामनदास चौक के पास द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री सुरेश पहलाजानी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अनिल सोनी-** शुक्ला नगर मदनमहल निवासी श्री मनीराम सोनी के पुत्र श्री अनिल सोनी (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शशि झा-** सीओडी कॉलोनी सुहागी निवासी श्री किशन झा की धर्मपत्नी श्रीमती शशि झा (57) का निधन हो गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि मेरे पक्षकार (क्रेता) श्री संजय हमदाबादी और श्री बालाजी हमदाबादी, पिता स्वर्गीय गौरी शंकर राम, म.नं. 483, राजीव गाँधी वार्ड, कटनी, (म.प्र.), हाल मुकाम - म. नं. 1600, गली न. 4, शीतला माई वार्ड, पंजाब नेशनल बैंक के पीछे, बाई का बगीचा, जबलपुर (म.प्र.), पिन 482001 ने आप (विक्रेता) श्री मनीष कुमार पटेल पिता श्री रोहतास (रोहितास) पटेल, जाति कुर्मी, निवासी- मनियारी खुर्द, सरसवां, जबलपुर (म.प्र.) द्वारा कृषि भूमि मौजा मनियारी खुर्द प.ह.न. 18 पुराना नया प.ह.न. 65 रा.नि.म. बरौदा तहसील पनागर जिला जबलपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 41 रकवा 0.270 हेक्टेयर भूमि में से 0.170 हेक्टेयर भूमि को बेचने का विक्रय अनुबंध / रजिस्टर्ड इकरारनामा आप (क्रेता) से हो चुका है ।जिसकी रजिस्ट्री निकट भविष्य होना तय है ।अत: उक्त वर्णित / अनुबधित सम्पत्ति बावद आप किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय, अशासकीय, पास-पड़ोस, घर परिवार या अन्य कोई व्यक्ति का कोई हक / दावा रखता हो या कोई आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 5 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों साक्ष्य प्रमाण सहित मूल दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि उपरांत कोई भी आपत्ति / दावा अमान्य होगा ।और मेरे पक्षकार उक्त विक्रय अनुबंधित सम्पति को रजिस्ट्री (विक्रय पत्र) कराने हेतु स्वतंत्र होंगे।

जबलपुर दिनांक 29.12.2023

आशीष कुमार चौधरी
अधिवक्ता
मोबाइल न. 9300831615

### नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

मैं, ARMY No. 15691672F, RANK-HAV, TRADE EFS, NAME-PAWAR PRASHANT GOVIND, UNIT 2 TTR, 1 STC, JABALPUR (MP) यह कि मुझ शपथकर्ता के आर्मी रिकॉर्ड में मेरे पिता का नाम GOVIND व मेरे पिता की जन्मतिथि 01/07/1944 दर्ज हो गई है जो कि गलत है। यह कि मुझ शपथकर्ता के पिता का सही व सत्य नाम GOVIND SATU PAWAR एवं मेरे पिता की सही व सत्य जन्मतिथि 01/06/1940 है जो कि मेरे पिता के आधार कार्ड में दर्ज है जिनका आधार कार्ड क्रमांक 7340 0557 1351 है। यह कि मुझ शपथकर्ता के पिता का सही व सत्य नाम GOVIND SATU PAWAR एवं मेरे पिता की सही व सत्य जन्मतिथि 01/06/1940 मेरे आर्मी रिकॉर्ड में दर्ज करे। शपथ पत्र दिनांक 16/12/2023 समझ पब्लिक नोटरी महोदय जिला न्यायालय जबलपुर मप्र।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार द्वारा मौजा बिल्हा प.ह.नं. 46 बिल्हा रा.नि.मंडल शहपुरा तह. शहपुरा जिला जबलपुर (म. प्र.) में स्थित अविकसित कृषि भूमि खसरा नं. 39/1/2 रकवा 0.230 हेक्टयर मौका अनुसार रकवा 23300 वर्गफुट भूमि को संपत्ति स्वामी विक्रेता विद्याशंकर राय पिता स्व. श्री भोलाराम राय निवासी 30, गंजीपुरा, मेन रोड़, शिव शक्ति हरदौल मंदिर के पास जबलपुर मध्य प्रदेश वालो से क्रय करने का सौदा तय किया हैं। अत: उपरोक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, फर्म, बैंक या वित्तीय संस्था, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो मय मूल दस्तावेजों सहित प्रकाशन दिनांक से 7 दिन के अन्दर कार्यालीन समय में मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें, 7 दिन के बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी, और मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति के दस्तावेज का पंजीयन निकट भविष्य में करा लिया जायेगा ।

जबलपुर दि. 28.12.2023

शांतनु अयाची
(अधिवक्ता) मध्य प्रदेश उच्च न्यायलय
ऑफिस-GF06,रब्स हाइट,नारंग कम्पाउंड, दूसरे पुल के पास, नार्थ सिविल लाइन्स, जबलपुर, मध्य प्रदेश, पिन - 482001
मोबाइल - 9713421126, 7987174260

### नाम सुधार सूचना

मैं गिरधारी लाल चावला पिता स्व. श्री झम्मट मल उम्र 53 वर्ष निवासीः आदित्य कालोनी हीरा स्वीट्स के पीछे रामपुर ग्वारीघाट रोड, जबलपुर म.प्र. शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि- मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूँ, मेरा पुराना नाम गिरधारी लाल है, मेरे सभी दस्तावेजों आधार कार्ड, पेनकार्ड में नाम गिरधारी लाल चावला दर्ज है जो सही नाम है, मेरा गिरधारी लाल के स्थान पर गिरधारी लाल चावला नाम पढ़ा एवं लिखा जावे।

**गलत नाम- गिरधारी लाल**
**सही नाम-गिरधारी लाल चावला**

### नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

मैं, ARMY No. 15691672F, RANK-HAV, TRADE EFS, NAME-PAWAR PRASHANT GOVIND, UNIT 2 TTR, 1 STC, JABALPUR (MP) यह कि मुझ शपथकर्ता के आर्मी रिकॉर्ड में मेरी माता का नाम LADUBAI व मेरी माता की जन्मतिथि 01/07/1947 दर्ज हो गई है जो कि गलत है। यह कि मुझ शपथकर्ता की माता का सही व सत्य नाम LADUBAI GOVIND PAWAR एवं मेरी माता की सही व सत्य जन्मतिथि 01/01/1948 है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड में दर्ज है जिनका आधार कार्ड क्रमांक 6648 6707 4472 है। यह कि मुझ शपथकर्ता की माता का सही व सत्य नाम LADUBAI GOVIND PAWAR एवं मेरी माता की सही व सत्य जन्मतिथि 01/01/1948 मेरे आर्मी रिकॉर्ड में दर्ज करे। शपथ पत्र दिनांक 16/12/2023 समझ पब्लिक नोटरी महोदय जिला न्यायालय जबलपुर मप्र।

### न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्रं/1062/अ-6/2023-24

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शरद चंद्र सूदन/ के.एन.सूदन साउथ सिविल लाईन ने नजूल ब्लाक नं.-19 प्लाट नं. 1/1 निर्मित रकवा/रकवा-352 व.फु./ अवि. हिस्सा- / ग्राम-सिविल स्टेशन प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा- व.फु./ हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक- 29/03/1997 मृत्यु दिनांक- को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.-19 प्लाट नं. -1/1 निर्मित रकवा/ रकवा -352 व.फु./ अवि. हिस्सा- / ग्राम -सिविल स्टेशन प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा- व.फु. / हे. अशोक कुमार/ छिदामी लाल के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक //2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नही की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 18/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक -18/12/2023,पेशी दिनांक-03/01/2024

मुद्रा

तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

## खबर संक्षेप

### आरबीआई ने पीआईडीएफ योजना 2025 तक बढ़ाई



**मुंबई।** आरबीआई ने शुक्रवार को भुगतान अवसंरचना विकास कोष (पीआईडीएफ) योजना को दो साल बढ़ाकर दिसंबर 2025 तक कर दिया। इसके साथ ही 'साउंड बॉक्स' उपकरण और 'आधार' से जुड़े बायोमेट्रिक उपकरणों को शामिल करके सब्सिडी देने की गुंजाइश को बढ़ा दिया गया है।

### पावर ग्रिड को बांड से राशि जुटाने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल ने शुक्रवार को बांड के जरिये 2,200 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। बांड पर गठित निदेशकों की समिति ने 29 जुलाई को पूंजीगत व्यय जरूरतों को पूरा करने के लिए कई किस्तों में वित्त वर्ष 2023-24 में 5,700 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दी थी।

### कल्पतरु प्रोजेक्ट्स को मिले 3,244 करोड़ के नए ठेके



**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग एवं निर्माण कंपनी कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड को उसकी विदेशी अनुषंगी कंपनियों और संयुक्त उद्यमों के साथ 3,244 करोड़ रुपये के नए ठेके मिले हैं। कंपनी ने इसके साथ ही भूमिगत मेट्रो रेल सुरंग क्षेत्र में भी प्रवेश की घोषणा की है। भूमिगत मेट्रो रेल परियोजना के 'डिजाइन' तथा निर्माण का ठेका मिला है।

### नवंबर में प्लास्टिक निर्यात में 5.6 प्रतिशत की गिरावट



**मुंबई।** भारत से प्लास्टिक निर्यात में नवंबर में सालाना आधार पर 5.6 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह घटकर 89.2 करोड़ डॉलर रह गया है। इसकी मुख्य वजह विविध उत्पादों की निर्यात खेप में गिरावट आना है। प्लास्टिक निर्यात संवर्धन परिषद ने एक बयान में यह जानकारी दी। नवंबर, 2022 में कुल प्लास्टिक निर्यात 94.5 करोड़ डॉलर का हुआ था।

### जूमकार का इनोवेटिक के साथ विलय पूर्ण

**नई दिल्ली।** कार साझा करने वाले मंच जूमकार और विशेष प्रयोजन अधिग्रहण कंपनी 'इनोवेटिव इंटरनेशनल एक्विजिशन कॉर्पोरेशन' (आईओएसी) ने शुक्रवार को अपना विलय पूरा कर लिया। जूमकार ने एक बयान में कहा कि संयुक्त इकाई का नाम जूमकार होल्डिंग्स इंक रखा गया है और यह नैसडैक पर तत्काल अपना कारोबार शुरू कर सकती है।

### इसरार अहमद बने फियो के कार्यवाहक अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** इसरार अहमद ने भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के कार्यवाहक अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है। उनकी नियुक्ति स्थायी अध्यक्ष के चुनाव तक प्रभावी होगी। भारतीय निर्यातकों के निकाय ने बयान में कहा कि उपाध्यक्ष अहमद ने फियो के कार्यवाहक अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है। फियो के निवर्तमान अध्यक्ष ए शक्तिवेल का कार्यकाल पूरा हो चुका है। फियो का चुनाव पहले ही होने वाला था लेकिन वाणिज्य मंत्रालय ने इसे टाल दिया है। इस साल मई में एक समिति का गठन किया गया है जो निर्यात संवर्द्धन परिषदों और फियो के पदाधिकारियों के चुनाव से संबंधित मौजूदा दिशानिर्देशों की समीक्षा कर रही है।

# सरकार ने सुकन्या समृद्धि योजना के निवेशकों को दिया न्यू ईयर गिफ्ट

## ब्याज दरों को 8 फीसदी से बढ़ाकर 8.2 फीसदी कर दिया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश करने वाले निवेशकों को सरकार ने नए साल पर बड़ी सौगात दी है। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए योजना के ब्याज दरों को 8 फीसदी से बढ़ाकर 8.2 फीसदी कर दिया गया है।

- ब्याज दरों में किया बढ़ोतरी का एलान

इसके अलावा 3 साल की अवधि वाले डिपॉजिट पर ब्याज को 7 फीसदी से बढ़ाकर 7.1 फीसदी किया गया है। लेकिन दूसरी छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने 2023-24 की चौथी तिमाही जनवरी से मार्च तक के लिए छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों की समीक्षा कर उनकी घोषणा कर दी है। छोटी बचत योजनाओं में केवल सुकन्या समृद्धि योजना के ब्याज दरों में ही बदलाव किया गया है। बेटियों के लिए खासतौर से चलाई जा रही मोदी सरकार की इस स्कीम के ब्याज दर को 8 फीसदी से बढ़ाकर 8.2 फीसदी कर दिया गया है।

### पीपीएफ के निवेशकों में मायूसी

पब्लिक प्रविडेंट फंड के ब्याज दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है और इसमें निवेश करने वाले निवेशकों को केवल 7.1 फीसदी ब्याज मिलेगा। अप्रैल 2020 के बाद से ही पीपीएफ के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।




### इन स्कीमों के ब्याज दरों में बदलाव नहीं

वित्त मंत्रालय के सर्कुलर के मुताबिक सेविंग डिपॉजिट पर 1 जनवरी 2024 से लेकर 31 मार्च 2024 तक 4 फीसदी ब्याज मिलेगा। 1 साल की अवधि वाले डिपॉजिट पर 6.9 फीसदी, 2 साल के टाइम डिपॉजिट पर 7 फीसदी, 5 साल के डिपॉजिट पर 7.5 फीसदी ब्याज मिलेगा। 5 साल के रेकरिंग डिपॉजिट पर 6.7 फीसदी ब्याज को बरकरार रखा गया है।

### नेशनल सेविंग पर ब्याज दर यथावत

नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट पर 7.7 फीसदी ब्याज दर को बरकरार रखा गया है। किसान विकास पत्र में निवेश करने वालों के 7.5 फीसदी ब्याज मिलेगा और ये 115 महीने में मैच्योर करेगा। सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम 8.2 फीसदी ब्याज इस तिमाही में मिलेगा। पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम अकाउंट स्कीम में निवेश पर 7.4 फीसदी ब्याज मिलेगा।

### पहली तिमाही में ब्याज दर बढ़ाकर 8 फीसदी की गई थी

इससे पहले भी मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सुकन्या समृद्धि योजना के ब्याज दरों को 7.6 फीसदी से बढ़ाकर 8 फीसदी कर दिया गया था। यानि मौजूदा वित्त वर्ष में इस योजना के लिए सरकार 0.6 फीसदी ब्याज दरें बढ़ा चुकी है।

## बीएसई सेंसेक्स ने 18.73 प्रतिशत की बढ़त हासिल की

# शेयर बाजार की तेजी में निवेशकों की संपत्ति 2023 में 81.90 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

शेयर बाजार के लिए 2023 एक यादगार वर्ष रहा। सकारात्मक कारकों के दम पर शेयर बाजार में शानदार तेजी रही और निवेशकों की संपत्ति इस साल 81.90 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियाद ने बाजार में तेजी लाने अहम भूमिका निभाई।

इस साल 30 शेयरों वाले सूचकांक बीएसई सेंसेक्स ने 11,399.52 अंक यानी 18.73 प्रतिशत की बढ़त हासिल की। इस तेजी की वजह से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस साल 81,90,598.32 करोड़ रुपये बढ़कर 3,64,28,846.25 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

### भारतीय बाजार ने लचीलेपन का प्रदर्शन किया

पिछले साल 2022 में निवेशकों की संपत्ति 16.38 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ी थी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुनील न्याति ने कहा कि भारतीय बाजार ने लचीलेपन का प्रदर्शन किया और व्यापक उभरते बाजारों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में से एक बनकर उभरा है।



- बाजार का पूंजीकरण 3,64,28,846.25 करोड़ रुपए रहा
- खुदरा निवेशकों की भागीदार इस साल बढ़ी
- खुदरा निवेशक अब गिरावट के दौरान घबराते नहीं हैं

### स्मालकैप में 47 फीसदी का रहा उछाल

व्यापक बाजार में तेजी ने भी समग्र आशावाद को बढ़ाया। इस साल बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 13,746.97 अंक या 47.52 फीसदी उछला, जबकि मिडकैप इंडेक्स 11,524.72 अंक या 45.52 फीसदी चढ़ गया।

### रिलायंस पहले नंबर पर रही

बाजार मूल्यांकन के लिहाज से शीर्ष पांच कंपनियों की बात करें तो रिलायंस इंडस्ट्रीज 17,48,827.92 करोड़ रुपये के साथ पहले नंबर पर है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 13,88,591.70 करोड़ रुपये के मूल्यांकन के साथ दूसरे, एचडीएफसी बैंक 12,97,972.04 करोड़ रुपये के साथ तीसरे, आईसीआईसीआई बैंक 6,98,965.47 करोड़ रुपये के साथ चौथे और इन्फोसिस 6,40,351.80 करोड़ रुपये के बाजार मूल्यांकन के साथ पांचवे नंबर पर है।

### बाजार मूल्यांकन पहली बार 4000 अरब डॉलर पहुंचा

भारतीय बाजारों ने इस साल उस समय अपनी उपलब्धियों में और इजाफा किया जब बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन इस साल 29 नवंबर को पहली बार 4,000 अरब डॉलर तक पहुंच गया। बीएसई पर सभी सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 24 मई, 2021 को 3,000 अरब डॉलर पर पहुंचने के बाद उसे 4,000 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने में सिर्फ ढाई साल लगे।

*शुक्रवार को सेंसेक्स 170 अंक गिरा :साल 2023 के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स में गिरावट आई क्योंकि निवेशकों ने हालिया तेज उछाल के बाद मुनाफावसूली को प्राथमिकता दी। सेंसेक्स 170.12 अंक गिरकर 72,240.26 पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 47.30 अंक की गिरावट के साथ 21,731.40 पर बंद हुआ।*

### शेयर बाजार के लिए साल अच्छा रहा

न्याति ने कहा कि 2023 न केवल भारतीय शेयर बाजार के लिए एक अच्छा साल रहा, बल्कि खुदरा निवेशकों को भी इस साल तगड़ा मुनाफा हुआ। न्याति ने कहा, 'खुदरा निवेशक अब गिरावट के दौरान घबराते नहीं हैं, वे आत्मविश्वास से अपने निवेश को बरकरार रख रहे हैं और भारत की आर्थिक उन्नति के साथ चलने को तैयार हैं।'

### बाजार 2023 में करीब 20 प्रतिशत चढ़ा

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों- सेंसेक्स और निफ्टी में वर्ष 2023 के दौरान करीब 20 प्रतिशत की तेजी रही। हालांकि, साल के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को निवेशकों ने मुनाफा वसूली पर जोर दिया और बाजार गिरावट के साथ बंद हुए।

# तेल कंपनियां इथेनॉल पर देगी प्रोत्साहन राशि




- सी-हैवी शीरा से बने इथेनॉल पर मिलेंगे 6.87 रुपए प्रति लीटर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने आपूर्ति बढ़ाने के लिए सी-हैवी श्रेणी के शीरा से बने इथेनॉल पर 6.87 रुपये प्रति लीटर का प्रोत्साहन देने की पेशकश की है।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'सी-हैवी श्रेणी के शीरा से बने इथेनॉल उत्पादन को अधिकतम करने और इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम के लिए इथेनॉल की समग्र उपलब्धता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने सी-हैवी शीरा से बने इथेनॉल के लिए 6.87 रुपये प्रति लीटर के प्रोत्साहन की घोषणा की है।' सी-हैवी श्रेणी का शीरा चीनी कारखानों का एक उप-उत्पाद है। इथेनॉल उत्पादन के लिए इसका उपयोग हरित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का एक प्रभावी तरीका है। जीवाश्म ईंधन की खपत तथा आयात निर्भरता में कटौती के लिए एक सरकारी कार्यक्रम के हिस्से के रूप में तेल कंपनियां पेट्रोल में 12 प्रतिशत तक इथेनॉल का मिश्रण कर रही हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों- इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने इस शीरे पर प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है।

### इथेनॉल की कीमतें सरकार कुछ दिनों में तय करेगी

कंपनियों ने कहा कि सी-हैवी श्रेणी के शीरा से बने इथेनॉल की आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए यह निर्णय लिया गया है। प्रोत्साहन राशि पिछले इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) के खरीद मूल्य 49.41 रुपये प्रति लीटर के ऊपर दी जाएगी। बी-हैवी श्रेणी के शीरा और जूस से बनने वाले इथेनॉल की कीमतें सरकार कुछ दिनों में तय करेगी।

# भारत निवेशकों के देश के रूप में बदला: उदय कोटक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिग्गज बैंकर और कोटक महिंद्रा बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) उदय कोटक ने शुक्रवार को कहा कि भारत अब बचतकर्ताओं के बजाय निवेशकों का देश बन गया है और अधिक लोग अपना अधिशेष धन म्यूचुअल फंड एवं शेयर बाजार में लगाने लगे हैं।

कोटक ने सोशल नेटवर्किंग मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'भारतीय बचतकर्ताओं को 1980 के दशक की शुरुआत में सोने और जमीन की तुलना में वित्तीय परिसंपत्तियों पर कम भरोसा होता था। धीरे-धीरे बचतकर्ताओं ने कुछ हिस्सा बैंक जमा, यूटीआई और एलआईसी में स्थानांतरित करना शुरू किया।'

कोटक ने कहा कि 1990 के दशक में भी शेयर बाजार में निवेश को एक तरह का सट्टा ही माना जाता था। उन्होंने कहा, 'ऐसी स्थिति में कंपनियां पूंजी निवेश के लिए विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पास गईं। एफआईआई ने यहां पर संभावनाएं देखीं और कंपनियों में खरीदारी की लेकिन भारतीय बचतकर्ता इनसे दूर ही रहे। दिग्गज बैंकर ने कहा कि कंपनियों ने कम-चर्चित लक्जमबर्ग स्टॉक एक्सचेंज के जरिये पूंजी जुटाई थी। इस तरह भारत का पूंजी बाजार निर्यात किया जा रहा था। वरिष्ठ बैंकर ने कहा, हममें से कुछ लोगों ने बाजार नियामक सेबी के समक्ष इस घटना पर प्रकाश डाला। इससे 2000 के दशक की शुरुआत में निजी आवंटन बाजार (क्यूआईपी) की शुरुआत हुई।




- भारत अब बचतकर्ताओं का देश नहीं रहा
- लोग अपना धन एमएफ और शेयर बाजार में लगा रहे

*निवेशक मॉडल के बीच खींचतान चल रही : कोटक ने कहा कि इस बदलाव से भारत बचतकर्ताओं के देश से निवेशकों के देश में तब्दील हो गया है। इस समय बचतकर्ता/ उधारकर्ता और जारीकर्ता/ निवेशक मॉडल के बीच खींचतान चल रही है।*

# रत्न, आभूषण निर्यात नवंबर में घटकर रहा 4.52 प्रतिशत

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात नवंबर में सालाना आधार पर 4.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,018.180 करोड़ रुपये रहा। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जीजेईपीसी के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2022 में निर्यात 19,917.73 करोड़ रुपये रहा था।

जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने कहा, 'भारत में उद्योग जगत ने भू-राजनीतिक मुद्दों और मांग कम होने के कारण 15 अक्टूबर से 15 दिसंबर तक कच्चे हीरे का आयात बंद करने का आग्रह किया था। इसके साथ त्योहारी सीजन में मांग बढ़ने से निर्यात में सुधार हुआ है।' शाह ने कहा कि उद्योग जगत को भविष्य में चीजें बेहतर होने और वित्त वर्ष 2023-24 में निर्यात पिछले वित्त वर्ष की तुलना में बेहतर रहने की उम्मीद है। इस बीच कटे तथा पॉलिश किए गए हीरे (सीपीडी) का निर्यात नवंबर में 9.65 प्रतिशत घटकर 9,217.88 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 10,202.54 करोड़ रुपये था।



- गिरावट के साथ 19,018 करोड़ रुपये रहा

### नवंबर में सोने का निर्यात 9.2 फीसदी बढ़ा

सोने के आभूषणों का कुल निर्यात नवंबर में 9.2 प्रतिशत बढ़कर 6,724.95 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले इसी महीने यह 6,158.56 करोड़ रुपये था। प्रयोगशाला में बने पॉलिश किए गए हीरे (एलजीडी) का सकल निर्यात नवंबर में 20.12 प्रतिशत गिरकर 7,783.24 करोड़ रुपये हो गया।

# महिंद्रा एंड महिंद्रा पर 4.12 करोड़ रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली।** घरेलू वाहन विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) पर उसके दोपहिया कारोबार के संबंध में इनपुट टैक्स क्रेडिट दावे और शिक्षा उपकर क्रेडिट बैलेंस को जीएसटी-पूर्व दौर से जीएसटी प्रणाली में लाने पर 4.12 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एमएंडएम ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित कार्यालय उपायुक्त (राज्य कर) से महिंद्रा टू-व्हीलर्स लिमिटेड (एमटीडब्ल्यूएल) के दोपहिया वाहन कारोबार के संबंध में 4,11,50,120 रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश मिला है।

# सोना 350 रुपए टूटा, चांदी भी 1,000 रुपए लुढ़की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों से कमजोरी के संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 350 रुपये की गिरावट के साथ 63,950 रुपये प्रति 10 ग्राम रहगया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 64,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।

चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये लुढ़ककर 78,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। जबकि इसके पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 79,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोने के फरवरी अनुबंध का भाव 244 रुपये की गिरावट के साथ 63,145 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसके अलावा चांदी के मार्च अनुबंध का भाव 1,166 रुपये गिरकर 73,793 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना गिरावट के साथ 2,070 डॉलर प्रति औंस रह गया। चांदी भी गिरावट के साथ 23.80 डॉलर प्रति औंस रही। कॉमेक्स पर सोना हाजिर 2,070 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले बंद स्तर से 10 डॉलर कम है।



- चांदी लुढ़ककर 78,500 रुपए प्रति किलो

## बीएसईएस छतों पर 1,000 सौर इकाइयां लगाएगी



**नई दिल्ली।** बिजली क्षेत्र की कंपनी बीएसईएस ने अभी तक छतों पर 6,000 सौर इकाइयां स्थापित की हैं और उसकी योजना अगले वित्त वर्ष में कम से कम 1,000 और इकाइयां लगाने की है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छतों पर सबसे ज्यादा 3,650 सौर इकाइयां उपकरण घरेलू खंड में लगाई गईं। इसके बाद वाणिज्यिक खंड में 1,087 इकाइयां, शिक्षण संस्थानों में 939 इकाइयां, औद्योगिक क्षेत्र में 85 इकाइयां और अन्य क्षेत्रों में 129 इकाइयां स्थापित की गईं। बीएसईएस ने एक बयान में कहा, 'छत पर लगने वाले सौर नेट मीटरिंग की प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक रही। आवासीय, शिक्षण और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों सहित सभी श्रेणियों के उपभोक्ता बड़े पैमाने पर छत पर सौर नेट मीटरिंग के प्रति आकर्षित हुए हैं।'

## रिकवरी साइट पर स्विच करने लाइव सेशन होगा आयोजित

# नए साल में इस शनिवार को भी खुलेगा शेयर बाजार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वैसे तो शेयर बाजार में शनिवार को साप्ताहिक अवकाश होता है लेकिन जनवरी 2024 में इस दिन ट्रेडिंग होगी।

- एनएसई दो लाइव सेशन आयोजित करने जा रहा

दरअसल, डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट पर स्विच करने के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) 2 विशेष लाइव सेशन आयोजित करने जा रहा है। पहला सेशन सुबह 9:15 बजे शुरू होगा और यह सुबह 10:00 बजे समाप्त होगा जबकि दूसरा सेशन सुबह 11:30 बजे शुरू होकर 12:30 बजे बंद होगा। यह लाइव सेशन 20 जनवरी 2024, शनिवार को आयोजित किया जाएगा।

### क्या है इसका मकसद

दरअसल, इस ट्रेडिंग सेशन के जरिए स्टॉक एक्सचेंज डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट का ट्रायल करेगा। इसका मकसद विषम परिस्थिति में बिना किसी बाधा के ट्रेडिंग को जारी रखना है।

आसान भाषा में समझें तो किसी साइबर अटैक, सर्वर क्रैश या अन्य विषम परिस्थितियों में ट्रेडिंग डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट पर की जा सकेगी। इससे मार्केट और निवेशकों में स्थिरता बनी रहेगी।

### सर्कुलर में क्या कहा गया है

एनएसई ने इस संबंध में एक सर्कुलर भी जारी किया है। एनएसई सर्कुलर में ट्रेडिंग सेशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि 20 जनवरी को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में प्राइमरी साइट से डिजास्टर रिकवरी साइट पर इंट्रा-डे स्विच के साथ विशेष लाइव ट्रेडिंग सेशन आयोजित किया जाएगा।

### दूसरा सेशन डीआर साइट पर

वहीं, दूसरा विशेष लाइव ट्रेडिंग सेशन डीआर साइट पर होगा। इस दूसरे विशेष लाइव सेशन में, प्री-ओपन सेशन सुबह 11:15 बजे शुरू होगा और यह 11:30 बजे समाप्त होगा। सामान्य बाजार सुबह 11:30 बजे खुलेगा और दोपहर 12:30 बजे बंद होगा। वहीं, क्लोजिंग सेशन दोपहर 12:40 बजे से 12:50 बजे तक होगा। बता दें कि एनएसई के अलावा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज भी 20 जनवरी को एक विशेष लाइव सेशन आयोजित करेगा। बीएसई की ओर से भी इस संबंध में सर्कुलर जारी कर दिया गया है।



### ट्रेडिंग प्राइमरी वेबसाइट पर होगी

सर्कुलर के मुताबिक इस दिन सुबह 9:00 बजे से 9:08 बजे तक प्री-ओपन सत्र होगा। इसके बाद सामान्य बाजार सुबह 9:15 बजे खुलेगा और 10:00 बजे बंद हो जाएगा। इस दौरान ट्रेडिंग प्राइमरी वेबसाइट पर होगी।

## वारी एनर्जीज ने आईपीओ दस्तावेज किए दाखिल




**नई दिल्ली।** सौर पैनल निर्माता वारी एनर्जीज ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए धन जुटाने के लिए शुक्रवार को पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दाखिल किए गए दस्तावेज के अनुसार, आईपीओ में कुल 3,000 करोड़ रुपये के ताजा इक्विटी शेयर और एक प्रवर्तक तथा मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 32 लाख इक्विटी शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

## चिंतन

# उल्फा से नव समझौता असम में लाएगा शांति

चार दशक से असम में जारी उल्फा उग्रवाद में मौजूदा समझौता ज्ञापन अहम अध्याय है। गुजरते वर्ष के आखिरी दिनों में 29 दिसंबर को केंद्र सरकार, असम सरकार, और यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ़ असम (उल्फा) के बीच शांति समझौता हुआ है। इस समझौते का मकसद असम में दशकों से चल रहे संघर्ष को खत्म करना है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। हालांकि उल्फा का परेश बरुआ गुट समझौते से अलग है, वह अपनी संप्रभुता की मांग पर डटा हुआ है। असम में उल्फा उग्रवाद की 44 साल लंबी यात्रा रही है। इस समझौते के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के सबसे बड़े विद्रोही समूहों में से एक उल्फा के एक गुट की लंबी लड़ाई अब खत्म हो गई है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार उल्फा की सभी जायज मांगों को समयबद्ध तरीके से पूरा करेगी और उल्फा संगठन को भंग कर दिया जाएगा। असम के सबसे पुराने विद्रोही समूह के साथ हुए इस शांति समझौते का मकसद अवैध घुसपैठ, मूल निवासियों के लिए जमीन का अधिकार और असम के विकास के लिए एक वित्तीय पैकेज जैसे मुद्दों को सुलझाना है। इस समझौते के बाद असम में हिंसा में बड़ी कमी आएगी विास में तेजी आएगी। लोगों में शांति और स्थिरता की भावना बढ़ेगी। असम में लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक मुद्दों का ध्यान रखा जाएगा। यही नहीं स्वदेशी लोगों को सांस्कृतिक सुरक्षा और भूमि अधिकार भी मिल पाएगा। उल्फा की स्थापना परेश बरुआ, अरबिंद राजखोवा और अनूप चेतिया ने 7 अप्रैल, 1979 को शिवसागर, असम में की थी। असम में हाल के समय में लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाले कई महत्वपूर्ण कदम देखे गए हैं, लेकिन उल्फा मुद्दा कई विवादास्पद मुद्दों के बीच शीर्ष पर बना रहा। उल्फा मुद्दा शुरू में एक आंदोलन था, लेकिन जल्द ही अपहरण, जबरन वसूली, हत्याओं और बम विस्फोटों के साथ यह सशस्त्र संघर्ष में बदल गया। समझौते पर हस्ताक्षर एक तरह से चार दशक पुरानी समस्या का अधूरा समाधान ही माना जाएगा, क्योंकि परेश बरुआ नीत उल्फा (इंडिपेंडेंट) गुट तब तक बातचीत के लिए तैयार नहीं है जब तक कि असम की 'संप्रभुता' के मुद्दे पर चर्चा नहीं होती। उसके कैडर हिंसा की छिटपुट घटनाओं में शामिल हैं और सुरक्षा बलों ने अभियान तेज कर दिया है। उल्फा (आई) की अनुपस्थिति और विपक्षी दलों और नागरिक संगठनों द्वारा इसे अधूरा समाधान बताए जाने के बावजूद, यह समझौता एक मील का पत्थर है, क्योंकि 1991 के बाद से संगठन के साथ बातचीत के कई प्रयासों के बावजूद, कोई समाधान नहीं निकला है। उल्फा ने कई मौकों पर बातचीत की इच्छा जताई, लेकिन 'संप्रभुता' मुद्दे पर अपने रुख पर अड़ा रहा। वर्ष 2011 में संगठन में दूसरी बार विभाजन होने के बाद अध्यक्ष अरबिंद राजखोवा सहित शीर्ष नेतृत्व पड़ोसी देश से असम लौटा। उसके बाद वे संप्रभुता विषय के बिना बातचीत की मेज पर आने के लिए सहमत हुए और केंद्र सरकार को 12-सूत्रीय मांग पत्र प्रस्तुत किया। 1990 और 2000 के दशक में राज्य में उल्फा का जबरदस्त प्रभाव था। उल्फा शुरू में पड़ोसी नगालैंड और मिजोरम के उग्रवाद से प्रभावित। 1990 को सेना ने उल्फा के खिलाफ ऑपरेशन बजरंग शुरू किया था। उसी दौरान उल्फा को अलगाववादी और गैरकानूनी संगठन घोषित कर दिया गया जो अब तक कायम है। नव समझौता असम में शांति लाएगा।

## नव वर्ष

प्रियंका सौरभ




# नई उम्मीदें, नए लक्ष्य

नए साल पर अपनी आशाएँ रखना हमारे लिए बहुत अच्छी बात है, हमें यह भी समझने की ज़रूरत है कि आशाओं के साथ निराशाएँ भी आती हैं। जीवन द्वंद्व का खेल है और नया साल भी इसका अपवाद नहीं है। यदि हम 'बीते वर्ष' पर ईमानदारी से विचार करें, तो हमें एहसास होगा कि इसने हमें कुछ बहुमूल्य सीख और अनुभव अवश्य दिए। ये अलग से बहुत महत्वपूर्ण नहीं लग सकते हैं, लेकिन संभवतः ये प्रकृति का हमें उस उपहार के लिए तैयार करने का तरीका है जो उसने हमारे लिए रखा है जिसे वह अपनी समय सीमा में वितरित करेगी। साथ ही, अगर साल ने हमसे कुछ बहुत कीमती चीज़ छीन ली है, तो निश्चित रूप से उसने उसकी समान मात्रा में भरपाई भी कर दी है। वर्ष के अंत में, हमें एहसास होता है कि हमारी बैलेंस शीट काफी उचित है। तो, आइए हम आने वाले वर्ष में इस विश्वास के साथ प्रवेश करें कि नए साल का जादू यह जानने में निहित है कि चाहे कुछ भी हो, हर निराशा के लिए मुआवजा होगा, हर इच्छा की पूर्ति के लिए सीख होगी। हर साल, हम अपने दिल में एक गीत और कदमों में वसंत के साथ नए साल में प्रवेश करते हैं। हमें विश्वास है कि जादुई वर्ष अपने साथ हमारी सभी समस्याओं का समाधान लाएगा और हमारी सभी इच्छाएँ पूरी करेगा। चाहे वह सपनों का घर हो, सपनों का प्रस्ताव हो, सपनों की नौकरी हो, सपनों का साथी हो, सपनों का अवसर हो... और भी बहुत कुछ बेहतर हो। लेकिन जैसे-जैसे साल शुरू होता है और हम जो कुछ भी सामने आता है उससे निपटते हैं, नए साल की नवीनता, नए संकल्प, नई शुरुआत पहली तिमाही तक लुप्त होने लगती है। वर्ष के मध्य तक हम बहुत अधिक सामान्यता और कई फीकी आशाओं की चपेट में होते हैं, जो उस वादे से बहुत दूर है जिसके साथ हमने शुरुआत की थी। और आखिरी तिमाही तक हम अपनी वास्तविकता से इतने अभिभूत हो जाते हैं कि हम साल खत्म होने का इंतजार नहीं कर सकते। हम वर्तमान वर्ष को छोड़ते हुए और एक और 'नया साल' मनाने के लिए पूरी तरह तैयार हो जाते हैं और शुभकामनाएं बांटते हैं।
नववर्ष वह समय है जब हमें अचानक लगता है कि, ओह, एक साल बीत गया। हम कुछ पलों के लिए स्तब्ध हो जाते हैं कि समय कितनी जल्दी बीत जाता है, और फिर हम वापिस अपने काम में व्यस्त हो जाते हैं। मजे की बात यह है कि ऐसा साल में लगभग एक बार तो होता ही है। यदि हम आश्चर्य के इन क्षणों की गहराई में जाएं, तब हम पाएंगे कि हमारे भीतर कुछ ऐसा है जो सभी घटनाओं को साक्षी भाव से देख रहा है। हमारे भीतर का यह साक्षी भाव अपरिवर्तित रहता है और इसीलिए हम समय के साथ बदलती घटनाओं को देख पाते हैं। जीवन की वे सभी घटनाएं जो बीत चुकी हैं, एक स्वप्न बन गई हैं। जीवन के इस स्वप्न-जैसे स्वभाव को समझना ही ज्ञान है। यह स्वप्न अभी इस क्षण भी चल रहा है। जब हम यह बात समझते हैं तब हमारे भीतर से एक प्रबल शक्ति का उदय होता है और फिर घटनाएं व परिस्थितियां हमें हिलाती नहीं हैं। हालांकि, घटनाओं का भी जीवन में अपना महत्व है। हमें घटनाओं से सीखना चाहिए और आगे बढ़ते रहना चाहिए। नया साल नई उम्मीदें, नए सपने, नए लक्ष्य और नए आइडिया की उम्मीद देता है।

नए साल पर अपने लिए लक्ष्य निर्धारित कर लें। छात्र हों या नौकरीपेशा, सभी के लिए कोई न कोई लक्ष्य होना जरूरी होता है। भविष्य को बेहतर बनाने के लिए क्या कर सकते हैं और किस दिशा में प्रयास करना है, इन सब का निर्धारण करने के बाद उसे पूरा करने का संकल्प ले लें। आपका संकल्प हमेशा लक्ष्य को पूरा करने की याद दिलाता रहेगा। सभी 'नए साल' को जीवनकाल से जोड़ते हैं और हमारा जीवनकाल आशाओं और निराशाओं, सफलताओं और असफलताओं, खुशियों और दुखों के बारे में है और यह वर्ष भी कम जादुई नहीं होगा। तो इस वर्ष आप अपने संकल्पों को कैसे पूरा कर सकते हैं? इस बारे सोच समझकर आगे बढ़िये, दूसरों से समर्थन मांगें, अपने मित्रों और परिवार से आपका उत्साह बढ़ाने के लिए कहें। उन्हें अपने लक्ष्य बताएं और आप क्या हासिल करना चाहते हैं। अपने लिए एक इनाम प्रणाली बनाएं, अल्पकालिक लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें पूरा करने के लिए स्वयं को पुरस्कृत करें। अपने ऊपर दया कीजिये, कोई भी एकदम सही नहीं होता। अपने आप को कोसने की बजाय गहरी सांस लें और नव उत्कर्ष के प्रयास करते रहें। ऐसा माना जाता है कि साल का पहला दिन अगर उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाए, तो पूरा साल इसी उत्साह और खुशियों के साथ बीतेगा। भारतीय परम्परा के अनुसार नया साल एक नई शुरुआत को दर्शाता है और हमेशा आगे बढने की सीख देता है। पुराने साल में हमने जो भी किया, सीखा, सफल या असफल हुए उससे सीख लेकर, एक नई उम्मीद के साथ आगे बढना चाहिए। ताकि इस वर्ष की एक सुखद पहचान बने।

(लेखिका रिसर्च स्कॉलर, कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## लीगल रिफॉर्म

प्रमोद भार्गव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 15 अगस्त को लाल किले से दिए संबोधन में पांच प्रण किए थे, इनमें एक प्रण गुलामी की निशानियों को खत्म करना था। कानून संबंधी पारित विधेयकें उसी परिप्रेक्ष्य में हैं। इन नए कानूनों के अंतर्गत दंड अपराध रोकने की भावना पैदा करने के लिए दिया जाएगा। ये नए कानून महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर केंद्रित हैं। अब नए कानून में नाबालिग से दुश्कर्म और मॉब लीचिंग के लिए फांसी की सजा दी जाएगी। राजद्रोह कानून ब्रिटिश सत्ता को कायम रखने के लिए था, इसे अब खत्म किया गया है। कुछ धाराओं की संख्या भी बदली गई है। जैसे धोखाधड़ी 420 धारा के अंतर्गत थी, इसे अब धारा 316 के रूप में जाना जाएगा।

# औपनिवेशिक कानूनों से मुक्ति

अंग्रेजों के जमाने से चला आ रहे औपनिवेशिक कानूनों से आखिरकार जनता को मुक्ति मिल गई। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुलामी के प्रतीक माने जाने वाले तीन प्रमुख कानूनों में आमूलचूल बदलाव के विधेयक लोकसभा एवं राज्यसभा से पारित करा लिए। राष्ट्रपति ने भी अपनी मंजूरी दे दी है। इनमें परिवर्तन की प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी, क्योंकि फिरंगी हुकूमत के समय वजूद में लाए गए ये कानून स्वतंत्रता सेनानियों को अधिकतम दंड देने की मानसिकता से बनाए गए थे, जबकि कोई भी विधि सम्मत प्रक्रिया दंड की अपेक्षा न्याय के सारोकारों से जुड़ी होनी चाहिए। शाह ने इन विधेयकों पर संसद में चर्चा करते हुए कहा कि इन कानूनों के लागू होने के बाद दुनिया में सबसे अधिक आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली भारत की होगी, क्योंकि अब इनकी आत्मा में भारतीयता नीहित कर दी गई है। उन्होंने अंग्रेजों के और अब के कानून में फर्क बताते हुए कहा कि अंग्रेजों के जमानों में बने कानून का मुख्य उद्देषश्य ब्रिटिश साम्राज्य के हितों की रक्षा करना था। इसलिए इसमें दंड को मूल में रखा गया था, किंतु अब न्याय पर जोर होगा। वैसे भी भारत में न्याय की अवधारणा बहुत पुरानी है और ये कानून उसी अवधारणा की भावना पर आधारित हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 15 अगस्त को लाल किले से दिए संबोधन में पांच प्रण किए थे, इनमें एक प्रण गुलामी की निशानियों को खत्म करना था। कानून संबंधी पारित विधेयकें उसी परिप्रेक्ष्य में हैं। इन नए कानूनों के अंतर्गत दंड अपराध रोकने की भावना पैदा करने के लिए दिया जाएगा। ये नए कानून महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर केंद्रित हैं। अब नए कानून में नाबालिग से दुश्कर्म और मॉब लीचिंग के लिए फांसी की सजा दी जाएगी। राजद्रोह कानून ब्रिटिश सत्ता को कायम रखने के लिए था, इसे अब खत्म किया गया है। कुछ धाराओं की संख्या भी बदली गई है। जैसे धोखाधड़ी 420 धारा के अंतर्गत थी, इसे अब धारा 316 के रूप में जाना जाएगा। इसी तरह दुष्कर्म की धारा 376 को 63 में बदला गया है।

1860 में बने इंडियन पीनल कोड (आईपीसी) को अब भारतीय न्याय संहिता, 1898 में बने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और 1872 में बने इंडियन एविडेंस कोड को अब भारतीय साक्ष्य संहिता के नाम से जाना जाएगा। कुल 313 धाराएं बदली गई हैं। इनमें चार धाराएं सबसे ज्यादा असरकारी साबित होंगी। एक, राजद्रोह कानून से 'राजद्रोह' शब्द विलोपित कर दिया जाएगा। अब सरकार की आलोचना अपराध नहीं होगी, लेकिन देशद्रोह अपराध बना रहेगा। नए प्रारूप में धारा 150 के तहत आरोपी को सात साल की सजा से लेकर उम्रकैद तक की सजा दी जा सकती है। दो, मॉब लीचिंग यानी उन्मादी भीड़ द्वारा हत्या और हिंसा के लिए अलग से सजा का प्रावधान किया गया है। इसे पंथ निरपेक्ष रखा गया है। क्योंकि कभी-कभी चोर को भी भीड़ मार देती है। कई अशिक्षित क्षेत्रों में महिलाओं को डायन बताकर समूह मार देता है। इन हत्याओं पर अब मॉब लीचिंग कानून लागू होगा। अभी तक ऐसे मामलों में



हत्या की धारा 302 और दंगा या बलवा की धाराएं 147-148 के तहत कार्रवाई होती थी।

तीन, नाबालिग से दुष्कर्म या पहचान छिपाकर किए गए दुष्कर्म के आरोप में 20 साल कारावास या मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। विरोध नहीं करने के अर्थ का आशय सहमति नहीं निकाला जाएगा। मौजूदा स्थिति में नाबालिग से दुष्कर्म पर न्यूनतम सजा में सात साल की व्यवस्था है। इसी तरह राज्यों को अब असली पहचान छिपाकर संबंध बनाने वाले अपराधियों के लिए 'लव जिहाद' जैसा पृथक कानून बनाने की जरूरत नहीं है। प्रस्तावित कानून में गलत पहचान बताकर नौकरी, पदोन्नति और अन्य प्रलोभन दिलाने के झूठे वादे कर दुष्कर्म के अंजाम को सजा के दायरे में लाया गया है। लव जिहाद इसी के अंतर्गत आएगा।

चौथा, देश में पहली बार छोटे-मोटे अपराधों के लिए सामुदायिक सेवा का क्रांतिकारी प्रावधान किया गया है। इन अपराधों में नशे में हंगामा और पांच हजार से कम की चोरी करने के आरोप में सामुदायिक सेवा की सजा दी जाएगी। ऐसी सजा में सार्वजनिक स्थलों पर पौधे लगाने जैसे प्रावधान शामिल हैं। हालांकि उच्च न्यायालय ग्वालियर ने इस तरह की सजाएं सुनाई हैं।


सबसे बड़ा परिवर्तन 1860 में अस्तित्व में आए औपनिवेशिक कानून 'राजद्रोह' में किया गया है। इसके औचित्य पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। संसद में भी इस धारा के औचित्य पर कई बार प्रश्नचिन्ह खड़े किए गए हैं। लेकिन बदलाव के इस प्रस्ताव से पहले कोई भी सरकार ने इस कानून में परिवर्तन की हिम्मत नहीं जुटा पाई। संप्रग सरकार में जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, तब 2012 में राज्यसभा में प्रस्तुत एक निजी विधेयक में सांसद डी राजा ने कहा था कि 'देश में चले स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के दमन और उन पर अमानुशिक अत्याचार के लिए फिरंगी हुकूमत ने 1860 में देशद्रोह का कानून बनाया था। इसे और कठोर 1870 में धारा 124-ए को दण्ड प्रक्रिया संहिता में शामिल कर लिया गया था, लिहाजा इस कानून में अब बदलाव की जरूरत है।' लेकिन इस निजी विधेयक को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। दरअसल यही वह कालखंड था, जब 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम पूरे राष्ट्र में एकजुटता के साथ उभरा था। इसमें आमजन की बड़ी संख्या में भगीदारी थी। इसी आमजन को दंडित करने के लिए ही इस दमनकारी कानून को वजूद में लाया गया था। यह सब जानते हुए भी तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार ने धारा 124-ए को 'आतंकवाद, उग्रवाद और सांप्रदायिक हिंसा जैसी देशद्रोही समस्याओं से निपटने के लिए आवश्यक और संविधान सम्मत बताया था। सरकार ने इस समय संसद में यह भी स्पष्ट किया था कि समुचित दायरे में रहकर सरकार की आलोचना करने पर कोई रोक नहीं है, लेकिन जब देश के खिलाफ कोई गतिविधि हो तो, तब देशद्रोह की धारा प्रभावी होगी।

धारा 124-ए के अंतर्गत लिखित या मौखिक शब्दों, चिन्हों प्रत्यक्ष या अप्रत्क्ष तौर से नफरत फैलाने या असंतोष जाहिर करने पर देशद्रोह का मामला दर्ज किया जा सकता है। यह समझ लेना भी जरूरी है कि संविधान का अनुच्छेद 19-1 अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी जरूर देता है, लेकिन इस पर युक्तियुक्त प्रतिबंध भी लगाया गया है। नए कानून में पहली बार आतंकवाद को पारिभाषित किया गया है। यदि कोई व्यक्ति देश की एकता, अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा को संकट में डालने के इरादे से कोई कृत्य करता है तो उसे नए कानून के हिसाब से सजा मिलेगी। देश के अस्तित्व को चुनौती देने वाले तत्व कानूनी शिकंजे से बच नहीं पाएंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जीवन प्रक्रिया की छानबीन



संकलित
**दर्शन**

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है।

## धन कमाने के साथ भक्ति भी करें, तभी अशांति दूर होगी



संकलित
**प्रेरणा**

एक दिन कबीरदास अपना काम कर रहे थे। काम करते समय वे भगवान का ध्यान भी कर लेते थे। पूरे दिन कबीरदास ऐसा ही करते थे। एक व्यक्ति उन्हें कई दिनों से देख रहा था। उसने कबीरदास से पूछा कि आप भक्त हैं, लेकिन आपको अलग से भक्ति करते हुए मैंने नहीं देखा। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति की बात सुनी और कहा कि इस प्रश्न का उत्तर मैं दूंगा, लेकिन अभी तुम मेरे साथ चलो। हम थोड़ा घूम आते हैं। रास्ते में उन्हें एक महिला दिखाई दी। वह महिला पानी भरकर लौट रही थी। उसके सिर पर पानी से भरा मटका रखा था और वह अपनी मस्ती में गीत गाते हुए जा रही थी। उस महिला ने मटके को पकड़ा भी नहीं था। उसके सिर पर मटका स्थिर था और उसका पानी भी नहीं छलक रहा था। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति से कहा कि ये महिला पानी लेकर जा रही है। सिर पर मटका रखा है, लेकिन उसने मटके पकड़ा भी नहीं है और गीत गाते हुए जा रही है। इसका ध्यान अपने मटके पर है, गाने पर भी है और रास्ते पर भी है। कबीर जी ने उस व्यक्ति को आगे समझाया कि इस महिला की तरह ही मैं भी काम करते-करते भगवान का ध्यान कर लेता हूं, भक्ति कर लेता हूं। दुनियादारी के काम करते हुए भी मेरा मन भगवान की भक्ति में ही लगा रहता है। मैं ये काम भी कर लेता हूं और भक्ति भी कर लेता हूं। ठीक इसी तरह जीवन में संतुलन बहुत जरूरी है। हमें धन भी कमाना चाहिए और भक्ति भी करते रहना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### अपराधियों को सजा देने में हिचकिचाहट क्यों?

अर्जुन अवार्डी विनेश फोगाट और अन्य खिलाड़ियों के साथ बृजभूषण शरण सिंह का क्या व्यवहार है? महिला खिलाड़ियों को उत्पीड़न का शिकार क्यों बनाया जा रहा है? अगर महिला खिलाड़ियों की इज्जत और आबरू दाव पर लगती है, तो जरा सोचिए, क्या भविष्य में खेल के मैदान में कोई महिला उतरेगी? कौन अभिभावक अपने बच्चों को ऐसी जगह भेजेगा जहां उनकी इज्जत नहीं होती। एक तो खिलाड़ियों की ड्रेस ही ऐसी होती है कि अभिभावक दिल पर पत्थर रखकर ही उसे खिलाड़ियों को पहनाते हैं।

**-मनोज जोशी**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### लद्दाख बन रही सड़कें

सरकार ने लद्दाख में राजकीय राजमार्ग और अन्य प्रमुख सड़कों से संबंधित 29 परियोजनाओं के लिए 1,170.16 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। सीआरआईएफ योजना के अंतर्गत आठ पुलों के लिए 181.71 करोड़ रुपये भी स्वीकृत किए हैं।

**- नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री**



### स्वास्थ्य ढांचे का निर्माण

सरकार बुनियादी ढांचे को न केवल उन्नत और विस्तारित करके स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपना रही है, बल्कि चिकित्सा पेशेवरों की बढ़ रही मांग को पूरा करने के लिए और अधिक संस्थान भी बना रही है।

**-मनसुख मांडविया, स्वास्थ्य मंत्री**



### कदम उठा रही सरकार

घने कोहरे से उड़ान संचालन पर पड़ने वाले असर से निपटने के लिए सरकार कदम उठा रही है। कोहरे का सामना हम हर साल 15-20 दिन करते हैं, पर इस साल, पिछले तीन या चार दिन से अप्रत्याशित कोहरा रहा है।

**-ज्योतिरादित्य सिंधिया, विमानन मंत्री**



### हिंदुत्व मुद्दे पर चुनाव

भाजपा 2024 का लोकसभा चुनाव हिंदुत्व के मुद्दे पर लड़ सकती है। मोदी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का और 14 फरवरी को अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे, इसके बाद आम चुनाव की घोषणा की जाएगी।


**-शशि थरूर, कांग्रेस नेता**



## करंट अफेयर

### भारतीय मूल के उद्यमी ऑर्डर ऑफ कनाडा से सम्मानित

भारत में जन्मे उद्यमी फिरदौस खरास को मानव-केंद्रित मीडिया के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए देश के सर्वोच्च सम्मानों में शामिल 'ऑर्डर ऑफ कनाडा' के एक अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। वर्ष 2023 के लिए 'ऑर्डर ऑफ कनाडा' की नियुक्तियों की वार्षिक सूची कनाडा की गवर्नर जनरल मैरी साइमन ने बृहस्पतिवार को जारी की। 'ऑर्डर ऑफ कनाडा' देश के सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। यह समाज के सभी क्षेत्रों के उन लोगों को मान्यता देता है, जिन्होंने कनाडा में असाधारण और निरंतर योगदान दिया है। साइमन ने 'ऑर्डर ऑफ कनाडा' में 78 नई नियुक्तियों की घोषणा की, जिनमें तीन 'कम्पैनियन', 15 अधिकारी, एक मानद अधिकारी और 59 सदस्य शामिल हैं। खरास (68) को 'एक सामाजिक उद्यमी, मानवतावादी और जन संचार मीडिया निर्माता के रूप में मानव-केंद्रित मीडिया के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए' 'ऑर्डर ऑफ कनाड़ा का अधिकारी नियुक्त किया गया। खरास ने एक बयान में कहा, 'मैं इस उच्च सम्मान को पाकर बहुत अभिभूत हूं, जो खासकर एक प्रवासी के रूप में मेरे लिए बहुत मायने रखता है। भले ही पारसी समुदाय ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन कनाडा में उनकी संख्या बहुत कम यानी मात्र 3,600 है, इसलिए इस प्रकार का सम्मान मिलना बहुत ही संतोषजनक है।'



## ऑफ बीट

### बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण

यह विकास की एक दुर्भाग्यपूर्ण विचित्रता है कि सब्जियाँ हमारे लिए बहुत अच्छी हैं लेकिन वे हम सभी के लिए तुरंत स्वादिष्ट नहीं होती हैं। हम उच्च ऊर्जा वाले खाद्य पदार्थों के मीठे या उम्दा स्वाद का आनंद लेने के लिए विकसित हुए हैं, क्योंकि भुखमरी दीर्घकालिक स्वास्थ्य की तुलना में अधिक तात्कालिक जोखिम है। सब्जियाँ विशेष रूप से उच्च ऊर्जा वाली नहीं होती हैं, लेकिन वे आहार फाइबर, विटामिन और खनिजों और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले यौगिकों से भरपूर होती हैं जिन्हें बायोएक्टिव कहा जाता है। ये बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण बनते हैं। पादप बायोएक्टिव, जिन्हें फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी कहा जाता है, पौधों द्वारा पर्यावरणीय तनाव और शिकारियों से खुद को बचाने के लिए बनाए जाते हैं। वही चीजें जो पौधों के खाद्य पदार्थों को कड़वा बनाती हैं, वही चीजें उन्हें हमारे लिए अच्छा बनाती हैं। दुर्भाग्य से, कड़वा स्वाद हमें जहरों से और संभवतः एक ही पौधे को अधिक खाने से बचाने के लिए विकसित हुआ, तो एक तरह से, पादप खाद्य पदार्थों का स्वाद जहर जैसा हो सकता है। हममें से कुछ के लिए, यह कड़वी अनुभूति विशेष रूप से तीव्र है, और दूसरों के लिए यह इतनी बुरी नहीं है। यह आंशिक रूप से हमारे जीन के कारण है। मनुष्यों में कम से कम 25 अलग-अलग रिसेप्टर्स होते हैं जो कड़वाहट का पता लगाते हैं, और हममें से प्रत्येक के पास अपने स्वयं के आनुवंशिक संयोजन होते हैं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### खत्म हो जाएगा 1 जनवरी से टाटा कॉफी का वजूद

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप की एक और कंपनी का वजूद खत्म होने वाला है। 1 जनवरी से टाटा कॉफी लिमिटेड का टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और टीसीपीएल ब्रेवरेज एंड फूड के साथ मर्जर हो जाएगा। इसको लेकर एनसीएलटी की तरफ से पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है। मर्जर के तहत टाटा कॉफी के बागान कारोबार को टीसीपीएल बेवरेजेस एंड फूड्स में विलय कर दिया जाएगा। फूड्स और बाकी कारोबार टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के साथ मर्ज हो जाएगा।

### वारी एनर्जीज ने पेश की डीआरएचपी

**मुंबई।** भारत में 12 गीगावॉट की सबसे बड़ी कुल स्थापित क्षमता के साथ सौर पीवी मॉड्यूल की सबसे बड़ी निर्माता कंपनी वारी एनर्जीज लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में 30,000 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू और 10 रुपए प्रत्येक के अंकित मूल्य वाले 3,200,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है।

### श्रेष्ठ फिनवेस्ट बोर्ड ने दी राइट्स इश्यू को मंजूरी

**नई दिल्ली।** श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने 2 रुपए के अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों को जारी करने और आवंटित करने के माध्यम से धन जुटाने की मंजूरी दे दी है, जिसकी कुल राशि राइट इश्यू के आधार पर, 49 करोड़ रुपए से अधिक नहीं होगी, कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा तय किए जा सकते हैं, कंपनी के योग्य इक्विटी शेयरधारकों के लिए, रिकॉर्ड तिथि पर प्रावधानों के अनुसार, लागू विनियामक, वैधानिक अनुमोदन की प्राप्ति के अधीन।

### आईआईटी को बुनियादी ढांचे में मील के पत्थर हासिल

**गुवाहाटी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने अनुसंधान बुनियादी ढांचे, प्लेसमेंट और सहयोग में मील के पत्थर हासिल किए हैं।
इनमें शामिल हैं जी20 - वाई20 इंसेप्शन मीट की मेजबानी, स्मार्ट ड्रोन विकसित किया और असम एडवांस्ड हेल्थकेयर इनोवेशन इंस्टीट्यूट की स्थापना की।
क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 14 विषयों को स्थान मिलने, प्रति संकाय अनुसंधान उद्धरण में 32वां स्थान, विश्व के शीर्ष 25 फीसदी संस्थानों की सूची में प्रवेश के साथ वैश्विक पहचान मिली।

### तुअर,उड़द की बढ़ी ड्यूटी फ्री इंपोर्ट की डेडलाइन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने तुअर (अरहर) और उड़द दाल के आयात पर शुल्क से छूट की अवधि एक साल के लिए बढ़ा दी है। अब 31 मार्च 2025 तक इन दोनों दालों के आयात पर कोई ड्यूटी नहीं देनी होगी, यानि कि फ्री में इंपोर्ट किया जा सकेगा। यह फैसला देश के अंदर दालों की उच्च महंगाई पर अंकुश लगाने में मददगार साबित होगा। मंत्रालय की मंजूरी के बाद इस बारे में डायरेक्टरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड की ओर से 28 दिसंबर को नोटिफिकेशन जारी किया गया है। अभी तक तुअर और उड़द दाल का फ्री इंपोर्ट 31 मार्च 2024 तक किया जा सकता था। इससे पहले सरकार ने मसूर दाल (मसूर) के ड्यूटी फ्री इंपोर्ट के लिए डेडलाइन को बढ़ाकर 31 मार्च 2025 किया था। मसूर दाल के आयात पर भी यह छूट 31 मार्च 2024 तक थी। इसके अलावा मसूर पर 10 प्रतिशत एग्री-इंफ्रा सेस से छूट को भी मार्च, 2025 तक बढ़ा दिया गया है।

### भारतपे के राजस्व में 182 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** भारतपे ने वित्तीय वर्ष 2023 के लिए अपने वित्तीय प्रदर्शन की घोषणा की, जिसमें व्यावसायिक क्षेत्रों में हुई वृद्धि और रणनीतिक प्रगति को दिखाया गया है। फिनटेक फर्म का जो रेवेन्यु वित्त वर्ष 2022 में 321 करोड़ रुपए था वह बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में 904 करोड़ रुपए हो गया यानि कि ओपरेशन से रेवेन्यु में 182 फीसदी की वृद्धि हुई। लॉस बिफोर टैक्स तेजी से कमी आई है, जो कि 5,594 करोड़ रुपए से गिरकर 886 करोड़ रुपए हो गई। इसके अलावा, ईबीआईटीडीए लॉस में भी लगभग 158 करोड़ रुपए की कमी आई जो वित्तीय स्थिरता की दिशा में उठाए गए कदमों को दिखाता है। ऋण देने में भारतपे के मर्चेंट लेंडिंग डिवीजन में शानदार वृद्धि देखी गई, जिसमें ऋण सुविधा में 129 फीसदी की वृद्धि (5,339 करोड़ रुपए तक पहुंच गई), जो व्यापारियों को सशक्त बनाने के लिए भारतपे की प्रतिबद्धता दिखाती है।

---

### चार्टर्ड हो फिर बड़ी 52 सीटर बस सभी में लादा जा रहा 3 से 4 टन माल

# ट्रांसपोर्टर बोले- बसों में अवैध तरीके से किया जा रहा है सामान का ट्रांसपोर्टेशन

आत्माराम सोनी ▶▶ भोपाल

**नियम : बसों में केवल बस में सवार यात्रियों से जुड़ा सामान ही लोड किया जा सकता है**



हरिभूमि चर्चा

चार्टर्ड बस हो फिर बड़ी 52 सीटर बस सभी के निजी बसों के द्वारा कैपिसिटी से दोगुना माल लोड किया जा रहा है। बस ऑपरेटरों द्वारा परिवहन विभाग के नियमों को ताक में रख माल ट्रांसपोर्टेशन किया जा रहा है। नियमानुसार यात्री बस ऑपरेटर केवल यात्रियों से पैसे कमा सकते हैं,आपरेटरों को माल ट्रांसपोर्ट करके पैसे कमाने का अधिकार नहीं है। बसों में केवल बस में सवार यात्रियों से जुड़ा सामान ही लोड किया जा सकता है, लेकिन बस ऑपरेटरों द्वारा पैसे कमाने के उद्देश्य से माल या सामान का ट्रांसपोर्टेशन किया जा रहा। बसों टनों के हिसाब से सामान का ट्रांसपोर्टेशन हो रहा है। ट्रैफिक नियमों को ताक में रख बस चालकों द्वारा बसों में अधिक मात्रा में भार लादा जा रहा है। जिससे बस में बैठे यात्रियों के लिए खतरनाक होता है, यह ट्रांसपोर्टरों का कहना है।

ट्रांसपोर्टरों ने कहाकि पहले भी लोग कई तरह के पार्सल इन बसों के माध्यम से दूसरे राज्यों या शहरों में भेजते रहे हैं। हालांकि इसका अधिकार निजी बस ऑपरेटर्स को नहीं है। अलग-अलग साइज के इन पार्सल के लिए ऑपरेटर्स द्वारा मनमाने ढंग से चार्ज वसूला जाता है। शहर में अधिकांश निजी बसों के दफ्तरों के बाहर सैंकड़ों किलो पार्सल का माल पड़ा रहता है। बसें जब यहां पहुंचती हैं, तब माल लोड कर दिया जाता है।

#### बस ऑपरेटरों ने खोल रखे हैं बुकिंग और डिलीवरी काउंटर



निजी बस आपरेटरों ने अपने दफ्तर में माल ट्रांसपोर्ट के लिए बुकिंग और डिलीवरी काउंटर भी खोल रखे है। रोडवेज बस चालक और परिचालक लालच के चलते बसों में माल ढुलाई करते हैं। जगह और स्थान पूछकर माल को वहां उतार देते हैं। रोडवेज बस में सवारी के चालक -परिचालक व्यापारी से पैसा लेकर पार्सल बस के अगले या फिर पिछले हिस्से में या फिर बस की छत पर डाल देते हैं और इसकी एवज में पैसा ले लिया जाता है। व्यापारी सेल्स टैक्स बचाने के लिए चालक-परिचालक को सुविधा शुल्क देता है। इसे लेकर कई बार शिकायत भी हुई।


**ठाकुरलाल राजपूत**, अध्यक्ष,ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन भोपाल

#### सीटों के नीचे बकायदा फ्लोर बना रखा है



सुप्रीम कोर्ट और हार्टकोर्ट के आदेश और परिवहन विभाग के नियमों की अवहेलना निजी बस आपरेटरों द्वारा की जा रही है। ऑपरेटरों ने सीटों के नीचे बकायदा फ्लोर बना रखा है जिसमें 3 से 4 टन माल भरते हैं। ऐसा करके बस में सफर करने वाले यात्रियों के जान माल को खतरा तो होता ही है, सरकार को भी राजस्व की हानि होती है। क्योंकि बस ऑपरेटरों द्वारा अधिकांशतः इलेक्ट्रॉनिक्स सामान सहित जिन सामान में जीएसटी की दर अधिरोपित है उस सामान का ट्रांसपोर्टेशन किया जाता है।

**सीएल मुकाती**, अध्यक्ष, ट्रक आपरेटर एंड ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन इंदौर



बसों का परिमिट यात्रियों के लिए होता है न कि माल ट्रांसपोर्टेशन के लिए। बसों में सामान का ट्रांसपोर्टेशन अवैध रूप से किया जा रहा है जो पूर्णतःगलत है। बसों में वजन ज्यादा होने के कारण गाड़ी लहरा कर पलट जाती है और दुर्घटनाएं होती है। अतः बसों में माल का ट्रांसपोर्टेशन पूर्णतः प्रतिबंधित हो।

**अशोक गुप्ता (असाटी)** अध्यक्ष, भोपाल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन



चार्टर्ड बस या बड़ी 52 सीटर बस, सभी में अवैध रूप से सामान का ट्रांसपोर्टेशन हो रहा है। बस के अंदर और सीटों के नीचे, ऊपर ओवर लोडिंग माल लादा जा रहा है। अतः परिवहन आयुक्त, प्रमुख सचिव से अनुरोध है कि बस हो या ट्रक,ओवर लोडिंग करने पर कारवाई की मुहिम चलाए। क्योंकि मौजूदा समय में बस और ट्रक दोनों के ही द्वारा कैपीसिटी से दोगुना माल लोड किया जा रहा है जिससे सड़कें तो खराब हो ही रही है, आए दिन एक्सीडेंट होने की घटनाएं भी समाने आ रही है।

**उमेश तिवारी**, महासचिव,भोपाल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन

#### अर्थदंड का प्रावधान 50 हजार रुपए या इससे अधिक हो



बसों में भारी मात्रा में सामान का परिवहन होने पर मैने आरटीओ के एक अधिकारी से बात की, उनका कहना है कि ओवर लोडिंग पर मात्र 2 हजार रुपए का अर्थदंड है और हम चालान बनाते हैं वे उक्त चालान भरकर छूट जाते हैं। इस मामले में मेरी मांग है कि अर्थदंड प्रावधान 50 हजार रुपए या इससे अधिक हो। क्योंकि जुर्माना अधिक होने के बाद लोग ओवर लोडिंग करने से खबराएंगे। तभी बसों से हो रहे माल का परिवहन रुकेगा।

**विजय कालरा**, पूर्व उपाध्यक्ष, ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट

---

*एक्सीडेंट के बाद मौके से फरार होने पर 10 दस साल की सजा, 7 लाख का अर्थदंड*

## ट्रक ऑपरेटर और ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट एसो.ने दी हड़ताल की चेतावनी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

रोड दुर्घटना के दौरान घायल को रोड पर ही छोड़कर फरार हो जाने को लेकर सरकार की ओर से चालक पर 10 साल की सजा और 7 लाख का अर्थदंड का प्रावधान किया गया है। सरकार ने आईपीसी की धारा में बदलाव कर उक्त प्रस्ताव पास भी कर दिया गया है। लेकिन सरकार का यह प्रावधान मध्यप्रदेश सहित देशभर के ट्रस ऑपरेटरों को रास नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रावधान (अधिकतम दो साल की सजा) काफी है, इसमें बदलाव की जरूरत नहीं है।

गौरतलब है कि ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने सरकार की ओर से चालकों के खिलाफ इस प्रकार का नियम बनाना सरासर गलत है, क्योंकि रोड पर सड़क दुर्घटना कोई भी जानबूझकर नहीं करता और ऐसी दुर्घटनाएं अनजाने में हो जाती हैं। यदि जिस चालक से रोड दुर्घटना हुई है वह मौके पर रुक भी जाता है तो गुस्साई पब्लिक उसकी धुनाई कर देती है। इसलिए चालक को मजबूरी में घटनास्थल को छोड़कर जाना पड़ता है,लेकिन सरकार द्वारा इस प्रकार से सड़क दुर्घटना के बाद मौके से फरार होने पर चालक के खिलाफ 10 साल की सजा का प्रावधान करना न्यायसंगत नहीं है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट के अध्यक्ष अमृतलाल मदान, चेयरमैन डॉ.जीआर शनमुगप्पा और विजय कालरा ने कहा कि अभी प्रावधान है कि इसमें थाने से जमानत हो जाती है और अधिकतम दो साल की सजा है, लेकिन नए संशोधित प्रावधान के तहत अधिकतम 10 साल की सजा होगी और वाहन चालक पर 7 लाख तक का जुर्माना भी होगा। यह प्रावधान 1 अप्रैल से लागू होंगा।

#### पीएम मोदी और गृहमंत्री से मांग

संस्था के अध्यक्ष अमृतलाल मदान के साथ ही एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. जीआर शनमुगप्पा, चेयरमैन कोर कमेटी बल मलकीत सिंह, संस्था के पूर्व उपाध्यक्ष विजय कालरा, प्रदेश प्रमुख राकेश तिवारी, चेयरमैन ऑल इंडिया आरटीओ समिति सीएल मुकाती और कार्यकारिणी सदस्य छतरसिंह भाटी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से इस प्रावधान को रद्द करने की मांग की है। पदाधिकारियों ने कहा कि हम सड़क सुरक्षा में विश्वास रखते हैं, लेकिन हम हजारों मेहनती व्यक्तियों की जीविक का भी समर्थन करते हैं। ट्रक चालक समुदाय के बीच इस प्रावधान के बाद विरोध की लहर है और वह अपनी नौकरियां छोड़ रहे हैं। इसके चलते अर्थव्यवस्था की रीढ की हड्डी यह सेक्टर संकट में आ गया है।

#### ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने यह रखी मांग

एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रेसीडेंट अमृत मदान ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में रोड दुर्घटना के दौरान चालक का फरार होने के कानून को संशोधन का इरादा अच्छा हो सकता है, लेकिन इसमें कई खामियां है, जिस पर तत्काल फिर से विचार करना चाहिए। इससे देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान देने वाले ट्रक चालक काफी आशंकित है। एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष विजय कालरा ने कहा कि एक गैस कंपनी के ट्रक चालकों ने तो गाड़ी खड़ी करना शुरू कर दिया है, महाराष्ट्र व अन्य राज्यों में भी ड्राइवर गाड़ी चलाने से मना कर रहे हैं।

---

*ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने गुना बस हादसे को लेकर परिवहन विभाग को घेरा*

# ट्रांसपोर्टरों ने कहा-आरटीओ में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरी

आत्माराम सोनी ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

गुना बस हादसा को ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने दुखद घटना और मध्यप्रदेश परिवहन विभाग (आरटीओ) की नाकामी का नतीजा करार दिया है। ट्रांसपोर्टरों ने आरटीओ को घेरते हुए कहाकि आरटीओ में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। गाड़ी का बिना फिटनेस के चलना आरटीओ के भ्रष्टाचार को उजागर कर रहा है।

परिवहन विभाग का भ्रष्टाचार प्रदेश की सड़क नंगा घूम रहा है। सभी के महीने बंधे हुए हैं। विभाग द्वारा वाहनों की चेकिंग जगह-जगह की जा रही है बावजूद सड़कों पर बिना फिटनेस और परिमट के वाहन सरपट दौड़ रहे हैं। ट्रांसपोर्टर सीएल मुकाती के अनुसार गुना बस हादसा परिवहन विभाग के कारनामों की पोल खोलने के लिए काफी है। विभाग सिर्फ चेकपोस्टों में वाहन चालकों को परेशान कर वसूली करने की ओर ध्यान दे रहा है वाहनों के फिटनेस और परमिट की

**बस हादसा परिवहन विभाग के कारनामों की पोल खोलने के लिए काफी है**




#### तीन दिन पहले भी घट चुकी है बड़ी घटना

ट्रांसपोर्टरों के अनुसार इंदौर- खलघाट एबी रोड़ के गणपती घाट को मंगलवार शाम 4.30 बजे फिर घटनाओं का दौर जारी हुआ। ट्राले ने डिवाइडर कूंदकर घाट चढ़ रहे ट्रक को टक्कर मारी। जिसमें एक ड्राइवर की मौत हो गई। वही 5 बजे एक बड़े ट्राले ने दो कारों को टक्कर मारी। आधे घंटे बाद फिर हुआ एक ट्रक में एक और हादसा हुआ। दो गाड़ियों को फिर चपेट में लिया, लेकिन शासन- प्रशासन सोया हुआ है। वहीं गणेश घाट जो की मौत के घाट से प्रसिद्ध हो चुका है और मौत का तांडव नहीं थमा। एनएचआई की लापरवाही लोगों की जान ले रही है। प्रशासन भी नहीं कर पा रहा है एनएचआई पर कोई कार्यवाही और टोल वसुलने वाली कंपनी भी सुरक्षा के उपाय नही कर रही है। मुकाती ने कहा कि मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि हे मोहन, सुदर्शन चक्र चलाईए।

#### मोहन सरकार को विभाग पर सुदर्शन चक्र चलाना पड़ेगा



मैंने गुरुवार को सुबह सोशल मीडिया (एक्स) पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम लिखा कि बस 15 वर्ष पुरानी है रोड पर कैसे चल रही थी ? फिटनेस बीमा नहीं है आरसी की कॉपी भी डाली है, परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरी हैं अतः मोहन सरकार को सुदर्शन चक्र चलाना पड़ेगा विभाग पर।

**सीएल मुकाती**, अध्यक्ष, ट्रक ऑपरेटर एवं ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन इंदौर


#### सड़क पर विभाग का भ्रष्टाचार दिख रहा



गाड़ी का बिना फिटनेस के चलना आरटीओ के भ्रष्टाचार को उजागर कर रहा है। सड़क परिवहन विभाग का भ्रष्टाचार नंगा घूम रहा है। सभी के महीने बंधे हुए हैं। विभाग द्वारा वाहनों की चेकिंग जगह-जगह पर की जा रही है बावजूद सड़कों पर बिना फिटनेस के वाहन सरपट दौड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से मांग है कि आरटीओ में भ्रष्टाचार को जो बोलबाल है उस पर शिकंजा कसा और बसों में बस चालक द्वारा टनों माल लोड जो किया जाता है उसे बंद किया जाए।

**ठाकुरलाल राजपूत**, अध्यक्ष, ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन भोपाल

#### मुख्यमंत्री परिवहन विभाग में शिकंजा कसें



गुना में जो बस हादसा हुआ है उसमें मध्यप्रदेश परिवहन विभाग की सबसे बड़ी नाकामी उजागर हो रही है। बस बिना फिटनेस के चल रही थी। विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते फिटनेस के लिए पहुंचने वाले वाहनों को तीन से चार दिनों तक इंतजार करना पड़ता है। आरटीओ में ऐसा कोई भी अधिकारी नहीं है जो भ्रष्टाचार में लिप्त नहीं हो। अतः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सरकार से अनुरोध है कि परिवहन विभाग में शिकंजा कसे और विभाग की कमान ऐसे अनुभवी और जानकार केबिनेट मंत्री को दे जो आरटीओ में व्याप्त भ्रष्टाचार की जड़ों को समूल नष्ट करें और विभाग का कायाकल्प हो।

**अशोक गुप्ता (असाटी)**, अध्यक्ष, भोपाल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन

#### विभाग वसूली के बजाए वाहनों के फिटनेस पर ध्यान दे



गुना बस हादसा जो हुआ वह धुंध के कारण हुआ। अतः वाहन चालकों धुंध में गाड़ी नही चलानी है। लेकिन जब बात बस फिटनेट की आती है तो यह बिना फिटनेस के चल रही है जो मध्यप्रदेश परिवहन विभाग के कार्य प्रणाली की पोल खोल रही है। अतः सरकार को विभाग की लचीली कार्यप्रणाली के प्रति सख्त होना चाहिए और और विभाग के अफसर चेकपोस्टों पर वसूली कराने की ओर से ध्यान हटाकर वाहनों के फिटनेस पर ध्यान दे।

**हरीश डाबर**, मैनेजिंग मेंबर और भोपाल प्रतिनिधि, ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन

#### निरंतर घटित हो रही घटनाएं



गुना बस हादसा और खलघाट हादसा दोनों ही बहुत दुखद है। विधानसभा चुनाव के दरम्यान निर्वाचन आयोग द्वारा लगाई गई आचार संहिता के दौरान सिर्फ मंत्री-मिनिस्टर शून्य हुए थे। प्रशासनिक अधिकारियों नीचे से लेकर ऊपर तक सभी को बेहतर कार्यप्रणाली की ओर ध्यान देना था, लेकिन विभाग में जिम्मेदारों ने ध्यान नही दिया। मध्यप्रदेश परिवहन विभाग में 90 दिनों तक खूब मनमानी हुई।

**उमेश तिवारी**, महासचिव,भोपाल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन

---

### एथेनॉल के लिए मक्के की मांग, प्लांटों की बंपर खरीदी

# पोल्ट्रीफॉर्म्स में मक्के की किल्लत, ऊंचे दाम पर मिल रहा मक्का

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

एथेनॉल बनाने के लिए चावल, मक्का और अन्य अनाजों को शामिल किया गया. लेकिन इथेनॉल उत्पादन के लिए प्लांट वालों में इन दिनों मक्का की बंपर मांग है। एथेनॉल प्लांटों वाले मंडियों और सीधे मक्का उत्पादक किसानों से मक्का की खरीदी ऊंचे दाम पर किए जाने से इस बार सीजन में मक्के की नई फसल आने के बाद भी इसके भाव में कमी नहीं आई। बाजार जानकारों के अनुसार एथेनॉल प्लांट वालों द्वारा मक्के की बंपर खरीदी किए जाने से पोल्ट्री फॉर्मर के सामाने मक्के की कमी का संकट खड़ा हो गया है। फॉर्मर को मुर्गियों को दाने के रूप में मक्का की खरीदी ऊंचे दाम पर करनी पड़ रही है।

पोल्ट्री फॉर्मर सुरेन्द्र दागी के अनुसार मौजूदा समय में मंडियों में मक्के का थोक भाव 2300 रुपए क्विंटल बोला जा रहा है। जो कि दो महीने पहले 1800 से 1900 रुपए क्विंटल थे। दागी के अनुसार बीते पांच सालों की बात करे तो मक्के की नई क्राप आते ही इसके भाव 1400 से 1500 रुपए क्विंटल के स्तर पर पहुंच जाते थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। नई फसल आने के बाद भी मक्का 1800 से 1900 रुपए क्विंटल के भाव ही बोला गया। इसकी मुख्य बजह यह रही कि मध्यप्रदेश सरकार के सहयोग से जो एथेनॉल प्लांट स्थापित हुए, उनके द्वारा मक्के की बंपर खरीदी की गई और की जा रही है।

#### इस बार नई फसल आने पर भी नहीं घटा मक्के का भाव



**मध्यप्रदेश में करीब 22 से अधिक एथेनॉल प्लांट**

जानकारों के अनुसार मध्यप्रदेश के जबलपुर, बैतूल, हरदा, शाजापुर जिले के आगर मालवा के घुरसिया और मानकपुर सहित करीब 22 जिलों में एथेनॉल प्लांट संचालित है। जो मक्का सहित राइस मिलों से निकलने वाली धान की भूसी का एथेनॉल बनाने में करते हैं।

#### भोपाल में 2500 और मप्र में 30 हजार से अधिक पोल्ट्री फार्मर

पोल्ट्री फार्म से जुड़े सुरेन्द्र दांगी ने बताया कि भोपाल जिले में करीब 2500 और मध्यप्रदेश में 30 हजार अधिक पोल्ट्री फॉर्मर है। भोपाल जिले में संचालित पोल्ट्री फॉर्मर को करीब 10 हजार मीट्रिक टन मक्का बतौर मुर्गी दाने के रूप में प्रति वर्ष खपता है। लेकिन इस साल मक्का सीजन के दो माह बाद ही इसके भाव हाई लेवल पर पहुंच गए है और उम्मीद है कि मक्का के भाव में और उछाल आएगा।

#### मक्के की कृत्रिम कमी बनाने का शक सरकार लगा सकती है स्टॉक लिमिट

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय मक्का एवं मक्का उत्पादों का निर्यात लगभग ना के बराबर हो रहा है। इस वजह से भारत सरकार को होने वाले भारी निर्यात राजस्व का नुकसान भी झेलना पड़ रहा है जो कि एक गंभीर चिंता का कारण है। गत वर्ष तक मक्के का वार्षिक निर्यात लगभग 36 लाख टन था, जो इस वर्ष 1.5 लाख टन तक भी नहीं पहुंच पाया है। मक्का निर्यात में करीब 95 प्रतिशत की भारी कमी दर्ज की गई है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि दिसंबर तक मक्का निर्यात की इस भारी कमी के कारण लगभग 28 लाख टन अतिरिक्त स्टॉक बन गया हैं। इथेनॉल उद्योगों की मक्का खपत आठ-नौ लाख टन से ज्यादा नहीं है। इससे स्पष्ट होता है कि मक्के की उपलब्धता में कोई कमी नहीं है एवंएक विशेष वर्ग के लोगो द्वारा कृत्रिम शॉर्टेज पैदा की जा रही है। सरकार ने कहा है कि इथेनॉल उद्योग के नाम पर जो लोग मक्के की शॉर्टेज बना रहे हैं, उन पर सरकार द्वारा पैनी नजर रखी जाएगी। सरकार ने संज्ञान में लिया है कि मक्का में अब तक लगभग 25-30 लाख टन की जमाखोरी की गई है, जो अभी भी जारी है।
केंद्र सरकार-राज्य सरकारों की सहायता से मध्य प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, बिहार और ओड़िशा जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों के साथ सम्पूर्ण भारत में मक्के पर स्टॉक सीमा लगाने की योजना बना रही है। जल्द ही सरकार द्वारा सभी व्यापारियों से अपने स्टॉक का ब्योरा देने का आदेश जारी किया जाएगा एवं जल्दी ही सरकार मक्का पर स्टॉक लिमिट लगाने की अधिसूचना भी जारी कर सकती है। छावनी मंडी में मक्का 2050-2100 रुपए, 14 फीसदी नमी युक्त बिक रही है।



वो मुस्लिम लड़की है, लेकिन उसे भगवान राम से प्यार है, मन में उनके लिए गहरी श्रद्धा-सम्मान है। और इसी भावना के वशीभूत वह रामलला के दर्शन हेतु पैदल यात्रा कर रही है। जी हां, किसी के लिए भी यह थोड़ा हैरान करने वाली बात है, लेकिन यह सच है।

**1425** किलोमीटर की दूरी तय करेगी पैदल

# रामलला के दर्शन के लिए मुंबई की मुस्लिम लड़की कर रही पैदल यात्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दरअसल मुंबई की रहने वाली शबनम बीते 21 दिसंबर को मुंबई से अयोध्या तक की पैदल यात्रा पर निकली है। उसके साथ हैं उसके साथी रमन राज शर्मा व विनीत पांडे। शबनम को 1425 किलोमीटर की दूरी तय करनी है। उसे अपने मुस्लिम होने पर गर्व है और कहती है- राम की पूजा या उन्हें मानने के लिए हिंदू होना जरूरी नहीं है। जरूरत है तो बस एक अच्छा इंसान होने की।



**25-30** किलोमीटर सफर रोज

शबनम मुंबई-आगरा रोड से अपने जत्थे के साथ पैदल रवाना हुई हैं और शुक्रवार को करीब 400 किमी दूर खरगोन जिले के कसरावद फाटे पर पहुंचीं। वे और उनके साथी हर दिन 25-30 किमी का सफर तय करते हैं। उन्होंने अयोध्या पहुंचने की अपनी कोई तारीख निश्चित नहीं की है।

**पुलिस से मिली है सुरक्षा**

शबनम ने जब से यात्रा शुरू की है तब से उन्हें पुलिस की सुरक्षा मिली हुई है। महाराष्ट्र में कुछ संवेदनशील इलाकों में जब वे फंस गई थीं तो पुलिस ने उन्हें बाहर निकाला और मध्यप्रदेश तक पहुंचाया। पुलिस ही उनके खाने और ठहरने का भी इंतजाम करती है।



### यात्रा का संदेश

फिलहाल शबनम और उनके साथियों की सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है। शबनम से जब सवाल किया गया तो वो कहती हैं- मैं अपनी यात्रा से दो ही संदेश देना चाहती हूं। पहला तो ये भगवान राम सबके हैं। वे किसी जाति-धर्म में बंधे नहीं हैं। दूसरा शबनम बताना चाहती हैं कि लड़कियां भी किसी से कम नहीं। वे भी लड़कों की तरह पैदल यात्रा कर सकती हैं।

### मुस्लिम समुदाय भी कहता राम-राम

शबनम का कहना है कि यात्रा के दौरान उन्हें सोशल मीडिया पर कुछ नफरती कमेंट मिले हैं लेकिन ज्यादातर लोग इसे पॉजिटिव ले रहे हैं। वे भगवा झंडे को हाथ में लेकर चल रही हैं तो कई बार रास्ते में मिलने वाले मुस्लिम समुदाय के लोग उन्हें सलाम करने करने के साथ-साथ जय श्री राम भी कहते हैं।

## खबर संक्षेप

### फरवरी में मुस्लिम देश अबू धाबी में हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे मोदी



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी साल 2024 में अयोध्या के अलावा एक और हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे और यह मंदिर भारत में नहीं बल्कि मुस्लिम देश में तैयार हुआ है। अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर का पीएम मोदी फरवरी में उद्घाटन करेंगे। बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अगले साल फरवरी में संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में एक हिंदू मंदिर का उद्घाटन करने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

### वृद्धावस्था पेंशन के लिए अब 50 साल पात्रता आयु'



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी सरकार की चौथी वर्षगांठ पर दो बड़ी घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन के लिए पात्रता आयु दलितों और आदिवासियों के लिए 60 से घटाकर 50 वर्ष कर दी जाएगी। इसके अलावा, राज्य में कार्यालय स्थापित करने वाली कंपनियों में 75 फीसदी नौकरियां स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित की जाएंगी। रांची के मुरादाबादी मैदान में शुक्रवार को आयोजित एक कार्यक्रम में सोरेन ने कहा, सरकार ने आदिवासियों और दलितों को 50 वर्ष की आयु तक पहुंचने पर पेंशन लाभ प्रदान करने का फैसला लिया है।

### रिटायर्ड इंजीनियर के घर से मिले 5 कंकाल

**बेंगलुरू।** बेंगलुरु, कर्नाटक के चित्रदुर्ग से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक ही परिवार के पांच लोगों के कंकाल मिले है। इसकी जानकारी पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कंकालों को जांच के लिए भिजवा दिए हैं। हालांकि ये कंकाल किसके है और ये कब कब हुई कैसे हुए। फिलहाल इसकी जांच में पुलिस लगी हुई है। बताया जा रहा है कि यह घर एक सेवानिवृत्त पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यकारी अभियंता जगन्नाथ रेड्डी का था।

**बिहार के सियासी प्रहसन का हुआ पटाक्षेप**

# अटकलें सही, ललन ने छोड़ा पद, नीतीश बने जदयू अध्यक्ष

*बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक बार फिर जेडीयू अध्यक्ष बनने की जो अटकलें कई दिनों से चल रही थीं वो सच साबित हुईं। दिल्ली में जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में ललन सिंह ने पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफे की घोषणा करते हुए नीतीश से पार्टी की बागडोर संभालने का आग्रह किया, जिसे नीतीश ने स्वीकार कर लिया।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीतीश 2016 से 2020 तक पहले भी जेडीयू अध्यक्ष रह चुके हैं। ललन ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अपनी व्यस्तता के चलते वो पद छोड़ रहे हैं। इससे पहले नीतीश और ललन एक साथ, एक गाड़ी से बैठक में पहुंचे थे। मीटिंग में पहुंचने से पहले ललन सिंह नीतीश से मिलने उनके आवास गए थे जहां दोनों के बीच आधे घंटे बैठक चली। बता दें, ललन को हटाए जाने की खबरें कई दिनों से सियासी गलियारे में तैर रही थीं।

कहा जा रहा था ललन से नीतीश खासे नाराज चल रहे हैं। नीतीश 2016 में शरद यादव की जगह पार्टी अध्यक्ष बने थे। उन्होंने 2020 में पद छोड़ दिया और पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह को कमान सौंप दी। आरसीपी सिंह की बगावत के बाद 2022 में ललन सिंह को जदयू का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था। अध्यक्ष बनने के बाद नीतीश ने कहा, पूरी पार्टी एकजुट है, कहीं मतभेद नहीं है।



**खास बातें**
- जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में संभाला नीतीश ने स्वीकारा पद
- नीतीश 2016 से 2020 तक पहले भी रह चुके हैं जेडीयू अध्यक्ष

### दोनों के बीच कोई कड़वाहट नहीं : चौधरी

*ललन सिंह के इस्तीफे पर बिहार के वित्त मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि ललन ने स्वयं कहा कि चुनाव लड़ने के दौरान उन्हें लगातार बाहर रहना होगा। इसलिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद संभालें। दोनों के बीच कोई कड़वाहट नहीं है। इससे पहले ललन सिंह के इस्तीफे के कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन खुद ललन सिंह ने इस्तीफे की खबरों को खारिज किया था। नीतीश ने भी जेडीयू की बैठक को रूटीन मीटिंग करार दिया था।*

### तेजस्वी को सीएम बनाना चाहते थे ललन इसलिए हुई छुट्टी!

ललन ने भले इस्तीफा दिया है, लेकिन जानकार कह रहे हैं, उन पर दबाव डालकर ऐसा करवाया गया है। सूत्रों के अनुसार, नीतीश की पार्टी जेडीयू के नेता ललन सिंह आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के बेटे तेजस्वी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे। साथ ही नीतीश के इंकार करने के बाद ललन सिंह ने जेडीयू के 12 विधायकों के साथ कुछ दिन पहले एक गुप्त बैठक की थी। नीतीश ने आरजेडी की मांग को दरकिनार करते हुए अभी तेजस्वी यादव को सीएम की कुर्सी सौंपने से इंकार कर दिया था। इसके बाद ललन सिंह आरजेडी के सपोर्ट से राज्यसभा जाना चाहते थे। रिपोर्ट के मुताबिक आरजेडी से नजदीकी की वजह से नीतीश कुमार ने ललन सिंह को जेडीयू अध्यक्ष पद से हटाया गया। इसकी वजह यह थी कि ललन सिंह, तेजस्वी यादव को बिहार का सीएम बनाना चाहते थे। उन्होंने नीतीश के सामने इस बारे में प्रस्ताव रखा था। हालांकि, मुख्यमंत्री ने इससे इनकार कर दिया था। दावा किया जा रहा है कि इसके बाद ललन सिंह ने जेडीयू के 12 विधायकों के साथ मिलकर कुछ हफ्ते पहले गुप्त बैठक की। यह मीटिंग नीतीश को बिना बताए हुई थी। कहा जा रहा है कि इसमें तेजस्वी को सीएम बनाने के लिए जेडीयू विधायकों से सपोर्ट मांगा गया। इसके बदले में ललन सिंह आरजेडी के सपोर्ट से राज्यसभा जाना चाहते थे। बता दें कि 243 विधानसभा वाली बिहार विधानसभा में सरकार बनाने के लिए 122 विधायकों की की जरूरत पड़ती है। मौजूदा स्थिति के मुताबिक अगर नीतीश कुमार को हटाकर तेजस्वी यादव को सीएम बनाना है तो जेडीयू के महज 12 विधायकों के सपोर्ट से यह संभव है।

- जेडीयू के 12 विधायकों के साथ कुछ दिन पहले की थी एक गुप्त बैठक


*खालिस्तानी समर्थकों ने की 14 राउंड फायरिंग*

# कनाडा में लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रमुख के बेटे पर हुआ हमला

एजेंसी ▶▶ वैंकूवर

कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों ने एक हिंदू मंदिर प्रमुख के बेटे के घर पर हमला किया। अलगाववादियों ने करीब 14 राउंड फायरिंग की। यह पूरा मामला ब्रिटिश कोलंबिया में सरे का है। यहीं आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हुई थी। फिलहाल गोलीबारी में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जांच शुरू हो गई। जांच करने वाले अफसरों ने अभी तक हमले के कारणों का खुलासा नहीं किया है। शूटर्स अभी तक गिरफ्त से बाहर हैं।

ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में स्वामी लक्ष्मी नारायण मंदिर है। इस मंदिर के मुख्य पुजारी सतीश कुमार हैं। सतीश ने बताया कि बुधवार तड़के उनके बेटे के आवास पर गोलीबारी की गई। करीब 11 से 14 के बीच गोलियां चलाई गईं। यह हमला क्यों किया गया, अभी यह स्पष्ट नहीं है। इलाके में जबरन वसूली के मामले



सामने आए हैं। मेरे बेटे ने हाल ही में एक बीमा एजेंसी बेची है और संभव है कि हमलावरों ने सोचा होगा कि उसके पास बहुत पैसा है। यह मंदिर उस वक्त सुर्खियों में आया था, जब 18 जून 2023 को खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के खिलाफ अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस के विरोध प्रदर्शन किया था। माना जा रहा है कि विरोध का बदला लेने के लिए हमलावरों ने गोलीबारी की है। लक्ष्मी नारायण मंदिर परिषद के सदस्य पुरुषोत्तम गोयल ने कहा कि हमले के पीछे कौन था, इसका सुराग अभी तक नहीं लगा है।

### निज्जर की हत्या के बाद हिंदू निशाने पर

*दरअसल, जून में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से कनाडा के साथ भारत के रिश्ते तनावपूर्ण हैं। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता के आरोप लगाए थे। हालांकि भारत ने उनके आरोपों को नकार दिया था। भारत ने कनाडा को अपने 62 राजनयिकों में से 41 को वापस बुलाने के लिए कहा था। यह पहला मामला नहीं है, जब किसी मंदिर या हिंदू को निशाना बनाया गया। खालिस्तानी तत्वों ने सरे मंदिर के गेट और दीवारों पर भारत के वरिष्ठतम राजनयिकों को निशाना बनाते हुए पोस्टर चिपकाए थे।*

# साउथ चाइना सी में इंडियन नेवी के शिप उतारने पर भड़की चीनी सेना

*आधिकारिक बयान जारी कर जताई आपत्ति*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



विवादित दक्षिण चीन सागर में भारत और फिलीपींस के नौसैनिक अभ्यास से चीन भड़का हुआ है। इसे लेकर चीन ने बाकायदा बयान जारी करते हुए कहा कि विभिन्न देशों के बीच रक्षा सहयोग से तीसरे देशों के हितों और क्षेत्रीय शांति को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। भारतीय नौसैनिक जहाज और फिलीपींस के नौसैनिक पोत के बीच नौसैनिक अभ्यास और फ्रांसिसी नौसेना के साथ प्रस्तावित फिलीपींस के हवाई अभ्यास पर चीन ने सवाल उठाए हैं। चीन की आधिकारिक मीडिया के एक सवाल का जवाब देते हुए चीन मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल वू कियान ने कहा कि चीन ने इस पर ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि चीन ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि संबंधित देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग से तीसरे पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए या क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए।

### भारतीय जहाज ने किया था अभ्यास

इस महीने की शुरुआत में, आईएनएस कदमत ने फिलीपींस की अपनी यात्रा के दौरान फिलीपींस की नौसेना के एक अपतटीय गश्ती जहाज बीआरपी रेमन अलकराज के साथ दक्षिण चीन सागर में एक समुद्री अभ्यास में भाग लिया था। किसी भी देश का सीधे तौर पर जिक्र किए बिना कर्नल वू कियान ने कहा कि चीन और फिलीपींस के बीच समुद्री विवाद बीजिंग और मनीला के बीच का मुद्दा है और किसी तीसरे पक्ष को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है।

# राज्यसभा में आप के नेता नहीं बन पाएंगे राघव

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आप को बड़ा झटका दिया है। उन्होंने आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उस अनुरोध को मानने से इनकार कर दिया है जिसमें राघव चड्ढा को राज्यसभा में आप को नेता नियुक्त करने का अनुरोध किया था। राज्यसभा सचिवालय के सूत्रों का कहना है कि आप की ओर से राघव चड्ढा को राज्यसभा में सदन का नेता नियुक्त करने के लिए एक पत्र भेजा गया था। बता दें कि राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के कुल 10 सदस्य है। वह बीजेपी, कांग्रेस और टीएमसी के बाद सदस्यों की संख्या के आधार पर देश की चौथी बड़ी पार्टी है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के बाद राघव चड्ढा ने सभापति से हाल ही में माफी मांगी है। उनका निलंबन भी हाल ही में खत्म किया गया है। राघव चड्ढा राज्यसभा में सबसे कम उम्र के सदस्य हैं। आम आदमी पार्टी की ओर से संजय सिंह के बजाए राघव चड्ढा को राज्यसभा में सदन का नेता बनाने का अनुरोध किया गया है। संजय सिंह को दिल्ली के शराब नीति घोटाला मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने 5 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं।



*आचार संहिता उल्लंघन मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी*

# जयाप्रदा 'गायब', रामपुर से लेकर मुंबई तक छापा

एजेंसी ▶▶ रामपुर

यूपी के रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा की पुलिस को लोकेशन नहीं मिल रही है। रामपुर से लेकर मुंबई तक पुलिस पूर्व सांसद की तलाश में छापा मार रही है। टीम ने अब उनके करीबियों से भी संपर्क साधना शुरू कर दिया है। इस बीच पुलिस ने शहर में स्थित उनके नर्सिंग कॉलेज में भी तलाशा। मगर, वहां भी कोई सुराग नहीं लगा। पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के दोनों मामले वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में दर्ज किए गए थे। उनके



खिलाफ स्वार और केमरी थाने में चुनाव आचार संहिता उल्लंघन की प्राथमिकी दर्ज की गई थी।दोनों मामले इन दिनों कोर्ट में विचाराधीन हैं। इन मामलों में पिछली कई तारीखों से वह कोर्ट में पेश नहीं हो रही थीं, जिस पर उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे। पिछले दिनों अदालत ने सख्ती करते हुए जयाप्रदा की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस निरीक्षक तैनाती के आदेश जारी किए थे।

### गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने अदालत के आदेश पर जयाप्रदा की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम बनाई है। यह टीम शनिवार को मुंबई के लिए रवाना हो गई थी। टीम ने मुंबई स्थित आवास पर भी छापा मारा, लेकिन वहां भी नहीं मिली। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक टीम ने मुंबई में कई संभावित स्थानों पर तलाशा, लेकिन लोकेशन नहीं मिली। जिस पर टीम ने अब उनके करीबियों पर निगाह पैनी कर दी है। पुलिस की एक टीम शहजादनगर में स्थित उनके नीलावेंणी नर्सिंग कॉलेज भी पहुंची, जहां पर टीम ने पूर्व सांसद के बारे में जानकारी ली। पुलिस का दावा है कि जल्द ही पूर्व सांसद को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जाएगा। दूसरी ओर एसपी राजेश द्विवेदी का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर विशेष टीम तैनात की गई है। यह टीम पूर्व सांसद को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करेगी।

*भारत के सूर्य मिशन पर आई खुशखबरी*

# 6 जनवरी को अपने लक्ष्य पर पहुंच जाएगा आदित्य एल-1

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत का सूर्ययान सफलता की नई कहानी लिखने जा रहा है। 2 सितंबर 2023 को लॉन्च हुआ सूर्ययान आदित्य एल-1 अपने मिशन की ओर लगातार आगे बढ़ रहा है। अब भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो (ISRO) की ओर से सूर्ययान मिशन पर नई खुशखबरी आई है। आदित्य एल-1 2024 के पहले महीने यानी जनवरी के पहले ही सप्ताह में अपने लक्ष्य तक पहुंच जाएगा। इसरो के चीफ एस सोमनाथ ने कहा है कि सूर्य और



पृथ्वी के मध्य वाले लैग्रेंज बिंदु-1 (L1 प्वाइंट) पर 6 जनवरी तक आदित्य एल-1 पहुंच जाएगा। यहां से बिना किसी ग्रहण के सूरज को देखा जा सकता है। आईआईटी बॉम्बे के इवेंट में एस सोमनाथ ने कहा कि आदित्य एल-1 लगभग वहां पहुंच गया है।

### इसलिए चुना लैग्रेंज प्वाइंट-1

बता दें कि लैग्रेंज बिंदु सूरज और पृथ्वी के बीच का वो हिस्सा है, जहां गुरुत्वाकर्षण निष्क्रिय हो जाता है। ग्रहण के समय भी इस प्वाइंट से सूरज को साफ-साफ देखा जा सकता है। वैज्ञानिकों ने इसीलिए लैग्रेंज बिंदु-1 को चुना है, ताकि हर समय सूरज की गतिविधि का अध्ययन किया जा सके। हालांकि इसरो चीफ एस सोमनाथ कहते हैं कि यहां गुरुत्वाकर्षण का पूरी तरह से बेअसर होना संभव नहीं है क्योंकि चंद्रमा, मंगल, शुक्र जैसे अन्य पिंड भी हैं।

*नौसेना के एपॉलेट्स का नया लोगो अब बनेगा शान*

# नौसेना की वर्दी पर अब दिखेंगे भारतीय प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने वर्दी पर लगने वाले पट्टिका की डिजाइन में परिवर्तन किया है। पट्टिका की पट्टी में अब सुनहरी पट्टी और चक्र की जगह सूर्य, राष्ट्रीय चिन्ह और अन्य प्रतीक दिखेंगे। नए साल से नौसेना के एडमिरल नई पट्टिका के साथ दिखेंगे। नौसेना ने इस संबंध में एक्स पर तस्वीर और वीडियो साझा कर लिखा, 'जैसे हम नए साल 2024 में प्रवेश कर रहे हैं, भारतीय नौसेना ने गर्व से एडमिरल्स एपॉलेट्स के नए डिज़ाइन का अनावरण किया, जो प्रधानमंत्री द्वारा सिंधुदुर्ग में नौसेना दिवस के दौरान घोषित किया गया था।' भारतीय नौसेना ने शुक्रवार (29 दिसंबर) को एडमिरल, वाइस एडमिरल और रियर एडमिरल रैंक के अधिकारियों के एपॉलेट्स यानि अधिकारियों के कंधों पर लगने वाला बैज का नया लोगो जारी कर दिया है। यह लोगो शिवाजी महाराज की राजमुद्रा से इंस्पायर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 दिसंबर को नौसेना दिवस पर महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में इस डिजाइन को बदलने की बात कही थी।

- भारतीय नौसेना ने वर्दी के कंधों पर लगने वाले पट्टिका की नई डिजाइन से पर्दा हटाया



### पहले ऐसा था नौसेना का झंडा, जो बदला गया

*ज्ञात हो कि पहले नौसेना के झंडे पर लाल क्रॉस का निशान होता था। ये सेंट जॉर्ज क्रॉस था, जो अंग्रेजों के झंडे यूनियन जैक का हिस्सा था। सेंट जॉर्ज क्रॉस ईसाई संत और योद्धा की निशानी थी। 2001 में लाल क्रॉस हटाया गया और 2004 में इसे फिर लगा दिया गया। 2001 से 2004 इसमें अशोक चिह्न को रखा गया। 2014 में अशोक चिह्न के नीचे सत्यमेव जयते लिखा गया।*

### गुलामी की मानसिकता से मुक्ति मिलेगी

*नौसेना ने लिखा, नए डिजाइन में मराठा शासक की राजमुद्रा को लाना गुलामी की मानसिकता छोड़ने की कोशिश है। इसे अंग्रेजी राज की नेल्सन रिंग की जगह बदला गया है। इसके पहले कमांडरों के लिए डंडे का इस्तेमाल बंद कर दिया, नए ध्वज को अपनाया और ट्रेडिशनल इंडियन ड्रेस कोड की परमिशन भी दी गई थी। भारतीय नौसेना भारतीयता को अक्षरशः अपना रही है।*

### रैंकों का नाम भी बदला जाएगा

*ज्ञात हो कि पिछले साल से नौसेना में कई बदलाव किए जा रहे हैं। पीएम मोदी ने नौसेना दिवस पर यह भी घोषणा की थी कि नौसेना रैंकों का नाम भी भारतीय परंपराओं के आधार पर रखा जाएगा। नौसेना ब्रिटिश शासन के दौरान कॉलोनियल मिलिट्री ट्रेडिशन को खत्म करने के लिए उन्हें इंडियन पोस्ट रैंक से बदलने की तैयारी है। 65 हजार से ज्यादा सेलर्स को अब नई रैंक मिलेगी।*

*कश्मीर में तापमान जमाव बिंदु से बहुत नीचे*

# चिल्लई कलां ने बढ़ाई दिल्ली समेत उत्तर भारत में ठंड और धुंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कश्मीर के कई हिस्सों में शुक्रवार को घना कोहरा छाया रहा तथा न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से कई डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंच गया। दृश्यता की समस्याओं के अलावा, ठंडे और शुष्क तापमान ने बच्चों और बुजुर्गों में श्वसन संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ा दिया है। हालांकि, चिकित्सकों ने बच्चों, बुजुर्गों और अस्वस्थ लोगों को मास्क पहनने और सुबह तथा शाम के वक्त अनावश्यक घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है। कश्मीर वर्तमान में 'चिल्लई-कलां' की चपेट में है। यह 40 दिनों की भीषण सर्दी की अवधि है। इस अवधि के दौरान बर्फबारी की संभावना सबसे अधिक होती है और ऊंचाई वाले इलाके में भारी बर्फबारी भी होती है। चिल्लाई-कलां 31 जनवरी को खत्म होगा। 'चिल्लई-कलां' की शुरुआत 21 दिसंबर को हुई और यह 31 जनवरी को समाप्त होगा। इसके बाद कश्मीर में 20 दिनों का 'चिल्लई-खुर्द' (छोटी ठंड) और 10 दिनों का 'चिल्लई-बच्चा' (हल्की ठंड) का दौर रहता है।



### राजधानी समेत दर्जनों ट्रेनें प्रभावित, 12 उड़ानें रद्द

शुक्रवार को लखनऊ से नई दिल्ली जाने वाली शताब्दी ट्रेन को रद्द कर दिया गया। लखनऊ मेल समेत अन्य ट्रेन भी 3 से 5 घंटे लेट रहीं। उत्तर रेलवे के अनुसार दिल्ली-हावड़ा रूट पर राजधानी एक्सप्रेस समेत दर्जनों ट्रेनें 10-12 घंटे देरी से चल रही हैं। कोहरे की वजह से लखनऊ से आने-जाने वाली 12 उड़ानें रद्द की गई हैं। दिल्ली हवाई अड्डे पर कोहरे से दृश्यता 150 से 400 मीटर रही, जिससे उड़ानों पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ा।

# यात्रियों के लिए खुशखबरी, कोरबा तक जाएगी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस!

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से पंजाब की ओर जाने अब रायगढ़ और कोरबा के यात्रियों को बिलासपुर आने की आवश्कता नहीं है, क्योंकि अब रेलवे ट्रेन को कोरबा तक चलाने का मन बना चुका है। इसके साथ कोरबा से रायगढ़ तक सीधी ट्रेन की सुविधा शुरू करने की भी योजना है। सूत्रों के मुताबिक बीते दिनों डीआरएम व अन्य अधिकारियों की हुई मीटिंग में इस संबंध में निर्णय लिया गया है।

जल्द ही इसे लेकर रेलवे आदेश जारी कर सकता है। बता दें कि लगातार यात्रियों की मांग थी कि छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को कोरबा तक चलाया जाए। रेलवे ने भी पाया कि कोरबा से बड़ी संख्या में यात्री पंजाब जाने बिलासपुर आते हैं। वर्तमान में यह ट्रेन बिलासपुर तक चलती है।

**खास बातें**

- रेलवे बोर्ड की मंजूरी मिलते ही छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का होगा विस्तार
- डीआरएम व रेलवे के अन्य अधिकारियों की मीटिंग में यात्री सुविधा बढ़ाने पर हुई चर्चा

## वेटिंग कम करने हसदेव में एक्स्ट्रा कोच भी



### रायपुर से कोरबा जाना होगा आसान

रायपुर से कोरबा के लिए हसदेव एक्सप्रेस चलती है, जिसमें ज्यादातर लोग सफर करते हैं। अब छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में भी यात्रा कर सकते हैं। दुर्ग, भिलाई और रायपुर के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। ट्रेन बदलने की आवश्यकता नहीं होगी। जानकारी के मुताबिक रायपुर-कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच जोड़े जाएंगे, जिससे ज्यादा से ज्यादा यात्री सफर कर सकें। कोरबा से रायगढ़ के बीच सीधी ट्रेन चलाई जाएगी। इससे कोरबा के यात्रियों को बिना गाड़ी बदले रायगढ़ तक सीधी रेल सेवा उपलब्ध होगी। वर्तमान में कोरबा से रायगढ़ जाने वाले यात्रियों को चांपा स्टेशन में गाड़ी बदलकर जाना पड़ता है।

### मेमू रैक में बदलने का भी निर्णय

जानकारी के मुताबिक बैठक में पारंपरिक पैसेंजर रैक को यथाशीघ्र तेज गति से चलने वाली मेमू रैक में बदलने का भी निर्णय लिया गया है। इससे गाड़ी त्वरित गति से चलेगी और यात्री कम समय में अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। इससे गाड़ियों की समयबद्धता भी बढ़ेगी। इसके साथ ही चिरमिरी-मनेंद्रगढ़ क्षेत्र से दिल्ली, हावड़ा, मुंबई व अन्य दिशाओं में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुगम यात्रा सुविधा के लिए अनूपपुर से कनेक्टिंग गाड़ियों की पकड़ सुनिश्चित करने के लिए चिरमिरी-अनूपपुर रेल खंड में अतिरिक्त मेमू ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।

## ख्याल सूर्यतापी शिलाजीत लॉन्च



**लुधियाना।** ख़्याल केश तेल एवं ख़्याल स्वादिष्ट चूर्ण बनाने वाली लुधियाना की श्री धन्वंतरि आर्गेनिक ने 100 प्रतिशत शुद्ध ख़्याल सूर्यतापी शिलाजीत भारतीय बाजार में भी लॉन्च की। कंपनी के डायरेक्टर राजिन्दर सेठ ने बताया कि बाज़ार में उपलब्ध सभी शिलाजीत रेसिन अग्नितापी विधि से बनाये जाते हैं जिसमें शिलाजीत को बड़ी-बड़ी भट्टियों में तेज आंच में गलाया जाता है जिसके कारण उसमें मौजूद सभी खनिज पदार्थ जैसे फुलविक एसिड उड़ जाते हैं जिससे उस शिलाजीत का असर कम हो जाता है। अग्नितापी विधि आसान है इसलिए अधिकतर कम्पनीज अग्नितापी विधि का प्रयोग करती हैं। ख्याल सूर्यतापी शिलाजीत असल में असली शिलाजीत होती है क्योंकि इसे सूरज की तेज रौशनी में लगातार करीब 3-4 माह तक गलाया जाता है, सूर्यतापी विधि में शिलाजीत में मौजूद खनिज तत्व कहीं नहीं जाते वह सूर्यतापी शिलाजीत में ही मौजूद रहते हैं इस कारण ही सूर्यतापी शिलाजीत को बहुत अधिक फायदेमंद माना जाता है एवं विदेशो में भी इसकी डिमांड लगातार बढ़ती जा रही है। ख़्याल सूर्यतापी शिलाजीत पुरुष एवं महिला दोनों के लिए सुपर फूड है इसकी 15 ग्राम की कीमत 1600 रुपये रखी गयी है एवं इसे मेडिकल स्टोर्स व ऑनलाइन भी प्राप्त कर सकते हैं।

## नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एमडी ने दिये निवेश के सुझाव




**मुम्बई।** नए साल के मौके पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एमडी और सीईओ, आशीषकुमार चौहान ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए निवेशकों को अपने विवेक और परिश्रम के साथ वित्तीय विकास की यात्रा शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही यह सलाह भी दी कि केवल पंजीकृत मध्यस्थों के साथ ही डील करें और कभी भी अनियमित उत्पादों में निवेश न करें। शेयर बाजार के माध्यम से निवेश दीर्घकालिक धन सृजन के लिए होता है। एक अप्रिय अनुभव निवेशकों को निराश कर सकता है, इसलिए यदि आप शेयर बाजार में नए हैं या विशेषज्ञ नहीं हैं तो सावधानी से चलना महत्वपूर्ण हो जाता है।

## छत्तीसगढ़ का ऐसा जिला जहां जेल नहीं, बजट ही नहीं मिला

### कोंडागांव के कैदी भी भेजे जा रहे जगदलपुर केंद्रीय कारागार

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य बने 23 साल बीत गए और अब राज्य में 33 जिले हो गए हैं, विडंबना है कि इनमें से कोंडागांव इकलौता ऐसा जिला है, जहां जेल ही नहीं है। नक्सल प्रभावित जिला होने के बाद भी यहां जेल नहीं बन सकी। बताया जाता है कि वर्ष 2014-15 में शासन के निर्देश पर कोंडागांव जिले में जिला जेल भवन बनाने के लिए उस समय केंद्रीय जेल जगदलपुर के तत्कालीन अधीक्षक ने नारायणपुर रोड में लगभग 21 एकड़ जमीन तय की गई थी। उसके बाद केंद्रीय जेल की ओर से शासन से भवन निर्माण के लिए बजट मांगा गया था, पर बजट नहीं मिलने के चलते कोंडागांव में जिला जेल भवन का निर्माण कार्य ठंडे बस्ते में चला गया। उल्लेखनीय है कि बस्तर संभाग के संभागीय मुख्यालय में केन्द्रीय जेल, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर एवं कांकेर जिला मुख्यालय में जिला जेल स्थित है। हालांकि वर्ष 2007 में दीपक सहित 299 कैदी दंतेवाड़ा जेल से फरार हुए थे। इसमें से बीजापुर, सुकमा एवं नारायणपुर के जेल भवन में वर्ष 2007 से नक्सल ऑपरेशन के लिए सुरक्षा बल रहे पर पिछले 5 वर्ष से जेल भवन से सुरक्षा बलों को जेल भवन हटा दिया गया है।



### भेजे जाते हैं अन्य जिलों में

कोंडागांव के बंदियों को नारायणपुर जिला जेल एवं केन्द्रीय जेल भेजा जाता है। संभाग के नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर जिले का जेल भवन में नक्सल ऑपरेशन के चलते सुरक्षा बल को ठहराया गया था, हाल ही में संभाग के सभी जिला जेल बंदी रखे जा रहे हैं।

## 10वीं-12वीं कक्षाओं के पर्चे शुरू होंगे 'हिंदी' से, प्रश्नपत्र पढ़ने मिलेंगे 5 मिनट

### परीक्षाओं के साथ ही शुरू होगी मूल्यांकन प्रक्रिया, मई में घोषित हो सकते हैं परिणाम



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं-बारहवीं की समय-सारिणी जारी करने के साथ ही परीक्षाओं से जुड़े दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। छात्रों को 9 बजे परीक्षा हॉल में प्रवेश करना होगा। स्थान ग्रहण करने के पांच मिनट बाद छात्रों को पांच मिनट का समय उत्तर पुस्तिका में विवरण भरने के लिए दिया जाएगा। इसके बाद पांच मिनट का समय प्रश्नपत्र के अध्ययन के लिए दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को 9.15 से 12.15 तक तीन घंटे का समय प्रश्नपत्र हल करने के लिए मिलेंगे। 2024 में होली 25 मार्च को है। इसके पहले ही परीक्षाएं हो जाएंगी। इस बार छात्र बेफिक्र होकर रंग खेल पाएंगे।

दसवीं की तुलना में बारहवीं की परीक्षाएं तीन दिन लंबी चलेंगी। दसवीं की परीक्षाएं 2 से 21 मार्च तक 20 दिनों तक चलेंगी। बारहवीं की परीक्षाएं 1 से 23 मार्च तक 23 दिनों तक चलेंगी। छात्रों के लिए दूसरे विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। प्रायोगिक परीक्षाएं स्कूलों में ही होंगी। बाह्य परीक्षकों द्वारा प्रायोगिक परीक्षाएं ली जाएंगी। इससे संबंधित अन्य दिशा-निर्देश भी स्कूलों को भेज दिए गए हैं। परीक्षा प्रारंभ होने के साथ ही मूल्यांकन संबंधित कार्य भी शुरू कर दिए जाएंगे। पूर्व वर्षों की तरह मई माह में नतीजे जारी किए जाने की तैयारी है।

**समय सारिणी**

**कक्षा-दसवीं**

| | |
|---|---|
| 2 मार्च : | हिंदी |
| 6 मार्च : | अंग्रेजी |
| 9 मार्च : | गणित |
| 12 मार्च : | विज्ञान |
| 13 मार्च : | व्यावसायिक पाठ्यक्रम |
| 15 मार्च : | सामाजिक विज्ञान |
| 18 मार्च : | तृतीय भाषा- संस्कृत, मराठी, उर्दू, पंजाबी व अन्य |
| 21 मार्च : | दृष्टिहीन छात्रों के लिए संगीत, मूक-बधिर छात्रों के लिए ड्राईंग एंड पेंटिंग |

**कक्षा- बारहवीं**

| | |
|---|---|
| 1 मार्च : | हिंदी |
| 4 मार्च : | अंग्रेजी |
| 7 मार्च : | इतिहास, व्यवसायिक अध्ययन व अन्य |
| 9 मार्च : | संस्कृत |
| 11 मार्च : | भूगोल, भौतिक शास्त्र |
| 13 मार्च : | समाजशास्त्र |
| 14 मार्च : | राजनीति विज्ञान, रसायन शास्त्र, लेखा शास्त्र, फसल उत्पादन एवं उद्यान शास्त्र व अन्य |
| 16 मार्च : | मनोविज्ञान |
| 19 मार्च : | गणित, भारतीय संस्कृति, चित्रकला, नृत्यकला, स्टेनो टायपिंग, गृह विज्ञान व अन्य |
| 21 मार्च : | जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र, पशुपालन, दुग्ध प्रौद्योगिकी एवं कुक्कट पालन व अन्य |
| 22 मार्च : | रिटेल मार्केटिंग, आईटी, ऑटोमोबाइल सर्विस टेक्निशियन, हेल्थ केयर, एग्रीकल्चर, मीडिया एंड इंटरटेलमेंट व अन्य |
| 23 मार्च : | मराठी, उर्दू, पंजाबी, सिंधी, बंगाली सहित अन्य भाषाएं |

### ओबीसी को किया शामिल

## जम्मू कश्मीर पंचायती राज अधिनियम में संशोधन

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर प्रशासन ने केंद्र शासित प्रदेश के पंचायती राज अधिनियम में संशोधन किया है। इस अधिनियम में अब अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण को शामिल किया गया है। इससे पंचायत स्तर पर ओबीसी आरक्षण के तहत पिछड़े वर्गों को अपना और प्रतिनिधित्व मिल सकेगा। उपराज्यपाल की अध्यक्षता में हुई प्रशासनिक परिषद की बैठक में यह फैसला लिया गया है। जमीनी स्तर के लोकतांत्रिक संस्थानों में ओबीसी आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए इसमें ओबीसी की परिभाषा को शामिल किया गया है। इसके लिए संशोधन को मंजूरी दे दी गई है। पंचायती राज अधिनियम में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के अलावा अब ओबीसी को भी आरक्षण प्रदान किया गया है। अधिकारी ने कहा कि उपराज्यपाल के नेतृत्व में प्रशासन द्वारा प्रस्तावित जम्मू और कश्मीर पंचायती राज अधिनियम में संशोधन का उद्देश्य पंचायती राज संस्थानों के कामकाज में पारदर्शिता, संवैधानिक संरेखण के साथ ही कानून को और अधिक प्रभावी बनाना है। इससे पहले, जम्मू और कश्मीर पंचायती राज (संशोधन) विधेयक 2023 का मसौदा केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) को प्रस्तुत किया गया था। फिर गृह मंत्रालय के आवश्यक सुझाव संशोधित विधेयक में शामिल किए गए। संशोधन विधेयक में ओबीसी को आरक्षण प्रदान करने के लिए ओबीसी की परिभाषा को शामिल करने के लिए कहा गया। हलका पंचायत की सदस्यता से अयोग्यता की विधि के बारे में बताने और सरकार द्वारा सरपंच, नायब-सरपंच और पंच को निलंबित करने और हटाने के बारे में भी इसमें बताने के सुझाव को इसमें जोड़ा गया है।

## हिरानी के बुलावा आते ही 'डंकी' में भूमिका निभाने पहुँचे रोहिताश्व



**मुंबई।** रोहिताश्व गौड़ एण्डटीवी के लोकप्रिय शो 'भाभीजी घर पर हैं' में किरदार मनमोहन तिवारी के चलते सबके चहेते बन चुके हैं। उन्होंने टेलीविजन और बॉलीवुड में अपना एक अलग मुकाम बनाया है। उनकी बेजोड़ कॉमिक टाइमिंग ने मनोरंजन उद्योग के एक प्रतिभाशाली कलाकार के तौर पर उन्हें मजबूती से स्थापित किया है। गौड़ ने हाल ही में राजकुमार हीरानी की फिल्म डंकी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसमें वे एक धोखेबाज वीजा एजेंट के किरदार में नजर आये।

**खबर संक्षेप**

## सुको के कॉलेजियम में जस्टिस बोस शामिल


**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस को सर्वोच्च न्यायालय के पांच न्यायाधीशों के कॉलेजियम में शामिल किया गया है। शीर्ष अदालत के दूसरे सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय किशन कौल के 25 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने के बाद यह कदम उठाया गया है।



कॉलेजियम ने उच्चतम न्यायालय में पदोन्नति और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के तबादले के लिए नामों की भी सिफारिश की है। नए कॉलेजियम में अब भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई.चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस शामिल हैं। न्यायमूर्ति बोस 10 अप्रैल 2024 तक कॉलेजियम में रहेंगे। न्यायमूर्ति कौल की सेवानिवृत्ति के साथ ही न्यायमूर्ति गवई तीन न्यायाधीशों के उस कॉलेजियम में सीजेआई और न्यायमूर्ति खन्ना के साथ शामिल हो जाएंगे, जो उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए नामों की सिफारिश करता है।

## प. बंगाल के नए पुलिस मुखिया बने राजीव कुमार

**कोलकाता।** प.बंगाल को अपना नया पुलिस प्रमुख मिल गया है। आईपीएस राजीव कुमार पश्चिम बंगाल पुलिस के नए महानिदेशक बन गए हैं। आईपीएस कुमार का नाता विवादों और प्रशंसाओं से भरा हुआ है।



कुमार को टीएमसी सरकार ने प.बंगाल पुलिस के नए महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक (डीजी व आईजीपी) के रूप में नियुक्त किया है। वर्तमान में कुमार राज्य आईटी विभाग के प्रधान सचिव के रूप में पदस्थ हैं। अधिकारी पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य के पसंदीदा अधिकारी भी रह चुके हैं।

## माधुरी ने किया लोकसभा चुनाव लड़ने से इंकार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलों पर विराम लगा दिया है। माधुरी ने खुद चुनाव लड़ने संबंधी चर्चाओं को खारिज करते हुए कहा कि उनकी राजनीति में रुचि नहीं है।



धक-धक गर्ल के रूप में मशहूर अभिनेत्री ने एक मराठी न्यूज चैनल से बातचीत करते कहा कि चुनाव लड़ने की मेरी इच्छा नहीं है, यह दूसरों की इच्छा है। हर चुनाव के दौरान कहीं न कहीं से चुनाव लड़ने मेरे चुनाव लड़ने की खबरें आती है, लेकिन राजनीति मुझे पसंद नहीं है। बता दें, माधुरी दीक्षित नवंबर में क्रिकेट विश्व कप में भारत और न्यूजीलैंड के सेमीफाइनल मैच के दौरान महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के साथ नजर आईं।

## राशिफल

**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शक्षिा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

## मगरमच्छ और अजगर में हो गई भयकंर लड़ाई

**नई दिल्ली।** जंगली जानवर धरती के सबसे खतरनाक जीवों में से एक होते हैं। ये वही जानवर हैं जो जंगल में रहते हैं और उन्होंने खुद को जीवित रखने के लिए शिकार करने और खुद को बचाने के लिए खास हुनर भी विकसित कर रखे हैं। इसलिए कभी-कभी वे आपस में लड़ भी पड़ते हैं। ज्यादातर यह तब होता है जब उनका शिकार एक ही होता है। ऐसा ही एक वीडियो सुर्खियों में है जिसमें मगरमच्छ और अजगर के बीच की लड़ाई हो रही है। हाल ही में, एक वाइल्ड लाइफ वीडियोग्राफर को एक ऐसा रोमांचक पल कैद करने का मौका मिला, जहां एक अजगर को मगरमच्छ के साथ हाथापाई करते देखा जा सकता है।

दरअसल, एक बड़े अजगर और एक मगरमच्छ के बीच भयंकर लड़ाई हो रही है। यह झगड़ा एलिसन जोस्लिन नाम की एक फोटोग्राफर ने कैमरे में कैद किया था। उन्होंने इस वीडियो को फेसबुक पर शेयर किया है।

### आखिर में अजगर बुरी तरह से हारा

एलिसन सुबह-सुबह साइकिल चलाते हुए वो घूमने निकली थीं। तभी अचानक झील में उन्हें कुछ हलचल महसूस हुई। करीब जाकर देखने पर तो उन्होंने पाया कि वहां करीब दस फीट लंबे अजगर और मगरमच्छ के बीच लड़ाई हो रही थी। इस लड़ाई में कभी अजगर हावी होता दिखता, तो कभी मगरमच्छ सांप को दबोच लेता। आखिर में, दुर्भाग्य से अजगर हार गया और मगरमच्छ उसे घसीट कर पानी के अंदर ले गया।

### अजगर को निगलने मगरमच्छ का जबड़ा टूटा


एलिसन ने बताया कि अजगर ने भी जमकर लड़ाई की थी। उसने मगरमच्छ पर हमला करने की भी कोशिश की। आखिर में, मगरमच्छ के लिए इतने बड़े अजगर को निगलना काफी मुश्किल हो गया। बताया गया कि अजगर को निगलने की कोशिश के दौरान मगरमच्छ का जबड़ा टूट गया था।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ की सिक्योरिटी कंपनी को रायपुर, दुर्ग, हेतु सुरक्षागार्ड 40 M/F सुपरवाइजर 10 पद वेतन 10,000/- से 15000/- फ्री आवास कैंटीन सुविधा संपर्क यश सिक्योरिटी सर्विसेस कुशालपुर चौक रायपुर छत्तीसगढ़ 8982225333, 8839618641, 8815170599, 9770196262.(रायपुर/31/दिस.23)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5379



**बाएँ से दाए-**

1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**

1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

**शब्द पहेली -5378 का हल**



**सूडोकु नवताल - 5389**


सरल



**सूडोकु नवताल - 5388 का हल**



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।



# शूरा संग घूमने निकले अरबाज

**मुंबई।** सलमान खान के छोटे भाई अरबाज खान के अचानक से दूसरी बार शादी की खबर ने हर किसी को हैरान कर दिया था। सोशल मीडिया पर हर कोई उनकी दुल्हन के बारे में जानने के लिए उत्सुक था। 24 दिसंबर 2023 को 'प्यार किया तो डरना क्या' एक्टर ने अपनी गर्लफ्रेंड और पेशे से मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से निकाह किया। हाल ही में शादी के 5 दिन बाद अपनी पत्नी के साथ अरबाज खान डिनर डेट पर निकले। जहां कुछ यूजर्स ने दोनों की जोड़ी पर खूब प्यार लुटाया, तो वहीं कुछ यूजर्स को शूरा को देखकर मलाइका अरोड़ा याद आ गई। अरबाज खान और शूरा खान अपने निकाह के बाद से ही खुद को पैपराजी से बिल्कुल दूर रख रहे हैं। हाल ही में दोनों का डिनर डेट से निकलते हुए एक वीडियो इंटरनेट पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है।



## लाइफ Style

# श्रुति हासन

## बॉयफ्रेंड से शादी की अफवाह पर ओरी को लताड़ा

दिग्गज अभिनेत्री श्रुति हासन अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री आर्टिस्ट शांतनु हजारिका को डेट कर रही हैं। अब हाल ही में, ओरहान अवात्रामणि यानी कि ओरी ने कपल की शादी की बात बताई। इस खबर ने सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब श्रुति हासन ने आगे आकर खुद इस बात पर सफाई दी है। उन्होंने शादी की अफवाह का झूठ बताते हुए कहा कि वह यह भी नहीं जानती हैं कि ओरी कौन हैं। श्रुति हासन ने हाल ही में एक बातचीत में कहा, 'मैं नहीं जानती कि वह कौन हैं। मैं अपना काम करने और अपनी जिंदगी जीने में व्यस्त हूं। मेरा ध्यान हमेशा उन लोगों पर रहा है, जो मेरे जीवन और मेरे आस-पास अच्छी ऊर्जा लाते हैं। मैंने हमेशा ही यह कहा है और मैं इस पर कायम हूं। मैं एक दर्पण की तरह हूं। मैं लोगों के साथ बिल्कुल वैसा ही व्यवहार करती हूं, जैसा मेरे साथ किया जाता है और मैं इसके लिए कभी सॉरी नहीं हूं।' सालार अभिनेत्री ने आगे कहा, 'यह बहुत मूर्खतापूर्ण है। मैं चाहती हूं कि जो लोग मुझे नहीं जानते वह मेरे बारे में बात न करें। मैंने अपनी जिंदगी पूरी खुलेपन और ईमानदारी से जी है। अगर मैं शादीशुदा होती तो मैं इसे क्यों छुपाती। मैंने एक स्पष्टीकरण पोस्ट किया क्योंकि मेरा सोशल मीडिया इस खबर से स्पैम हो गया था। यह काफी मजेदार था। मैं इस पर हंस रही थी।' हाल ही में, अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरी साझा कर लिखा था, 'मैं शादीशुदा नहीं हूं। मैं ऐसी इंसान हूं, जो हर चीज के बारे में खुलकर बात करती है। मैं इसे क्यों छिपाऊंगी? इसलिए जो लोग मुझे बिल्कुल नहीं जानते हैं, कृपया शांत हो जाएं।

## हॉलीवुड मसाला



# इंडस्ट्री को दिए कई सुपरहीरो

**लॉस एंजिलिस।** स्टेन ली एक ऐसा नाम है जिससे हम सभी के बचपन की यादें जुड़ी हुई हैं। स्टेन ली कॉमिक बुक राइटर और एडिटर थे। यह वही शख्स हैं जिन्होंने दुनिया को 'स्पाइडरनमैन', 'द हल्क', 'आयरन मैन' जैसे किरदार और मार्वल कॉमिक्स दी थी। हॉलीवुड में स्टेन ली के सुपरहीरो कैरेक्टर्स को लेकर कई फिल्में बनाई गई हैं, जिन्हें दर्शकों द्वारा बेहद पसंद किया गया। तो आइए जानते हैं स्टेन ली की बर्थ एनिवर्सरी पर उनके जीवन से जुड़ी कुछ खास बातें... 28 दिसंबर 1922 को न्यूयॉर्क में जन्मे स्टेन ली ने 1961 में दि फैंटास्टिक फोर के साथ मार्वल कॉमिक्स की शुरुआत की थी।



# दुनियाभर में बज रहा वोंका-एक्वामैन 2 का डंका

**लॉस एंजिलिस।** एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम दुनियाभर में धमाल मचा रही है। रिलीज के बाद से ही यह फिल्म दूसरे देशों में छप्परफाड़ कमाई कर रही है। शुक्रवार तक के आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने 73 अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस बाजारों में 40.9 मिलियन की कमाई की है। ओवरसीज कलेक्शन की बात करें तो यह आंकडा कुल 70 मिलियन डॉलर के आसपास पहुंचता नजर आता है। वहीं, फिल्म के घरेलू और वैश्विक आंकड़े को अगर मिला दिया जाए तो यह फिल्म 100 मिलियन की कमाई के पार जाती नजर आ रही है। बता दें कि यूके में फिल्म ने गुरुवार को 1,1994 स्क्रीनों से सात लाख 12 हजार डॉलर के साथ शुरुआत की › वोंका के बाद यह फिल्म दूसरे स्थान पर रही है। यह संख्या लगभग द फ्लैश के बराबर है और मूल एक्वामैन से 33% कम है। दोनों ही फिल्में बुधवार को रिलीज हुई थीं। शुक्रवार तक यूके में इस फिल्म ने 16 लाख डॉलर की कमाई कर ली थी।



# 2024 में रचाएंगी दूसरी शादी


**मुंबई।** क्या मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर का ब्रेकअप हो गया है? मलाइका ने डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' ने अर्जुन से ब्रेकअप की अफवाहों को हवा दी। मलाइका, फराह खान के साथ शो में जज हैं। हाल में शो का नया प्रोमो जारी हुआ। वीडियो में देखा जा सकता है कि फराह, मलाइका से उनकी शादी की प्लानिंग के बारे में पूछती हैं। जिस अंदाज में वह जवाब देती हैं, उससे लगता है कि वह अब सिंगल हैं और किसी और शादी करना चाहती हैं। मलाइका का यह बयान उनके पूर्व पति अरबाज खान की दूसरी शादी के बाद आया है। 'झलक दिखला जा' के प्रोमो वीडियो में देखा जा सकता है कि फराह खान ने मलाइका अरोड़ा से पूछा, "2024 में, क्या आप सिंगल पेरेंट कम एक्ट्रेस से डबल पेरेंट कम एक्ट्रेस बन जाएंगी?" इस सवाल से मलाइका उलझन में पड़ गईं।



# फिर कंट्रोवर्सी में फंस गए रणबीर कपूर

**मुंबई।** रणबीर कपूर हमेशा ही सुर्खियों में रहते हैं। या अगर हम सीधा कहें कि कॉन्ट्रोवर्सी का हिस्सा बने रहते हैं तो गलत नहीं होगा। ये तो जगजाहिर है कि रणबीर ऑफिशियली सोशल मीडिया पर नहीं हैं। ना तो वो कोई पोस्ट करते हैं, ना ही इधर-उधर कोई बयानबाजी देते हैं। फिर भी वो विवादों का शिकार हो ही जाते हैं। हाल ही में रणबीर की एनिमल फिल्म रिलीज हुई थी। फिल्म में उनके कैरेक्टर, डायलॉग्स और बिहेवियर को लेकर काफी विवाद हुआ। उनके कैरेक्टर रणविजय के साथ-साथ रणबीर को भी टॉक्सिक बता दिया गया। लेकिन ऐसा सिर्फ रील लाइफ तक ही सीमित नहीं है। एनिमल विवाद की आंच अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि कपूर खानदान के सलाना क्रिसमस सेलिब्रेशन का हिस्सा बने रणबीर फिर नई मुसीबत में फंस गए।

## टीवी मसाला



# जोरदार होगा वीकेंड का वार, एक-दो नहीं पहुंचेंगे कई खास मेहमान

**मुंबई।** बिग बॉस 17 का वीकेंड का वार का सभी को इंतजार रहता है। सलमान जिस तरह से कंटेस्टेंट को समझाते हैं या फिर फटकार लगाते हैं वह कोई और नहीं कर सकता। हर हफ्ते कोई ना कोई सेलिब्रिटी अपने शो और फिल्म के प्रमोशन के लिए पहुंचता है। बीते हफ्ते क्रिसमस पर रवीना टंडन और अब्दू रोजिक मेहमान बने थे। उन्होंने कंटेस्टेंट और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अब आने वाले वीकेंड में कई और स्पेशल मेहमान आएंगे जो सलमान के कारीफी करीब हैं। वीकेंड का वार के स्टेज पर एक बार फिर से दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र पहुंचेंगे। धर्मेंद्र शो के मंच की शोभा बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह करीब 3 साल से शो में लगातार मेहमान के रूप में नजर आए हैं। सलमान उनका बहुत सम्मान करते हैं। उनके साथ गहरा रिश्ता है। धर्मेंद्र के साथ कृष्णा अभिषेक भी स्पेशल एपिसोड में पहुंचेंगे जो दर्शकों को खूब हंसाने का काम करेंगे। दोनों के साथ का यह एपिसोड कमाल का होने वाला है।

# रोहित की वजह से टेंशन में आ जाएगा पौद्दार परिवार

**मुंबई।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की शुरुआत में दिखाया जाएगा कि अरमान अकेले बैठकर पुराने दिनों को याद करेगा। वह रोहित के साथ बिताए पलों के बारे में सोचेगा। वहीं रोहित अपने कमरे में बैठकर रोएगा। दादी-सा, रोहित को परेशान देख दुखी हो जाएंगी। वह रोहित के पास जाएंगी और उससे उसके नाराज होने की वजह पूछेंगी। रोहित, दादी-सा से मदद मांगेगा और एक प्लान बनाएगा। प्लान के मुताबिक, दादी-सा बड़ी मां को कॉल करेंगी और पौद्दार हाउस आने का कहेंगी। एक तरफ, रोहित तैयारियों में जुट जाएगा। दूसरी तरफ, अरमान अपना कमरा देख भड़क जाएगा। वह अभिरा से पूछेगा, 'ये सब क्या है?' अभिरा के मुंह पर टेप लगा होगा इसलिए वह लिख-लिखकर अरमान से बात करेगी। अरमान, अभिरा से टेप हटाने के लिए कहेगा लेकिन, अभिरा नहीं मानेगी। ऐसे में अरमान, अभिरा पर चिल्लाने लगेगा और तभी अरमान का भाई आ जाएगा। वह अरमान को बताएगा कि उसके लिए पुलिस आई है। अभिरा और अरमान हैरान रह जाएंगे। दोनों नीचे जाएंगे।



# पठान, जवान... नहीं 2023 में द केरल स्टोरी के नाम सबसे ज्यादा प्रॉफिट

**मुंबई।** साल 2023 बॉलीवुड के लिए काफी धमाकेदार साबित हुआ। कोविड के बाद ठंडे पड़े बॉक्स ऑफिस पर कुछ फिल्मों ने आग लगा दी। वहीं सिनेमाघरों में भी जमकर सीटियां गूंजी। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को कई ब्लॉकबस्टर मूवीज मिलीं। शाहरुख खान, रणबीर कपूर और देओल फैमिली के लिए साल काफी अच्छा बीता। अब साल खत्म होने को है तो नफे-नुकसान पर नजर डालना भी बनता है। पठान, जवान, गदर2, एनिमल ने खूब वाहवाही बटोरी। हालांकि प्रॉफिट की बात करें तो एक ऐसी फिल्म लिस्ट में टॉप है जो लोगों के ध्यान से उतर चुकी है। साल 2023 की शुरुआत शाहरुख खान की फिल्म पठान के धमाके से हुई। इसके बाद जवान और गदर 2 शोर रहा। फिल्मों ने बंपर कमाई की, ब्लॉकबस्टर भी रहीं लेकिन अगर फिल्म में लगे बजट को देखते हुए प्रॉफिट की बात की जाए तो पठान, जवान काफी पीछे हैं। टॉपर है द केरल स्टोरी।




**ओएमजी 2 :** अक्षय कुमार स्टारर फिल्म ओएमजी 2 कॉन्ट्रोवर्सी में रही। गदर 2 के साथ इसका क्लैश था। इसके बाद भी फिल्म ने ठीक-ठाक प्रॉफिट कमा लिया। मूवी का बजट 65 करोड़ के करीब था। इसने 150 करोड़ का बिजनस किया। मूवी को 130.76 फीसदी फायदा हुआ।

**पठान:** शाहरुख खान की फिल्म पठान साल की पहली बंपर हिट थी। मूवी ने कमाई के कई रिकॉर्ड्स तोड़े। फिल्म 250 करोड़ के तगड़े बजट में बनी थी। मूवी का बिजनस 543.22 करोड़ रहा। इस इसका प्रॉफिट 117.28 फीसदी रहा।

### द केरल स्टोरी

द केरल स्टोरी मूवी काफी चर्चा में रही थी। कोईमोई की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म 30 करोड़ रुपए में बनी थी। इसने 238.27 करोड़ की कमाई की। इस हिसाब से इसका रिटर्न 694.23 फीसदी रहा।

### गदर 2

दूसरे नंबर पर मालामाल हुई गदर 2 की टीम। फिल्म का बजट 75 करोड़ के आसपास था। मूवी ने 525.50 करोड़ कमाई की। मूवी को 600.66 फीसदी रिटर्न मिला।

### एनिमल

तीसरे नंबर पर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल ने नोट छापे। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म का बजट 200 करोड़ रुपये था। इसने 537.27 करोड़ कमाए और अभी भी थिएटर्स में है। मूवी को 168.63 फीसदी रिटर्न मिला।

### 12वीं फेल

चौथा नंबर है विक्रांत मैसी स्टारर मूवी 12वीं फेल का। फिल्म का बजट महज 20 करोड़ था। मूवी को दर्शकों ने काफी पसंद किया। फिल्म का बिजनस 51.93 करोड़ था तो रिटर्न 159.65 फीसदी रहा।

# काजोल ने दिखाया अपना AI अवतार

**मुंबई।** AI आज हर किसी की लाइफ का एक खास हिस्सा है। किसी भी काम को करने के लिए लोग अब एआई का सहारा लेते हैं। एआई एक ऐसा टूल है, जिसके जरिए लोग फोटो भी तैयार करते हैं। कुछ समय पहले ही कटरीना कैफ ने 'मैरी क्रिसमस' स्टार की एआई वर्जन में लेटेस्ट तस्वीरों शेयर की थीं। अब काजोल ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी एआई वर्जन में बनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इस पर उनके फैंस भी जमकर अपना रिएक्शन दे रहे हैं। शुक्रवार को एक्ट्रेस काजोल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। यह फोटोज उनके एआई वर्जन की है। इन फोटोज में उनका विलेन का अवतार देखने को मिल रहा है। फोटो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा 'आखिरकार मैं इस विचार को घर ले आई, यह सार्थक है। मुझे यह पसंद है, शायद किसी दिन इसे आजमाएं'। इसके साथ ही उन्होंने हैशटैग के साथ लिखा 'मेरा विलेन इरा शुरू और मेरा हैनिबल लुक'। फोटोज में काजोल का लुक बिल्कुल हैनिबल सीरीज के करैक्टर की तरह लग रहा है। इन फोटो में वह ऑल ब्लैक लुक में दिखाई दे रही हैं।



## अमलकी, नीम, पिप्पली, अश्वगंधा, तुलसी सेहत के लिए फायदेमंद

# सर्दियों में च्यवनप्राश की जगह खाएं आयुर्वेदिक चीजें

जब आप छोटे रहे होंगे तब च्यवनप्राश जरूर खाया होगा। इसके अनगिनत फायदे बताकर घर वाले आपको खिलाया करते होंगे। लेकिन अब दौड़ती-भागती जिंदगी के कारण कई लोग इसका सेवन नहीं कर पाते। च्यवनप्राश को गुणों से भरपूर माना जाता है और दावा किया जाता है कि यह इम्यूनिटी मजबूत करता है। इसलिए सर्दियों में इसे खाना काफी फायदेमंद है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

च्यवनप्राश का स्वाद खट्टा-मीठा और तीखा होता है। आयुर्वेद में बताया गया है कि इसका नाम 'च्यवन' ऋषि के नाम पर रखा गया है। च्यवनप्राश अमलकी, नीम, पिप्पली, अश्वगंधा, सफेद चंदना, तुलसी, इलायची, अर्जुन, ब्राह्मी, केसर, घृत और शहद आदि को मिलाकर बनाया जाता है। 15 साल से अधिक एक्सपीरियंस वाली डाइटीशियन आशु गुप्ता का कहना है कि आज के समय में लोग नेचुरल फूड्स खाने की अपेक्षा मार्केट में बनी चीजें खाना पसंद करते हैं। अगर आप च्यवनप्राश के इंग्रेडिएंट को डायरेक्ट खाएंगे तो आपको अधिक फायदा होगा। अगर आप चाहें तो च्यवनप्राश जिन चीजों से बनता है, उनमें से कुछ चीजें आपकी इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद कर सकती हैं।



### तिल

तिल, सर्दियों में काफी प्रयोग में आती है। इसमें काफी मात्रा में पोषक तत्व पाए जाते हैं। 28 ग्राम तिल में 160 कैलोरीस 5 ग्राम प्रोटीन, 3.3 ग्राम फाइबर होता है। इसमें जिंक, सेलेनियम, कॉपर, आयरन, विटामिन बी 6 और विटामिन ई काफी अच्छी मात्रा में होता है जो शरीर के व्हाइट ब्लड सेल्स को बढ़ाता है।

### आंवला

आंवला पोषक तत्वों का एक पावरहाउस है। यह च्यवनप्राश का मुख्य इंग्रेडिएंट है। आंवला विटामिन सी के सबसे अच्छे सोर्स में से एक है। इसमें काफी मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट और इम्यूनिटी बूस्टर होते हैं। 100 ग्राम आंवला में लगभग 700 ग्राम विटामिन सी होता है। सर्दियों में इसके सेवन से काफी फायदा होगा।

### पिपली

स्वाद में तीखा और तासीर में गर्म पिपली 2000 वर्षों से भी पुरानी जड़ी-बूटी है। सदियों से इसका प्रयोग सेहत को अच्छा रखने के लिए होता आ रहा है। खांसी और सर्दी को जड़ से खत्म करने और इम्यूनिटी बढ़ाने में यह काफी फायदेमंद है।


### तुलसी

तुलसी में विटामिन सी और जिंक भरपूर मात्रा में होता है। यह नेचुरल इम्यूनिटी बूस्टर है जिससे इंफेक्शन कम होता है। इसमें मौजूद भरपूर मात्रा में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-फंगल गुण कई तरह से फायदे पहुंचाते हैं।

### नीम

नीम इम्यून सिस्टम को बढ़ावा देती है जिससे शरीर विभिन्न प्रकार के रोगों से मुक्त रहता है। यह ब्लड शुगर लेवल को भी कंट्रोल करता है। डायबिटीज वाले लोगों को यह काफी फायदेमंद है। मलेरिया, वायरल फ्लू, डेंगू और अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाने में भी यह काफी फायदा पहुंचाता है।

# 50 साल की हुईं एक्ट्रेस ट्विंकल



**मुंबई।** एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना आज यानी 29 दिसंबर को अपना 50वां जन्मदिन मना रही हैं। जन्मदिन के इस खास मौके पर एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्विमिंग करते हुए एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में उनके साथ पति अक्षय कुमार और दोनों बच्चे आरव और नितारा भी दिखाई दे रहे हैं। एक्ट्रेस ने पोस्ट शेयर करते हुए 'बस तैरते रहो' और अपने जीवन को रोमांचक बनाने का मैसेज दिया। वीडियो में सभी डाइविंग मास्क और स्विमफिन पहने हुए नजर आ रहे हैं। अक्षय कुमार ने पत्नी ट्विंकल खन्ना के लिए प्यार भरा पोस्ट शेयर किया है। एक्टर ने हल्क के साथ ट्विंकल की एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा- मेरे हल्क तुम लंबे समय तक जीती रहो!! अपने ह्यूमर से इतने साल तक हमें हंसाने के लिए धन्यवाद!! भगवान तुम्हारी उम्र में कई और साल जोड़े। जन्मदिन मुबारक हो, टीना।

# गोंडवाना कप में मान और अदिति बने चैंपियन, छत्तीसगढ़ के शौर्य को मिली हार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ टेनिस संघ की ओर से जोरा स्थित इंटरनेशनल टेनिस स्टेडियम में आयोजित गोंडवाना कप का शुक्रवार को समापन हुआ। फाइनल मुकाबला छत्तीसगढ़, दिल्ली और हरियाणा व उत्तरप्रदेश के खिलाड़ियों के बीच खेला गया, जिसमें मेंस सिंगल में दिल्ली के यश चौरसिया को हराकर उत्तरप्रदेश के मान केशरवानी ने जीत दर्ज की। इसके अलावा वुमन सिंगल में मंजूनाथ को हराकर अदिति रावत हरियाणा ने जीत हासिल की। मेंस डबल में तुषार मंडलेकर ने शौर्य मानिक को हराकर कहिर वारिस और आनंद गुप्ता ने अपनी जीत दर्ज की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर विधायक पुरन्दर मिश्रा और हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी व आईएएस रीना बाबा साहेब कंगाले सहित टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा शामिल रहे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार दिया।




## खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

*फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मैच देखने को मिला। कप पर कब्जा करने टेनिस कोर्ट में खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। मेंस सिंगल में मान केशरवानी ने यश चौरसिया को 1-6, 6-3, 6-1 से हराकर मैच अपने नाम किया। वुमेन्स सिंगल में अदिति रावत, हरियाणा ने सिरी मंजूनाथ पाटिल, कर्नाटक को 6-2, 3-6, 6-3 से जीत दर्ज की। मेंस डबल मुकाबले में आनंद प्रकाश गुप्ता, उत्तरप्रदेश और काहिर समीर वारिक, महाराष्ट्र ने तुषार मंडलेकर और शौर्य माणिक छत्तीसगढ़ को 6-4, 6-4 से हराया। स्पर्धा के आइटा सुपरवाइजर ओडिशा के व्हाइट बेज रेफरी प्रबीन नायक व टूर्नामेंट कोऑर्डिनेटर रूपेंद्र सिंह चौहान उपस्थित रहे।*



## टेनिस इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित राज्यों से बेहतर : डॉ. द्विवेदी

समापन समारोह में हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश में टेनिस के क्षेत्र में पिछले एक दशक में जो सक्रियता आई है, वह सभी को अचंभित करने वाली है। टेनिस इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर जो कार्य हुए हैं, वह सराहनीय है। विकसित राज्यों में भी इस तरह की सुविधा नहीं है। उन्होंने कहा कि गोंडवाना कप देखने नहीं आ पाया, इसका मुझे अफसोस है। टेनिस में अतिथि से ज्यादा आनंद दर्शक बनकर देखने में है। उत्तर विधायक पुरन्दर मिश्रा ने खिलाड़ियों को बधाई दी। महासचिव गुरुचरण सिंह होरा ने कहा कि प्रदेश टेनिस संघ के पूर्व अध्यक्ष विक्रम सिसोदिया की सराहना करते हुए कहा कि उनके आने के बाद से 2010 से 2018 तक छत्तीसगढ़ में टेनिस ने जो मुकाम हासिल किया है, यह उनकी बदौलत है।

## खबर संक्षेप



### न्यूजीलैंड-बांग्लादेश का टी20 मैच बारिश से धुला

**माउंट मोनगानुई।** न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच शुक्रवार को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में केवल 11 ओवर ही डाले जा सके जिसके बाद बारिश के कारण इसे रद्द करना पड़ा। इससे बांग्लादेश की टीम तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाए है। मैच समय पर शुरू हुआ और 11 ओवर के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर दो विकेट पर 72 रन था जिसके बाद तेज बारिश आ गई जो पूरे समय होती रही और मैच रद्द कर दिया गया। श्रृंखला का तीसरा मैच रविवार को इसी स्टेडियम में खेला जाएगा।

### आस्ट्रेलियाई ओपन की ईनामी राशि में इजाफा

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस अधिकारियों ने 14 जनवरी से मेलबर्न पार्क में शुरू हो रहे वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम की ईनामी राशि में एक करोड़ आस्ट्रेलियाई डॉलर का इजाफा करने की घोषणा की है। टूर्नामेंट के निदेशक क्रेग टिले ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि अब इस ग्रैंडस्लैम की ईनामी राशि आठ करोड़ 65 लाख आस्ट्रेलियाई डॉलर होगी। पहले दौर के क्वालीफायर को 31250 आस्ट्रेलियाई डॉलर मिलेंगे जो पहले से 20 प्रतिशत अधिक है। महिला और पुरुष चैंपियन दोनों को 30 लाख 15 हजार आस्ट्रेलियाई डॉलर बतौर पुरस्कार मिलेंगे।

### चेन्नई ओपन 2023 में भाग लेंगे प्रसन्ना, चक्रवर्ती और लक्ष्मण

**चेन्नई।** भारतीय ग्रैंडमास्टर विष्णु प्रसन्ना, दीपन चक्रवर्ती और आर आर लक्ष्मण 31 दिसंबर से यहां शुरू होने वाले 2023 चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट सात जनवरी 2024 को समाप्त होगा जिसमें 28 विदेशी खिलाड़ियों सहित 320 खिलाड़ी शिरकत करेंगे।

# प्रसिद्ध के लचर प्रदर्शन से दिखी 'बेंच स्ट्रेंथ' की कमजोरी, जडेजा-आवेश बहा रहे पसीना

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

भारतीय गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कुछ हफ्ते पहले साफ कहा था कि कोई भी कोच मोहम्मद शमी जैसी काबिलियत रखने वाला तेज गेंदबाज तैयार करने का श्रेय नहीं ले सकता। म्हाम्ब्रे ने यह बात एक इंटरव्यू में कही थी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे और तीसरे दिन जब डीन एल्गर, डेविड बेडिंघम और मार्को यानसेन भारतीय गेंदबाज शार्दुल ठाकुर और पदार्पण करने वाले प्रसिद्ध कृष्णा की गेंदों को धुन रहे थे तो शमी की इतनी ज्यादा कमी महसूस हुई थी। इससे कुछ निश्चितता के साथ कहा जा सकता है कि कुछ समय के लिए प्रसिद्ध का यह पहला और अंतिम टेस्ट रहेगा जिससे अगले टेस्ट में रविंद्र जडेजा और आवेश खान को उनकी और शार्दुल की जगह अंतिम एकादश में रखा जाएगा।






### विदाई टेस्ट के लिए एल्गर दक्षिण अफ्रीका के कप्तान

भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला के बाद क्रिकेट को अलविदा कहने जा रहे डीन एल्गर केपटाउन में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए चोटिल तेंबा बावुमा की जगह दक्षिण अफ्रीका के कप्तान होंगे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट के बाद कहा कि बावुमा दूसरा टेस्ट नहीं खेल सकेंगे। बावुमा को पहले दिन फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी और वह मैच में आगे नहीं खेल सके थे। उनकी गैर मौजूदगी में एल्गर ने ही कप्तानी की। बावुमा की जगह जुबैर हमजा तीन जनवरी से केपटाउन में होने वाला दूसरा टेस्ट खेलेंगे।


### जडेजा ने शुरू किया अभ्यास

दक्षिण अफ्रीका के हाथों पहले टेस्ट में शर्मनाक हार झेलने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के लिए अच्छी खबर है कि हरफनमौला रविंद्र जडेजा तीन जनवरी से केपटाउन में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में खेल सकते हैं। पहले टेस्ट की सुबह पीठ में दर्द के कारण जडेजा नहीं खेल सके थे। पहले टेस्ट के तीसरे दिन उन्होंने वार्म अप में भाग लिया और बिल्कुल सहज नजर आए। उन्होंने फिटनेस अभ्यास भी किया । तीसरे दिन लंच ब्रेक के दौरान उन्होंने गेंदबाजी की। रिजर्व तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के साथ उन्होंने करीब 20 मिनट अभ्यास पिच पर गेंदबाजी की।

### आवेश भारतीय टीम में शामिल

केपटाउन में होने वाले दूसरे और आखिरी टेस्ट के लिए तेज गेंदबाज आवेश खान को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। आवेश को मोहम्मद शमी के विकल्प के तौर पर शामिल किया गया है। शमी को बीसीसीआई की मेडिकल टीम से दोनों टेस्ट के लिए मंजूरी नहीं मिल सकी थी। बोर्ड ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'पुरुष चयन समिति ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन से सात जनवरी तक केपटाउन में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए मोहम्मद शमी की जगह आवेश खान को टीम में जगह दी है।' आवेश ने अभी तक 38 प्रथम श्रेणी मैचों में 149 विकेट लिए हैं।

### बृजभूषण के आवास से हटा डब्लूएफआई का कार्यालय




**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ ने शुक्रवार को अपना कार्यालय अपने पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के आवास से हटा लिया है जिस पर हाल में खेल मंत्रालय ने गंभीर आपत्ति जताई थी। एक सूत्र ने कहा, 'बृजभूषण के घर को खाली करने के बाद डब्लूएफआई नई दिल्ली में एक नए पते से काम करेगा। डब्लूएफआई का नया कार्यालय नई दिल्ली के हरिनगर में है। खेल मंत्रालय ने 24 दिसंबर को अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में डब्लूएफआई के नवनिर्वाचित पैनल को चुने जाने के तीन दिन बाद ही निलंबित कर दिया था। मंत्रालय ने डब्लूएफआई के बृजभूषण के आवास से चल रहे कार्यालय को भी निलंबन की कार्रवाई का एक कारण बताया था। मंत्रालय ने अपने पत्र में कहा था, 'महासंघ का कामकाज पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण द्वारा नियंत्रित आवास से हो रहा है और यह कथित परिसर है जिसमें खिलाड़ियों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है और वर्तमान में अदालत में यह मामला चल रहा है।'

# आस्ट्रेलिया जीता, बनाई 2-0 की बढ़त पाकिस्तान की लगातार 16वीं टेस्ट हार

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

कप्तान पैट कमिंस के दस विकेट की मदद से आस्ट्रेलिया ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन पाकिस्तान को 79 रन से हरा दिया। कमिंस ने दूसरी बार मैच में दस विकेट लेने का कारनामा किया है। उनकी शानदार गेंदबाजी की मदद से मेजबान टीम ने पाकिस्तान को 237 रन पर आउट कर दिया। यह पाकिस्तान की आस्ट्रेलिया में लगातार 16वीं टेस्ट हार थी।

- कप्तान पैट कमिंस ने दूसरी बार चटकाए दस विकेट

मोहम्मद रिजवान और सलमान अली आगा ने 67 रन की साझेदारी की लेकिन कमिंस ने इसे तोड़कर सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

प्लेयर आफ द मैच बने कमिंस 57वें मैच में 250 टेस्ट विकेट पूरे करने वाले आस्ट्रेलिया के दसवें गेंदबाज भी बन गए। पहली इनिंग में पांच विकेट लेने वाले टीम के कप्तान पैट कमिंस दूसरी पारी में भी पांच विकेट लिए।आस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट 360 रन से जीता था। तीसरा टेस्ट तीन जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। पाकिस्तान ने आखिरी बार आस्ट्रेलिया में 1995 में टेस्ट जीता था। अब ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त के साथ सीरीज अपने नाम कर ली है।




# वनडे : आज महिला टीम के सामने श्रृंखला गंवाने से बचने की चुनौती

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पहला मैच गंवाने के बाद हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ शनिवार को दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में उतरेगी तो उसके सामने श्रृंखला बचाने की बड़ी चुनौती होगी।

आस्ट्रेलिया ने वानखेड़े स्टेडियम पर पहले वनडे में भारत को हर विभाग में उन्नीस साबित कर दिया। भारत ने जेमिमा रौड्रिग्स (82) और पूजा वस्त्राकर (नाबाद 62) की पारियों के दम पर आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना सर्वोच्च स्कोर आठ विकेट पर 282 रन बनाया। भारत ने गेंदबाजी में सात गेंदबाजों को आजमाया लेकिन कोई फायदा नहीं मिला। आस्ट्रेलिया ने तीन ओवर और छह विकेट बाकी रहते जीत दर्ज की। भारत की अपनी धरती पर यह लगातार आठवीं हार थी। इस तरह का प्रदर्शन ड्रेसिंग रूम में जरूर चिंता का सबब बना होगा।

# पाक ने आस्ट्रेलिया से बेहतर क्रिकेट खेला

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया से शुक्रवार को यहां 79 रन से मिली हार के बावजूद पाकिस्तान के टीम निदेशक मोहम्मद हफीज ने कहा कि उनकी टीम ने दूसरे टेस्ट में मेजबान से बेहतर क्रिकेट खेला। हफीज ने 'ईएसपीएन क्रिकइंफो' से कहा, 'बतौर टीम हमने बेहतर क्रिकेट खेला। मुझे इस पर गर्व है। टीम ने सर्वश्रेष्ठ संभव तरीके से इस मैच में आक्रामक होने का साहस दिखाया। हमारा बल्लेबाजी जज्बा बेहतर था और गेंदबाजी करते हुए हम सही लाइन एवं लेंथ में हिट कर रहे थे। हमने कुछ गलतियां की जिससे हमने मैच गंवा दिया।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर**

क्रं. / स्व.से / 2023/496 / PRO. 587 दिनाँक 29/12/2023

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पालिक निगम जबलपुर द्वारा आदेश क्रमांक / 29-17-10-07 जबलपुर, दिनांक 01/07/2017 के द्वारा सैप्टिक टैंक को खाली करवानें के लिए 1505 /- रू प्रति टैंक निर्धारित किए गए है। प्रत्येक 03 वर्ष में रहवासियों के द्वारा सैप्टिक टैंक को खाली करवाना अनिवार्य हैं। सैप्टिक टैंक को खाली करवाने के लिए दूरभाष संख्या 14420 पर संपर्क किया जा सकता है। इस सम्बंध में सभी नागरिकों को टैंक खाली करवानें के उपरांत भुगतान की गई राशि रू.1505/- के लिए पावती प्राप्त करनी अनिवार्य है।

अपर आयुक्त
नगर पालिक निगम,
जबलपुर

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा, इंजीनियरिंग विभाग**

निम्नलिखित कार्य के ई–निविदा भारत संघ के राष्टपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम. डब्ल्यू–जे.बी.पी.–246–2023 **दिनांकः** 26.12.2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः सतनाः–** मौजूदा आरओएच शेड का 50 मीटर तक विस्तार, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 9,22,67,048/–, **बयाना राशि रूपयेः** 6,11,300/–, **समापन अवधिः** 18 माह, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू –जे.बी.पी.–247–2023 **दिनांकः** 26.12.2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** सहायक मंडल अभियंता (दक्षिण) सतना के सेक्शन में विभिन्न पी.वे. अनुरक्षण के कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 64,60,055/–, **बयाना राशि रूपयेः** 1,29,200/–, **समापन अवधिः** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम. डब्ल्यू–जे.बी.पी.–248–2023 **दिनांकः** 26.12.2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** सहायक मंडल अभियंता (उत्तर) सतना के सेक्शन में विभिन्न पी.वे. अनुरक्षण के कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 69,77,428/–, **बयाना राशि रूपयेः** 1,39,600/–, **समापन अवधिः** 12 माह, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी.–249–2023 **दिनांकः** 27.12.2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** सहायक मंडल अभियंता जबलपुर एवं कटनी के सेक्शन में विभिन्न पी.वे. अनुरक्षण के कार्य।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 1,15,41,398/–, **बयाना राशि रूपयेः** 2,07,700/–, **समापन अवधिः** 12 माह, **उपरोक्त सभी निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तकः** 19.01.2024, **उपरोक्त सभी निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथिः** 19.01.2024। उपरोक्त ई–निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps. gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)/पमरे/जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार / मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत(लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-577 29.12.2023 | नरसिंह वार्ड अंतर्गत आमनपुर क्षेत्र में रज्जन ठाकुर जी के निवास से सप्रेय जी के निवास तक आर.सी.सी. नाली कवर्ड कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 2 माह | 1000 | 04.01.2024 |
| | | | रू. 1.17 | 2360 | |
| 2 | | नरसिंह वार्ड अंतर्गत आमनपुर क्षेत्र में अपूर्व वर्मा जी के निवास के पास आर. सी.सी. नाली कवर्ड कार्य । (पार्षद अनुशंसा) | 2 माह | 1000 | |
| | | | रू. 1.90 | 3820 | |

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाइट https://mptenders.gov.in में पर ही किय जायेगा, पृथक से समाचार पत्र प्रकाशन

कार्यपालन यंत्री संभाग
क्रमांक-04 नगर निगम, जबलपुर

# ओलंपिक क्वालीफायर 13 से 19 जनवरी के बीच खेला जाएगा

# रुपिंदर से पेनल्टी कॉर्नर कौशल सीख रही महिला टीम

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारतीय महिला हॉकी टीम रांची में चल रहे पांच दिवसीय शिविर के दौरान महान ड्रैग फ्लिकर रुपिंदर पाल सिंह के साथ पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलने का कौशल निखारने में लगी हुई है। हाल में रांची में जापान को हराकर एशियाई चैंपियंस ट्राफी जीतने के बावजूद भारत ने कई पेनल्टी कॉर्नर के मौके गंवाए थे और कोच यानेके शॉपमैन ने इस विभाग में तुरंत सुधार की जरूरत पर जोर दिया था।

शीर्ष महिला ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर ने बुधवार को भारतीय खेल प्राधिकरण बेंगलुरु में शुरू हुए शिविर को महत्वपूर्ण क्वालीफायर से पहले सीखने के लिए 'परफेक्ट' करार दिया। ओलंपिक क्वालीफायर अगले साल 13 से 19 जनवरी के बीच खेला जाएगा। गुरजीत ने कहा, 'हम प्रत्येक दिन नयी चीजें सीख रहे हैं और सुधार करने वाले कुछ विशेष पहलुओं पर ध्यान लगाकार अपने खेल में और सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं। रुपिंदर ने हमारे मार्गदर्शन में अहम भूमिका निभाई है। हम आगामी टूर्नामेंट की तैयारी में जुटे हैं और हमें पूरा भरोसा है कि यहां सीखे गए सबक से मैदान में हमारे प्रदर्शन पर काफी अच्छा असर पड़ेगा।' हांगझोउ एशियाड में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की कमी साफ दिखाई दी जिसमें टीम ने कांस्य पदक जीता था। इस टूर्नामेंट में भारत को 69 पेनल्टी कॉर्नर मिले जिसमें से टीम महज 16 में ही गोल कर पायी थी।



**कार्यालय नगरपालिका परिषद बालाघाट, जिला - बालाघाट (म.प्र.) 481001**

क्रं. एफ/लोकनिर्माण शाखा/50-2/2023/11192 बालाघाट, दिनांक 28/12/2023

**//निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं -

| क्रं. | टेंडर आईडी नं. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_322107_1 | कायाकल्प अभियान 2.0 अंतर्गत निर्माण कार्य। | 60 दिवस 17763559=00 | 12500=00 एवं 88818=00 | 12/01/2024 |

नोट : निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद बालाघाट
जिला - बालाघाट (म.प्र.)




### वैज्ञानिकों ने किसानों को दी सौगात

# जनेकृविवि: गेहूं की उन्नत किस्म एमपी 1378 विकसित

जबलपुर।

कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों की मेहनत से विभिन्न फसलों की 13 प्रजातियों (चना की 03, कोदो 01, कुटकी 01, अलसी 01, मक्का 01, संकर मक्का 01, धान 01, सोयाबीन 01, उडद 02 एवं जई की 01 प्रजाति) को भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित कर अधिसूचना जारी की गई। जनेकृविवि के वैज्ञानिकों ने गेहूं की उन्नत किस्म एम.पी. 1378 को विकसित कर किसानों को सौगात के रूप में देकर एक और नई उपलब्धि प्राप्त की है। यह प्रजाति न केवल अधिक उत्पादन देगी, साथ ही महत्वूपर्ण पोषक तत्वों जैसे जिंक तथा आइरन से भी भरपूर है। मधुमक्खी पालन कर अतिरिक्त पूरक आय हेतु जागरूकता 7 दिवसीय कार्यकम आयोजित हुआ। जवाहरलाल नेहरू कृषि विष्वविद्यालय, जबलपुर और एन.ए.बी.ए.आर.डी. भोपाल के साथ मिलेट की उत्पादन, प्रसंसकरण और विपणन को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय कान्फ्रेंस का आयोजन किया जो कि हाइब्रिड मोड में लांच किया गया था, इस अवसर पर प्रदर्षनी में 55 स्टैंडीज और 21 स्टॉल शामिल थे। इसके अलावा 10 खाद्य काउंटर थे, 14 प्रगतिशील किसानों को भी सम्मानित किया गया। मिलेट्स के उत्पाद, प्रसंस्करण एवं विपणन विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से 300 वैज्ञानिक शामिल हुये।

## मृदा बचाओ अभियान

जनेकृविवि में मृदा बचाओ अभियान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसके तहत मिट्टी बचाओ के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही विषाक्त होती भूमि को बचाने के लिये वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। विश्वविद्यालय के जवाहर मॉडल में हरीमन-99 सेव के 10 पौधों को रोपा गया। जिसमें दूसरी बार भी फूल एवं फल आए थे। जनेकृविवि में विद्यार्थियों में उद्यमिता विकास के लिये उद्योग शैक्षणिक संबंधों को सुदृढ़ करने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## उधमी से उद्यमी उड़ान स्टार्टअप का शुभारंभ

उधमी से उद्यमी उड़ान स्टार्टअप का शुभारंभ हुआ। उद्यमिता में सार्थक सफलता हेतु बागवानी उत्पादन में नवीन तकनीकी पर छात्रों के बीच उद्यमिता विकास पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ। खरीफ में 50 हेक्टेयर क्षेत्रफल में कोदो-कुटकी का फसल प्रदर्शन का लक्ष्य रखा गया। बेहतर फसल उत्पादन हेतु कृषि में ड्रोन का उपयोग हेतु प्रदर्शन हुआ। ग्लोबल इन्वेस्टर मीट में जनेकृविवि के माइनर मिलेट्स की धूम रही। कृषि क्षेत्र में अभिनय नीतिगत कार्यक्रमों पर प्राथमिक अंतः दृष्टि एवं संभावनाअनों पर 2 दिवसीय आंचलिक सम्मेलन आयोजित हुआ।

## 28 किस्मों का किसानों के नाम पंजीकरण

विश्वविद्यालय द्वारा भारत सरकार, नई दिल्ली के कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्रालय अंतर्गत पौध किस्म संरक्षण एवं कृषक अधिकार प्राधिकरण में कृषकों के नाम पर 5 फसल किस्मों का पंजीकरण किया जा चुका है। इस तरह विश्वविद्यालय द्वारा अब तक कुल 28 किस्मों को किसानों के नाम पंजीकरण करा चुका है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा रामतिल परियोजना छिंदवाड़ा को उत्कृष्ठ अनुसंधान कार्य के लिए सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया किया गया है। स्थानीय परंम्परागत किस्मों के संरक्षण, ब्रांडिग एवं विपणन को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने हेतु जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं मध्यप्रदेश शासन के संयुक्त प्रयास से मध्यप्रदेश के गुणवत्ता युक्त कृषि उत्पाद जैसे रीवा क्षेत्र में उत्पादित सुन्दरजा आम किस्म जी.आई. टेगिंग प्राप्त हो गया है। विश्वविद्यालय को अनुसंधान नवाचारों पर दो पेंटेंट स्वीकृत हुए।

## जेएनकेविवि के लिये 5 परियोजनाएं स्वीकृत

राज्य बीज उपसमिति, कृषक कल्याण एवं किसान विकास, म.प्र. शासन, भोपाल द्वारा ज.ने.कृ.वि.वि. जबलपुर द्वारा विकसित फसलों की 09 नवीनतम प्रजातियों को मध्यप्रदेश राज्य के लिए अनुमोदित की गई है। इसमें मसूर की 01. अलसी की 02, मक्का 01, संकर मक्का 01, जई 01 गेहूं 02 एवं अमरूद की 01 प्रजाति को अनुमोदित किया किया गया है। किसान कल्याण एवं कृषि विभाग, म.प्र. शासन द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना- रफ्तार अन्तर्गत जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर हेतु 5 परियोजनाएं स्वीकृत हुई।



# तापमान में बढ़त के साथ ठंड का असर बरकरार

**पश्चिमी विक्षोप से तापमान उछला**

**जबलपुर।** पश्चिमी विक्षोभ के कारण आसमान पर बादलों की हल्की परत छायी हुई है। पूरा उत्तर भारत पश्चिमी विक्षोप की गिरफ्त में है। उत्तर से आने वाली सर्द हवाओं की रफ्तार भी कम हुई है। यही वजह है कि पिछले दो दिनों से तापमान लगातार उछाल ले रहा है और ठण्ड की आक्रामता में कमी आई है। बादल आने पर आने वालें दिनों में बारिश भी हो सकती है। ठण्ड का तीखापन भले ही कम हुआ हो, लेकिन ठण्ड का असर अभी बरकरार है। शाम ढलते ही ठण्ड अपना असर दिखाने लगती है और रात में तेवर आक्रामक हो जाते हैं। पश्चिमी विक्षोप का असर समाप्त होते ही ठण्ड एक बार फिर अपना असर दिखाएगी। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार समूचा उत्तर भारत पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव में चल रहा है। उत्तर भारत में बादल छाये हुये हैं और वहां से हल्के बादल यहां भी आये हैं। अगले एक दो दिनों में छाने वाले बादल बारिश भी ला सकते हैं।

मौसम कार्यालय से मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 25.02 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 11.05 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 82 प्रतिशत और सायंकाल 69 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्येदय सुबह 6.51 बजे और सूर्यास्त शाम 5.35 बजे हुआ। उत्तरी हवायें 2 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की गई है। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 26.02 और न्यूनतम तापमान 07.08 डिग्री दर्ज किया गया था। सबसे कम डिग्री तापमान 7 डिग्री कल्याणपुर, शहडोल जिलें में दर्ज किया गया।

# धान उपार्जन केंद्रों की निगरानी के लिये उड़नदस्ता दल गठित

### केंद्रों का औचक निरीक्षण करने निर्देश

जबलपुर।

किसानों से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिये जिले में बनाये गये खरीदी केंद्रों के पर्यवेक्षण एवं मॉनिटरिंग हेतु उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। प्रभारी कलेक्टर जयति सिंह द्वारा इस बारे में आदेश जारी कर उड़नदस्ता दल के सदस्यों को धान खरीदी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण करने एवं प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। आदेश के मुताबिक उड़नदस्ता दल परियोजना संचालक आत्मा परियोजना डॉ एस के निगम एवं उपसंचालक उद्यानिकी डॉ नेहा पटेल के निर्देशन में कार्य करेंगे। सात सदस्यों के इस उड़नदस्ता दल में कृषि विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया है और उन्हें विकासखण्ड आबंटित किये गये हैं।



## खरीदी केंद्र वार नोडल अधिकारी भी नियुक्त

धान उपार्जन केंद्रों के आकस्मिक निरीक्षण के लिये उड़नदस्ता दल का गठन करने के साथ ही प्रभारी कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जिले में स्थित प्रत्येक उपार्जन केन्द्र के लिये एक नोडल अधिकारी को भी नियुव्त किया है। नोडल अधिकारी उनसे सबंधित उपार्जन केंद्र पर खरीदी के लिये उत्तरदायी होंगे। नोडल अधिकारी को प्रतिदिन उपार्जन केंद्र पर मौजूद रहना होगा। वे खरीदी केंद्र पर जरूरी व्यवस्थाओं से लेकर उपार्जन से सबंधित कठिनाइयों एवं शिकायतों के निराकरण के लिये भी जिम्मेदार होंगे। नोडल अधिकारियों को सुनिश्चित करना होगा कि खरीदी केंद्रों पर मानक गुणवत्ता (एफएक्यू) के धान का ही उपार्जन हो।

### शास्त्रीनगर में देर रात वारदात, आरोपी भी

# दो सगे भाइयों पर चाकू से हमला 1 की मौत, दूसरा गंभीर

जबलपुर।

तिलवारा थाना अतंर्गत शास्त्री नगर में गुरुवार की देर रात 11.30 बजे के लगभग एक बदमाश ने दो सगे भाइयों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस वारदात में एक भाई की मौत हो गई जबकि दूसरा बुरी तरह घायल हो गया। घटना के वव्त दोनों भाई आग ताप रहे थे। घटना की वजह पुरानी रंजिश होना बताया जा रहा है। बताया गया है कि मृतक ने पहले चाकू निकाली और आरोपी पर हमला किया, आरोपी ने वहीं चाकू छीनकर मृतक को घोंप दी, जिससे उसकी मौत हो गई, वही भाई की जान बचाने के प्रयास में बड़ा भाई भी घायल हो गया।




घटना के संबंध में तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शास्त्राr नगर में देर रात 24 वर्षीय छोटू ठाकुर और उसका भाई अंचल ठाकुर घर के पास किराना दुकान के सामने बैठकर आग ताप रहे थे। इसी दौरान बाइक में सवार होकर हर्षित नामक युवक अपने तीन साथियों के साथ आया। और पुराने विवाद को लेकर छोटू ठाकुर से झगड़ा करने लगा। इसी बीच छोटू ठाकुर ने चाकू निकाली और हर्षित पर हमला कर दिया। आरोपी हर्षित ने वही चाकू छीनकर छोटू को मार दी। छोटे भाई को बचाने में बड़ा भाई अचंल भी घायल हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद हर्षित के साथी घायल हालत में उसे लेकर मेडीकल कालेज लेकर आए और उसे भर्ती करने के बाद फरार हो गए। दूसरी तरफ छोटू ठाकुर और अंचल ठाकुर को भी स्थानीय लोग लेकर मेडीकल कालेज पहुंचे जहां डाक्टर ने छोटू को मृत घोषित कर दिया। इस घटना में घायल हुए मृतक छोटू के भाई अंचल और छोटू के हत्या के आरोपी हर्षित गंभीर रुप से घायल हुए और उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना को बाद मौके पर पहुंची तिलवारा पुलिस ने आरोपी हर्षित उर्फ मन्नू व उसके अन्य साथियों के खिलाफ धारा 302 के तहत हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है। मन्नू का पुलिस हिरासत में इलाज चल रहा है जबकि अन्य आरोपी फरार है।

## घूमते पकड़ा गया जिला बदर का आरोपी

**जबलपुर।** बेलबाग थाना अतंर्गत पांडे अस्पताल के पास एक दुकान के सामने खड़े जिला बदर के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया है कि आरोपी को जिला दंडाधिकारी द्वारा राजस्व सीमाओं से 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर का आदेश दिया गया था, जिसके द्वारा उल्लंघन करना पाया गया। बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपाल मंदिर के पास खटीक मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय विशाल सोनकर गत दिवस पांडे अस्पताल के पास स्थित एक दुकान के सामने खड़ा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी विशाल सोनकर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 188 एवं 14 मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

# रेलवे के सेफ्टी काउन्सलर के घर चोरी की वारदात

जबलपुर।

कोतवाली थाना अतंर्गत आनंद कालोनी उखरी रोड बल्देवबाग में चीफ सेफ्टी काउन्सलर के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर चांदी के बर्तन के दो सेट एवं चांदी के सिक्के, पूजा की थाली, कटोरी, गिलास, चम्मच, दीपक व नगदी दो हजार रुपए चोरी कर ले गए।

कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आनंद कालोनी उखरी रोड बल्देवबाग निवासी 58 वर्षीय संजीत ताम्रकार रेलवे में चीफ सेफ्टी काउन्सलर के पद पर पदस्थ है। गत 25 दिसंबर को रात लगभग 12.30 बजे घर के मुख्य दरवाजे में ताला लगाकर संजीत परिवार सहित भुवनेश्वर उड़ीसा गया था। दूसरे दिन सुबह पड़ोसी ने उसे फोन पर चोरी की सूचना दी। सूचना पाकर गत दिवस वह अपने घर पहुंचा जहां सामान बिखरा हुआ था। पूजा करने की थाली, कटोरी, गिलास, चम्मच, दीपक, लोटा, चांदी के बर्तन के दो सेट एवं चांदी के सिक्के तथा नगदी दो हजार रुपए अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### झोलाछाप डॉक्टर बन गांव- गांव करता रहा इलाज

# बांग्लादेशी युवक को जेल भेजा गया

**जबलपुर। गौरीघाट पुलिस द्वारा पकड़े गए बांग्लादेशी युवक रपन दास विश्वास को पुलिस ने पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस की छानबीन के दौरान रपन के घर में उसके पिता 70 वर्षीय प्रोवास विश्वास और 32 वर्षीय चचेरा भाई तान्मोय विश्वास भी मिले थे, जो रपन से मिलने के लिए 15 दिन पूर्व भारत आए थे। हालांकि ये लोग कानूनी तरीके से वैधानिक रुप से आए थे। जो संभवतः बंग्लादेश लौट जायेंगे।**



पूछताछ पर पुलिस को उन्होंने बताया कि वे दोनों 15 दिन से शहर में ही हैं गौरतलब है कि वर्ष 2009 में रपन टूरिस्ट वीजा और पासपोर्ट पर पश्चिम बंगाल से भारत आया था। कोलकाता में रहने के बाद वह मप्र के पन्ना और फिर सिवनी में कुछ समय के लिए रुका और फिर जबलपुर पहुंचकर शाहीनाका में एक किराए के मकान में रहने लगा। इसके बाद गौरीघाट के बागड़ा दफाई में जमीन ली और मकान बनवा लिया और मजदूरी कर अपना जीवन यापन करने लगा। बंगाली डॉक्टरों से इलाज सीखने के बाद उसने गांव-गांव जाकर झोलाछाप डॉक्टर बन लोगों का इलाज भी किया।

## झोलाछाप डॉक्टर बन किया इलाज

आरोपी से पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि झोलाछाप डॉक्टर बन गांव-गांव जाकर लोगों का इलाज किया और बाद में मजदूरी करने लगा। रपन विश्वास मूलतः बंग्लादेश के जिला जसौर का निवासी है उसका परिवार भी वहीं रहता है। वर्ष 2009 में वह कोलकाता में अपनी बुआ के घर आया था। जहां कुछ दिन रहने के बाद मोबाइल रिपेयरिंग का काम सीखा और अपने एक रिश्तेदार के साथ पन्ना चला गया। पन्ना जिले में उसने बंगाली डॉक्टर के साथ रहकर इलाज करना सीखा और फिर गांव -गांव जाकर लोगों का झोलाछाप डॉक्टर बनकर इलाज भी करने लगा। इसके बाद सिवनी जिले के शिकारा में रहने लगा। दो साल तक रहकर उसने मजदूरी की। वर्ष 2012 में जबलपुर आया और गौरीघाट थाना क्षेत्र के पोलीपाथर इलाके में एक किराए के मकान में रहने लगा, इसके बाद उसने बागड़ा दफाई में एक जमीन खरीदी और मकान बना लिया। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी रपन दास विश्वास को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## पासपोर्ट सत्यापन के दौरान खुलासा

पुलिस पूछताछ में पता चला है कि कुछ समय पूर्व रपन ने भारतीय पासपोर्ट बनवाने के लिए आवेदन किया था। पुलिस वैरिफिकेशन के लिए मामला जब गौरीघाट पुलिस के पास पहुंचा तो पुलिस भौतिक सत्यापन के लिए उसके घर पहुंची, जहां उन्हें उसके पिता और चचेरे भाई मिले। शंका होने पर पुलिस ने जांच की तो दस्तावेजों का फर्जी होने का मामला सामने आया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240